माघ शुक्ल पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -27, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर 16

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन 15

## स्वामी प्रसाद का सपा व एमएलसी पद से इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव व विधान परिषद सभापति को भेजा त्यागपत्र



**अमृत विचार :** सपा से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में मौर्य ने कहा कि वह 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहे हैं।

विधान परिषद सभापित को भेजे गए पत्र में लिखा कि वे सपा से परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे, उन्होंने सपा से त्याग पत्र दे दिया है, इसलिए नैतिकता के आधार पर परिषद की सदस्यता से भी त्याग पत्र दे रहे हैं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत में मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख खुद को सेकुलर कहते हैं, पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। मौर्य ने कहा कि अखिलेश ऐसे सेकुलर हैं जो पार्टी कार्यालय में पूजा करवाते हैं, पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कभी संविधान की भावना के विपरीत व्यवहार नहीं किया।

### इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में प्रदेश में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने खूब सराहा

# उत्तर प्रदेश में सुरक्षित ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जीबीसी के दूसरे दिन उद्योग समूहों के दिग्गजों को मंच मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जमकर तारीफ की। कहा कि प्रदेश में विदेशी उद्यमियों के साथ परिवार की तरह व्यवहार होता है। सुरक्षित निवेश ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गांरटी रहती है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को ''यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य'' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विदेशी निवेश की उम्मीद



लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं।

### भारत और यूपी से रिश्ता परिवार जैसा



शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि कोई भी वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हों कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी से हमारा रिश्ता परिवार जैसा है।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का मिला व्यापक समर्थन



एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें यूपी में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मैं आने वाले वर्षों में निवेश के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं।

### मोटोजीपी की मेजबानी देना एक बड़ा अवसर



डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। बताया कि मोटोजीपी ने 12 हजार रोजगार पैदा किए हैं।

### छह माह में मंजूरी देने वाला पहला राज्य



ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने कहा कि अन्य राज्यों में जहां प्रथम अनुमोदन चरण में दो से ढाई साल लगते हैं वहीं छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।




# भाजपा को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को घोषित किया महापौर

## चंडीगढ़ मेयर मामला : अदालत ने चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चंडीगढ़ महापौर के पद पर चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित करते हुए रद कर दिया और आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महापौर के पद पर अपेक्षाकृत कम पाषर्द संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को 30 जनवरी के चुनाव में गैरकानूनी तरीके से विजयी घोषित करने संबंधी पीठसीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलट दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया। शीर्ष अदालत ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने याचिकाकर्ता 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मतों को जानबूझकर विकृत कर दिया था। पीठ ने वोटों की गिनती से संबंधित वीडियो देखने और विकृत मतपत्रों की जांच करने के बाद पीठासीन अधिकारी मसीह को अदालत की अवमानना के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने (मसीह) जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से महापौर चुनाव को बदल दिया।



- पार्षदों की संख्या कम होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को कर दिया था विजयी घोषित

### कोर्ट ने कहा-चुनाव अधिकारी पर चले मुकदमा



चुनाव अधिकारी द्वारा 30 जनवरी को महापौर के पद के लिए विजयी घोषित किए गए मनोज सोनकर ने सोमवार को शीर्ष कोर्ट में सुनवाई से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई मतों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में कहा था कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

### विपक्ष ने कहा- न्यायालय के फैसले ने भाजपा के जबड़े से लोकतंत्र बचाया

**नई दिल्ली।** विपक्ष के कुछ प्रमुख दलों ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम को उच्चतम न्यायालय द्वारा पलटे जाने का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने लोकतंत्र को निरंकुश भारतीय जनता पाटी के जबड़े से बचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह तो सिर्फ एक मोहरा थे। खरगे ने 'एक्स' पर कि उच्चतम न्यायालय ने लोकतंत्र को निरंकुश भाजपा के जबड़े से बचाया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में जो कुछ हुआ है उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए बहुत बड़ी जीत है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अंतत: सत्य की जीत हुई।

## एक नजर

### लर्नर व ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता 29 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सड़क मंत्रालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने अपने 'सारथी' पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों के चलते ऐसा किया।

### पूर्व डीआईपीपी सचिव के परिसर पर सीबीआई छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई पूर्व डीआईपीपी सचिव रमेश अभिषेक से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके परिसर पर तलाशी अभियान चला रहा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1982 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी अभिषेक 2019 में सेवानिवृत हुए और इसके बाद एक निजी कंपनी में शामिल हो गए।

# पर्यटन में स्विट्ज़रलैंड को भी टक्कर देंगी कश्मीर की वादियां

जम्मू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है और उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्ज़रलैंड को टक्कर दे सके। यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की।

उन्होंने क्षेत्र में जी20 के आयोजन के बाद खाड़ी के देशों में जम्मू-कश्मीर में निवेश को लेकर आई सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा और संस्कृति से बहुत प्रभावित हुई है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को 'परिवारवाद' की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया।



- मोदी बोले-अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण
- जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की

### रेल प्रोजेक्ट के लिए अब्दुल्ला ने दी बधाई

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करने पर प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा कि यह रेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा कदम है और हम इस पहल का स्वागत करते हैं। हम उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देते हैं।

### कश्मीर की सुंदरता-संस्कृति से पूरी दुनिया प्रभावित

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के युवाओं की नई भावना की सराहना की और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलावों को रेखांकित किया तथा खाड़ी देशों से निवेश के संबंध में अपनी उम्मीदें भी साझा की। कहा कि आज जब दुनिया जम्मू-कश्मीर में जी20 का आयोजन होते देखती है तो इसकी गूंज बहुत दूर तक पहुंचती है। पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा, संस्कृति और स्वागत से बहुत प्रभावित हुई है। आज हर कोई जम्मू-कश्मीर आने को तत्पर है।

# सपा-कांग्रेस में गठबंधन की उम्मीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव न तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ उनकी यात्रा में शामिल हुए और न ही सीटों के बंटवारे पर कोई समझौता हुआ बावजूद इसके दोनों दलों के नेताओं को अब भी उप्र. में गठबंधन की उम्मीद है। मंगलवार को मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि लगातार वरिष्ठ नेता से बातचीत चल रही है। गठबंधन होगा तो आपको बताया जाएगा।

उधर, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि गठबंधन निर्णायक स्थिति में है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को उप्र. से लोकसभा की पहले 11 और फिर 17 सीटों का प्रस्ताव दिया जबकि कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। सीट समझौते को लेकर कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच सोमवार को देर रात तक बातचीत हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। दरअसल, दोनों दलों के बीच कुछ सीटों को लेकर पेच फंसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिलेश यादव से 17 सीटों के अलावा बहराइच, देवरिया, अमरोहा सीट भी मांगी थी। सपा ने देवरिया और अमरोहा सीट देने की हामी भरी, लेकिन बहराइच नहीं दिया. इसके बाद अखिलेश यादव ने राहुल गांधी की यात्रा में जाने से मना कर दिया।

### हमीरपुर से अजेंद्र व बदायूं से शिवपाल चुनाव लड़ेंगे

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने पांच प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की है। बदायूं से शिवपाल सिंह यादव, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत, वाराणसी से सुरेन्द्र सिंह पटेल, कैराना से इकरा हसन व बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन उम्मीदवार होंगे।

### राजा भैया से मिले नरेश उत्तम

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मंगलवार को जनसत्ता दल के नेता और कुंडा (प्रतापगढ़) से विधायक राजा भैया से मुलाकात की। उन्होंने राजा भैया की फोन पर अखिलेश यादव से बात कराई है। सूत्रों के मुताबिक जनसत्ता दल और सपा के बीच राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के लिए वोट करने और चुनावी गठबंधन को लेकर बात हुई है।

## अभिनेता ऋतुराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन



**मुंबई।** पहली बार 1993 में टीवी शो 'बनेगी अपनी बात' से प्रसिद्ध हुए और अगले तीन दशकों में कई टीवी सीरीयल, फिल्मों और ओटीटी शो में नजर आए प्रसिद्ध अभिनेता ऋतुराज सिंह का मंगलवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 59 साल के थे। पेट की किसी समस्या के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ ही दिन पहले उन्हें छुट्टी दी गई थी। उनके करीबी दोस्त अमित बहल ने बताया कि देर रात 12:30 बजे के आसपास दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

# कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में होगी जाति जनगणना

### राहुल गांधी बोले

- सिपाही भर्ती पर्चा लीक प्रकरण में दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई
- किसानों के लिए कानूनी तौर पर लागू होगा न्यूनतम समर्थन मूल्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में जाति जनगणना कराई जाएगी। किसानों के लिए कानूनी तौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राहुल गांधी मंगलवार को राजधानी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान चौक के घंटाघर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



लखनऊ : भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। पर यह देश नफरत से नहीं, मोहब्बत से चलेगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा कि इसके जरिये कांग्रेस लोगों को सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाना चाह रही है। देश के 50 प्रतिशत पिछड़े, 20 प्रतिशत दलित, अल्पसंख्यक व आदिवासियों के लिए मोदी के हिंदुस्तान में कोई जगह नहीं है। पर कांग्रेस देश के युवाओं, वंचितों, किसानों और जन-जन के अधिकारों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों ने युवाओं के रोजगार छीन लिए हैं। हिंदुस्तान की 200 बड़ी कंपनियों के मालिकों और मैनेजमेंट में एक भी ओबीसी, दलित व आदिवासी वर्ग के लोग नहीं हैं।

जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी संचार विभाग जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, आराधना मिश्रा मोना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, राजेश तिवारी, अजय कुमार 'लल्लू', राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत आदि नेता शामिल हुए।

### सुविधा — निर्यात होगा आसान, सेल प्वाइंट सीधे एफपीओ से उत्पाद खरीदकर करेगा बिक्री

# दुबई में खुला सेल प्वाइंट, खरीदेगा यूपी के उत्पाद

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) फल, सब्जी, गल्ला व इनसे बनने वाले खाद्य पदार्थों का निर्यात आसान होगा।

लखनऊ में मैंगो पैक हाउस संचालन व निर्यात करने वाली फर्म डॉ. नेचर ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के समन्वयक से दुबई के फूड एंड वेजीटेबल अल अवीर बाजार में सेल प्वाइंट खोला है। इस सेल प्वाइंट में कंपनी प्रदेश के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से सीधे उत्पाद खरीदेगी और दुबई, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब आदि में आयात करेगी। यह कार्य अभी तक इन देशों द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है और निर्यात की मंजूरी व भुगतान आदि में समय लगता है। लेकिन, इस सेल प्वाइंट से किसी तरह का झंझट नहीं रहेगा। खासबात यह है कि किसानों की बिक्री के रुपये सुरक्षित रहेंगे और कंपनी सीधे उनके खातों में समय पर भुगतान करेगी।



दुबई में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो में एपिडा व डॉ. नेचर के अधिकारी।

- भुगतान रहेगा सुरक्षित, सीधे किसानों को मिलेंगे रुपये, मार्च से बिक्री की तैयारी

> यूएई में निर्यात करने में समस्या आती है। स्वीकृति से लेकर तमाम पेंच फंसते हैं। इससे किसानों का समय बर्बाद होता है। इसलिए सेल प्वाइंट खोला है। जहां खुद अपने उत्पाद एफपीओ से लेकर देशों में आयात करेंगे।
> – अकरम बेग, प्रमोटर, डॉ. नेचर

### 24 को एफपीओ जाएंगे दुबई, मार्च से निर्यात

दुबई में गल्फ फूड एक्सपो चल रहा है। वहां एपिडा के चेयरमैन अभिषेक, सचिव डॉ. सुधांशू, डॉ. तरुन बजाज व डॉ. नेचर के प्रमोटर अकरम बेग टीम के साथ गए हैं। इस बीच वहां सेल प्वाइंट की तैयारी की जा रही है। निर्यात की शुरुआत लखनऊ और वाराणसी से की जाएगी। दोनों जिलों के 50 एफपीओ से एक-एक सदस्य 22 को दुबई सेल प्वाइंट का भ्रमण करने जाएंगे। चार्टर्ड प्लेन से भेजने के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया है।

# रामलला के दर्शन कर भावुक हूं : धामी

अयोध्या कार्यालय

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के साथ किया रामलला का दर्शन-पूजन
- बोले, राम मंदिर का निर्माण सनातनियों की जीत, नए युग व रामराज्य की शुरुआत

**अमृत विचार :** आज रामलला के दर्शन कर मन बहुत भावुक है। रोम-रोम भक्तिमय हो गया। पहले जब आया था तब रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी था। 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रामभक्तों व सनातन धर्म को मानने वालों की जीत के साथ-साथ नए युग और रामराज्य की शुरुआत है। हर रामभक्त यहां आकर रामलला का दर्शन-पूजन करना चाहता है। मैं भी रामभक्त होने के नाते यहां आया हूं और रामलला का दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्शाली मानता हूं। यह बातें मंगलवार को रामनगरी पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहीं। वे अपनी कैबिनेट के साथ यहां रामलला का अशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रामलला को ब्रह्मकमल व भोज पत्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक लंबी प्रतीक्षा और लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसके लिए बहुत बलिदान देने पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम यत्र, तत्र, सर्वत्र हैं। उनकी कृपा सभी पर है। प्रभु श्रीराम कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहे और न ही हमने कभी श्रीराम के नाम पर राजनीति करने का प्रयास किया।



रामलला का दर्शन करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी।

## एक नजर

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर इप्सेफ का सत्याग्रह आंदोलन 6 मार्च से

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) 6 मार्च से सत्याग्रह आंदोलन करेगा। यह निर्णय मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। वीपी मिश्रा ने बताया कि सत्याग्रह के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, 8वें वेतन आयोग का गठन, पिछले वेतन आयोग का दो वर्ष पहले गठन हुआ था, आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मचारी की सेवा सुरक्षा के लिए नीति बनाकर उन्हें नियमित करने की कार्रवाई की जाए और उन्हें न्यूनतम वेतन दिए जाने को शामिल किया जाए। बैठक में महासचिव प्रेमचंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला ,ओपी शर्मा, ईश्वर सिंह और आरके भदोरिया उपस्थित रहे।

### डॉ.चंद्रेश्वर सर्व भाषा सम्मान से सम्मानित



**अमृत विचार, लखनऊ :** 'सर्व भाषा ट्रस्ट' व चौधरी कन्हैया प्रसाद सिंह स्मृति संस्थान', आरा की ओर से हिन्दी -भोजपुरी के वरिष्ठ कवि -गद्यकार डॉ.चंद्रेश्वर को 'सर्व भाषा सम्मान -2024' से सम्मानित किया गया। डॉ.चंद्रेश्वर को भोजपुरी में कथेतर साहित्य में उत्कृष्ट लेखन के लिए यह सम्मान दिया गया। पिछले दो-तीन साल के भीतर डॉ.चंद्रेश्वर की दो गद्य कृतियां 'हमार गांव' और आपन आरा' बहुत चर्चा में रही हैं। डॉ.चंद्रेश्वर ने महारानी लाल कुँवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलरामपुर में हिन्दी विभाग में जुलाई 1996 से जून 2022 तक शिक्षण कार्य किया है और अब हिन्दी विभागाध्यक्ष/प्रोफ़ेसर के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद लखनऊ में रहकर साहित्य सृजन कर रहे हैं।

# बरेली में 1002 करोड़ का डेयरी उद्योग में निवेश

## जीबीसी में पशुधन की 532 परियोजनाएं शुरू, मंत्री बोले- परियोजनाओं से 1,23,167 लोगों को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राजधानी में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत पशुधन विभाग में 2131.65 करोड़ रुपये की 532 निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इसमें डेयरी क्षेत्र में 10021.66 करोड़ लागत की 253 परियोजनाएं शुरू हुई हैं। डेयरी क्षेत्र में सर्वाधिक 1002 करोड़ रुपये का निवेश बरेली में हुआ है। जबकि अयोध्या मण्डल में सर्वाधिक 111 परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। मंत्री ने दावा किया कि इन परियोजनाओं से एक लाख 23 हजार 167 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अंतर्गत पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के निवेश परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री धर्मपाल ने बताया कि सेरेमनी में 1250 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के अधारशिला का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 180 प्रतिशत अधिक सफलता प्राप्त हुई है। क्षेत्रवार इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत जेबीसी में पूर्वाचल में 229, मध्यांचल में 145, पश्चिमांचल में 114 तथा बुंदेलखंड में 44 निवेशकों द्वारा विशेष रुचि दिखाई गई है। बागपत में 800 करोड़ का निवेश उल्लेखनीय उपलब्धि है। इनके अलावा बाराबंकी में 600 करोड़ रुपये, हापुड़ में 502 करोड़ रुपये, मेरठ में 450 करोड़ रुपये, बुलंदशहर में 422.70 करोड़, कानपुर देहात में 410 करोड़ तथा शाहजहांपुर में 300 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा।

इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे, विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव अमर नाथ उपाध्याय सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**फन यू टॉयज 20 हजार युवाओं को देगी रोजगार :** बड़े प्रोजेक्ट्स के माध्यम से मिलने वाले रोजगार की बात करें तो इसमें कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं। जैसे टोरेंट पावर लिमिटेड सोनभद्र में 22800 करोड़ का निवेश करेगी। इससे प्रदेश के 4800 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी तरह एम3एम इंडिया प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 7500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 14 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 4 हजार करोड़ का निवेश करेगी। इससे पांच हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा फन यू टॉयज गौतमबुद्धनगर में 1052 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे बीस हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मंत्री नंद गोपाल नंदी व अन्य। अमृत विचार

### 10 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं लेंगी आकार

योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 में जिन 14 हजार परियोजनाओं की शुरुआत की है। इनमें सबसे अधिक 52 प्रतिशत परियोजनाएं पश्चिमांचल, 29 प्रतिशत पूर्वांचल, 14 प्रतिशत मध्यांचल और 5 प्रतिशत बुंदेलखंड में धरातल पर उतरेंगी। जाहिर है इन क्षेत्रों में होने जा रहे इन निवेश के जरिए बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने जा रहा है। जो निवेश हो रहा है उसमें 10 हजार करोड़ से अधिक की 23 प्रतिशत परियोजनाएं हैं। वहीं 5 हजार से 10 हजार करोड़ की 12 प्रतिशत, एक हजार करोड़ से 5 हजार करोड़ की 20 प्रतिशत, 500 करोड़ से एक हजार करोड़ की 10 प्रतिशत, 100 करोड़ से 500 करोड़ की 20 प्रतिशत, 20 करोड़ से 100 करोड़ की 10 प्रतिशत और 20 करोड़ से कम की 5 प्रतिशत परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, 13 प्रतिशत रिन्यूवल एनर्जी सेक्टर, आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर की 9 प्रतिशत, पॉवर सेक्टर की 8 प्रतिशत, फूड प्रोसेसिंग और रियल स्टेट सेक्टर की 6 प्रतिशत, एमएसएमई सेक्टर की 5 प्रतिशत और हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेंमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट और एजुकेशन सेक्टर की 3-3 प्रतिशत की भागीदारी है। इसके अलावा हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरी, डेयरी, कॉपरेटिव, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फार्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्बैंडी सेक्टर का भी अहम रोल है। इन सभी सेक्टर्स में लोगों की डिमांड बढ़ेगी, जबकि यूपी के वो युवा जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं, उनके लिए भी वापसी संभव हो सकेगी।

### ये कंपनियां भी देंगी बड़े पैमाने पर रोजगार

- एडवर्ब टेक्नॉलीज- गौतमबुद्ध नगर में 500 करोड़ निवेश, रोजगार 2000
- ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र में 17181 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे 300 युवाओं को रोजगार मिलेगा।
- आईकेईए ग्रुप- गौतमबुद्ध नगर में 4300 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
- लोढ़ा ग्रुप- अयोध्या में 3000 करोड़ का निवेश, रोजगार 100
- शराफ ग्रुप- मुरादाबाद में 1250 करोड़ का निवेश, रोजगार 1250
- अशोक लीलैंड- लखनऊ में 1000 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
- जेएसडब्ल्यू एनर्जी- सोनभद्र में 8000 करोड़ का निवेश, रोजगार 840
- टाटा टेक्नॉलाजी- लखनऊ में 4200 करोड़ का निवेश, रोजगार 450
- वरुण वेबरेज- प्रयागराज, अमेठी, गोरखपुर और चित्रकूट में 3500 करोड़ का निवेश, 1500 रोजगार
- सेंचुरी ग्रुप- मुरादाबाद में 4000 करोड़ का निवेश, रोजगार 800
- डालमिया सीमेंट-मिर्जापुर में 3000 करोड़ का निवेश, रोजगार 2500

# राजधानी को बनाएंगे एआई सिटी का प्रमुख केंद्र : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी को एआई सिटी का प्रमुख केंद्र बनाने पर सरकार काम कर रही है। यह केंद्र एयरपोर्ट के पास खुलेगा। इसमें आईआईएम लखनऊ के युवा भागीदार बनेंगे। जबकि गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में भी एआई केंद्र खुलेगा। इसके जरिये प्रदेश के लाखों नौजवानों को उनके घर और जनपद में नौकरी मिलेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आईजीपी में आयोजित डेस्टिनेशन यूपी-इमर्जिंग हब फॉर एआई इन इंडिया कॉन्क्लेव में कहीं।

जीबीसी-4 में भारी संख्या में आए आईआईएम के छात्र-छात्राओं से मुख्यमंत्री ने लखनऊ में एयरपोर्ट के पास एआई सिटी और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा को एआई केंद्र स्थापित करने और गौतमबुद्धनगर में भी केंद्र स्थापित करने की दिशा में भरपूर सहयोग देने की अपेक्षा की। कहा कि प्रदेश डाटा सेंटर का हब बनने जा रहा है। यहां पर तीन डाटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं जबकि आठ नए डाटा सेंटर बन रहे हैं। जीबीसी 4.0 में 10 लाख 24 हजार करोड़ की परियोजनाओं से 35 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिलेगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कॉन्क्लेव में आईलेट्स की मदद से डेस्टिनेशन यूपी अपॉर्च्युनिटीज एआई बुक की लॉन्चिंग की। इस दौरान योगी की मौजूदगी में तीन एमओयू का आदान प्रदान किया गया। इसमें माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के अभिषेक बोस, एचसीएल साफ्टवेयर के ध्रुव कोहली ने एआई सेंटर स्थापित करने और वाधवानी एआई के शेखर ने सरकार से एमओयू का आदान प्रदान किया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र कुमार उपाध्याय, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, डेनियल नाइफ हेड ऑफ इनोवेशन एंड इंटरप्रोन्योरशिप ईटीएच एआई जुरीक आदि मौजूद रहे।

### पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का सबसे सुंदर मॉडल यूपी में

योगी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करके कितना बड़ा कार्य हो सकता है, इसे प्रदेशवासियों ने पिछले 7 वर्षों में देखा है। इसके जरिये सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश में 2016-17 तक लोग भूख से मर रहे थे। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का सबसे सुंदर मॉडल खड़ा हो चुका है। ई पॉस मशीन के जरिये एक जगह एक स्क्रीन से हर लाभार्थी को उसके अनुसार खाद्यान्न मिलने की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

### प्रदेश में प्रत्येक निवेश पूरी तरह से सुरक्षित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले प्रदेश में कोई निवेश नहीं करता था जबकि आज उत्तर प्रदेश देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के केंद्र के रूप में उभरा है। सीएम योगी ने विभिन्न इंडस्ट्री से आए मेहमानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश में एक-एक निवेश पूरी तरह से सुरक्षित होगा। सरकार हर तरह की अपनी प्रतिबद्धताओं को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाएगी।

# शासन व विभागों के मकड़जाल में अब नहीं उलझती हैं फाइलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे पास प्रकृति भी है, परमात्मा भी है और प्रतिभा से भरपूर युवा भी हैं। इस त्रिवेणी के माध्यम से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व नेतृत्व में हम उप्र. को आगे बढ़ा रहे हैं। सात सालों में उप्र. की अर्थव्यस्था व प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। योगी के मुताबिक, उप्र. ने नया प्रयास प्रारंभ किया है। पहले यहां शासन व विभागों के मकड़जाल में फाइल उलझ जाती थी। आज सिंगल विंडो पोर्टल 'निवेश मित्र' आपकी सेवा के लिए समर्पित है।

उक्त बातें योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मुख्य हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव 'यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया' को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', अनिल राजभर, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर आदि मौजूद रहे।

**उत्तर प्रदेश में आया सर्वाधिक एफडीआई :** मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि, वर्ष 2000 से लेकर 2017 (17 वर्ष) तक जितना एफडीआई आया था, 2019 से 2023 के बीच में उसका चार गुना एफडीआई उप्र. में आया है। जब सुरक्षा का माहौल, सरकार की स्पष्ट नीति व नीयत साफ होती है तो निवेशक सुरक्षित वातावरण में निवेश का इच्छुक होता है। योगी ने बताया कि सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, एलजी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा, हिंदुस्तान यूनीलीवर, आइकिया समेत 14 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियां उप्र. में सफलतापूर्वक बिजनेस बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।

### निवेशक तभी आता है, जब उसे भविष्य पर हो विश्वास

**लखनऊ :** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात-आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश का चित्र बदला, यहां की दिशा और दशा भी बदली। आज सामाजिक न्याय दिवस है। यह तब तक अधूरी है, जब तक समाज के हर वर्ग व व्यक्ति तक विकास न पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने इन सात-आठ वर्षों में उप्र. का कायाकल्प किया है, लेकिन यह एक वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। यह उप्र. के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व उत्तर प्रदेश और लखनऊ के बारे में बातचीत कर रहा है। उप्र. अब रुकने और थमने वाला नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मेन हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव ''यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया'' को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी निवेशक जब निवेश करने का निर्णय लेता है तो उसके सामने सबसे बड़ी शर्त होती है विश्वास। निवेशक तभी आता है जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था और भविष्य पर विश्वास हो। जब यह तीनों विश्वास निवेशक को मिलते हैं तो वह प्रदेश में आने को तैयार होता है।

**देश के विकास में सबसे आगे होगा प्रदेश :** केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत अगले 30 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होता रहेगा। भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 30 ट्रिलियन डॉलर और जुड़ने की उम्मीद है। इस वृद्धि में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहेगा। उत्तर प्रदेश आज सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे और स्मार्ट औद्योगिक नीतियों में से एक प्रदान करता है।

# सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी सबसे बेहतर : अनिल राजभर

## जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव का हुआ आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव में कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करने की अपील की गई। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है।

अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद, मुख्यमंत्री के संकल्प और अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से प्रदेश के विकास की नई गाथा लिख दी गई है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि हम इस तरह के इवेंट करेंगे। लोग कहते थे कि निवेश का प्रस्ताव मिलना और उसका धरातल पर उतारना दोनों अलग-अलग बात है। मगर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर गया है। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है।




इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते मंत्री असीम अरुण, मंत्री अनिल राजभर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य। अमृत विचार

- मंत्रियों व अधिकारियों ने की सीएसआर फंड के रचनात्मक उपयोग की अपील

यूपी में 8.39 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं। सीएसआर फंड को खर्च करने के लिए बहुत बड़ी संभावना यूपी में है।

**सीसीआर पोर्टल की शुरूआत, सीसीआर प्रमुखों का सम्मान :** इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर और राज्यमंत्री असीम अरुण ने सीएसआर पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा सीएसआर के मैनुअल 'समुदाय' का विमोचन किया गया। वहीं प्रदेश में सीएसआर फंड से बड़े स्तर पर सामाजिक कार्य कर रही कंपनियों वेदांता समूह, एचसीएल, एनसीएल, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन, आईटीसी लिमिटेड और एनटीपीसी के सीएसआर प्रमुखों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही प्रदेश ने सीसीआर को लेकर भौमिक से एमओयू भी किया।

### सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह : अरुण

समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह है, जो ये सुनिश्चित करता है कि कोई डिब्बा पीछे ना छूट जाए। समाज का कोई तबका विकास से वंचित न रहे, यही सीएसआर के मूल में है। वस्तुतः ये समाज के लिए अच्छी दिशा दिखाने वाला प्रयास है। असीम अरुण ने विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड से किये गये कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें अन्य कंपनियों के लिए मॉडल बताया।

### प्रदेश में होगा सीएसआर समिट का आयोजन : दुर्गा शंकर

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि देश में ही नहीं विश्व कोई ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा, जहां एक साथ 14 हजार 619 उद्योग एक दिन में धरातल पर उतरे हों। प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मुख्यमंत्री की मेहनत से आश्चर्यचकित करने वाला परिणाम हासिल हुआ है। कहा कि सीएसआर के मूल में हमारी सनातन संस्कृति के विचार हैं, जो सामूहिकता पर बल देते हैं। कोरोना काल में हमने देश की सामूहिक शक्ति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखा है। उन्होंने बताया कि 2015 से 2023 के बीच में प्रदेश में दो लाख करोड़ का सीएसआर फंड प्राप्त हुआ है। कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का रचनात्मक कार्यों में उपयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी बताया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश सीएसआर समिट का आयोजन करेगी, जिसमें कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों की भागीदारी होगी। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि सीएसआर कंपनियों की ओर से दान नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है।

**बैठक** पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चो के अध्यक्षों और क्षेत्रीय अध्यक्षों की हुई बैठक

# अगले सौ दिनों में पूरा होगा मोदी की तीसरी ताजपोशी का संकल्प : पांडा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि अगले 100 दिन फिर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प पूरा करना है। इसके लिए हर बूथ पर जीत के लक्ष्य के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा आज पूरा देश मोदी मय है। जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है।

वे मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चो के अध्यक्षों और क्षेत्रीय अध्यक्षों की मिशन : 80 को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और कानून का राज स्थापित हुआ है। लोक कल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा चारों ओर हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में हमारे पास युगदृष्टा नेता है, जो काल के कपाल पर स्वर्णिम इतिहास का सृजन कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश की 500 वर्षों की लम्बी प्रतिक्षा समाप्त हुई और आज भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित करते हुए भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ है। पार्टी की विचारधारा राष्ट्रवाद के पथ पर आगे बढ़ते हुए भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान के साथ राष्ट्र के विकास की है, जिसके लिए हम संकल्पित है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि आगामी समय बिना थके और बिना रूके परिश्रम को परिणाम में परिणित करने की योजना पर काम करने का है। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि दीवार लेखन, नमो एप, नारी शक्ति वंदन, गांवों व शहरी क्षेत्रों में बूथों पर 24 घंटे का प्रवास, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा गांव-गांव में आमजन से जुड़ रही है। बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक भी सम्मिलित हुए। संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने किया।




मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर बैठक के दौरान उपस्थित उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह।

### विपक्ष के पास नीति है न ही साफ नीयत : भूपेंद्र

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि देश तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले चुका है। जनमानस के संकल्प के साथ हमें भी अपने परिश्रम के संकल्प को और मजबूत करना है। कहा कि विपक्ष के पास न नीति है और न ही उसकी नीयत साफ है। लगातार जनमानस विपक्ष को नकार रहा है। फिर भी विपक्ष अफवाहों व झूठ का सहारा लेकर भ्रम फैलाने व षड़यंत्र रचने का काम करेगा, इसका पुरजोर जवाब भी देना है। बूथ की मजबूत संरचना भाजपा की विशेष राजनैतिक शैली बन चुकी है।

# रसिका के गीतों पर थिरक उठी राजधानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** तीन ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिक्की केज की भक्तिमय बैंड प्रस्तुति और रसिका शेखर के बांसुरी वादन का दर्शकों ने जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन आनंद उठाया। मुंबई से आए रिक्की केज व उनकी टीम ने गीतों के जरिए गंगा व शिव की आराधना की तो रसिका शेखर के गीतों व बांसुरी की धुन पर लखनऊ थिरक उठा। वहीं शहर में बनाए गए अनेक मंचों पर मयूर, फरुवाही, अवधी, राई, बमरसिया आदि लोकनृत्य का भी लोगों ने दीदार किया।

**बैंड की प्रस्तुति पर झूम उठे दर्शक :** रिक्की केज व उनकी टीम ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मेन हैंगर में उप्र संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। देवी सुरेश्वरि भगवती गंगे भजन पर सबसे पहले गंगा नदी की महिमा का वर्णन किया गया। इसके बाद पधारो म्हारे देश सुनाया। बम लहरी- ऊं नमः शिवाय से शिव जी के चरणों में श्रद्धा निवेदित की गई। सुधीर यदुवंशी ने इसे स्वरों से सजाया तो कीबोर्ड पर रिक्की केज, गिटार पर सिद्धार्थ, बांसुरी पर वारिजा श्री व ड्रम पर प्रमथ किरण ने संगत किया।

बॉलीवुड गायिका रसिका शेखर ने कौन कहते हैं भगवान आते नहीं-तुम मेरे के जैसे बुलाते नहीं, होठों से छू लो तुम आदि गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। रसिका ने बांसुरी वादन कर भी अवध के लोगों के दिलों में जगह बना ली। ध्वनि एमटी आदित्य व लाइट्स दीपक गौतम का रहा।

### लोकनृत्य का लोगों ने उठाया लुत्फ

मयूर, फरुवाही, अवधी, राई, बमरसिया समेत अनेक लोकनृत्यों पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी। मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के गेट नंबर दो पर पीलीभीत के बंटी राणा व उनकी टीम ने थारू लोकनृत्य कर हर किसी का ध्यान आकृष्ट किया। मथुरा के राजेश शर्मा व उनकी टीम के सदस्यों ने मयूर लोकनृत्य प्रस्तुत किया। आजमगढ़ के उमेश कन्नौजिया व उनकी टीम ने धोबिया लोकनृत्य से लोगों को परिचित कराया। अयोध्या के विजय यादव-शीतला प्रसाद वर्मा फरुवाही लोकनृत्य, प्रकृति यादव अवधी लोकनृत्य, राजेश गौड़ व आजमगढ़ के सतीश कुमार कहरवा लोकनृत्य पर प्रस्तुति दी। गाजीपुर के सल्टूराम धोबिया लोकनृत्य, प्रयागराज की प्रीति सिंह व कृति श्रीवास्तव टीम ढेढ़िया लोकनृत्य, झांसी के निशांत सिंह भदौरिया व इमरान खान राई, मथुरा के खजान सिंह व महिपाल सिंह टीम के साथ बमरसिया लोकनृत्य पर खूब वाहवाही लूटी। दिवारी-पाईडंडा लोकनृत्य पर महोबा के लखन लाल यादव-बांदा के अखिलेश यादव ने हर किसी को झूमने पर विवश कर दिया। सोनभद्र के कतवारू जनजाति लोकनृत्य व सोनभद्र की आशा कुमारी झूमर लोकनृत्य, संतोष सिंघा ने आदिवासी लोकनृत्य पर प्रस्तुति दी।

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर: 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


# अब बिना पूरा राशन दिए काम नहीं करेगी कोटेदार की ई-पास मशीन

**योजना**

- मार्च से इलेक्ट्रॉनिक कांटे से लिंक मशीन से मिलेगा अनाज
- 1389 कोटे की दुकानों पर पहुंच चुकी हैं वेइंग मशीनें

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्ड धारकों को मिलने वाले खाद्यान्न में घटतौली को रोकने के लिए शासन ने नई व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत अब कोटेदार के कांटे को ई-पास मशीन से लिंक कर दिया है। यह मशीनें भी जिला पूर्ति विभाग के माध्यम से सभी कोटे की दुकानों पर पहुंचा दी गई हैं। साथ ही इन मशीनों को इंस्ट्रॉल किया जा रहा है। अगले माह से अब इसी मशीन से कोटेदार अनाज का वितरण करेंगे। इससे जितने यूनिट का बॉयोमीट्रिक सत्यापन होगा, उतने ही राशन की तौल की जा सकेगी। बताया जा रहा है कि इस नई व्यवस्था से घटतौली पर पूरी तरह से लगाम लगेगी। अब ई-पॉस मशीनों को ई-कांटे से लिंक गया है। जिले के आपूर्ति विभाग को उपकरण मिल चुके हैं जिन्हें तहसीलवार कोटे की दुकानों पर भेजकर इंस्ट्रॉल किया जा रहा है। नगर क्षेत्र की 103 तो ग्रामीण क्षेत्र की 1288 कोटे की दुकानों से प्रतिमाह निर्धारित मात्रा पर पात्र गृहस्थी और अंत्योदय श्रेणी के कुल 6 लाख 39 हजार 127 कार्डधारकों को अनाज का वितरण किया जा रहा है। कार्डधारकों को पूरा अनाज मिल सके और कोटेदारों द्वारा घटतौली न किया जा सके, इसके लिए शासन द्वारा नई व्यवस्था के अनुसार पॉस मशीन से लिंक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों की खेप जिले में आने के बाद उन्हें सभी कोटे की दुकानों पर भेजा गया है। इस ई-कांटे से तौल किए गए खाद्यान्न की सूचना सीधे वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी। लाभार्थी खाद्यान्न की पावती भी मांग सकेंगे और उनके पंजीकृत मोबाइल पर भी मैसेज आएगा। ई-कांटे से लिंक ई-पास मशीनें फिंगरप्रिंट व आई स्कैनर से युक्त रहेंगी। कम मात्रा होने पर मशीन खाद्यान्न के तौल की स्वीकृति ही नहीं प्रदान करेंगी। इसमें कार्ड धारक का ई-पॉस मशीन अंगूठा लगाते ही इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन में चावल व गेहूं का वजन फीड हो जाएगा। नए सिस्टम में किस तरह अंगूठा लगवाना है और किस प्रकार अनाज तौलना है, इसके लिए सभी राशन विक्रेताओं को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा जिससे उन्हें कोई परेशानी न हो।


सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र में तौल मशीनों को इंस्टॉल करते बांट-माप अधिकारी।

**आंकड़ों पर नजर**

| | |
|---|---|
| पात्र गृहस्थी राशनकार्ड | 5,25,324 |
| पात्र गृहस्थी लाभार्थी | 22,68,964 |
| अंत्योदय राशन कार्ड | 1,13,803 |
| अंत्योदय लाभार्थी | 3,59,713 |
| कुल राशनकार्ड | 6,39,127 |
| कुल-लाभार्थी | 26,28,677 |
| कोटे की दुकानें | 1389 |

### मशीन में छेड़छाड़ की नहीं रहेगी गुंजाइश

"तौल मशीनों को इंस्टॉल के साथ कैलीब्रेशन किया जा रहा है। अब तक रामनगर में 140, सिरौलीगौसपुर में 136, हैदरगढ़ तहसील क्षेत्र में 270 मशीनों को तैयार कर दिया गया है। सिलिंग की कार्रवाई चल रही है। वहीं, नवाबगंज में सबसे अधिक 388 के अलावा रामसनेहीघाट और फतेहपुर में इन मशीनों को इंस्टॉल के साथ कैलीब्रेशन का काम इसी माह पूरा कर लिया जाएगा। सिलिंग के बाद मशीन में किसी प्रकार की छेड़छाड़ की गुंजाइश नहीं रहेगी।" -ध्रुव कुमार, विधिक बांटमाप अधिकारी

## घर में घुसकर की महिला से छेड़छाड़, केस दर्ज

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाने में कोर्ट के आदेश पर सोमवार को 7 लोगो के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़छाड़ व लूट सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। केस दर्ज कराने वाली महिला का आरोप है कि जब वह घर में अकेली थी तभी सातों लोगो ने आकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर सभी ने मारपीट करते हुए मंगलसूत्र लूट लिया। इलाके के सौरंगा गांव निवासी महिला ने बताया कि वह 4 अक्टूबर 2023 को जब घर पर थी तभी पड़ोसी इरशाद आया और हंसी-मजाक के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर अपने परिवार के मुन्ना,दोस्त मोहम्मद, कुर्बान, अनीस आदि के साथ मिलकर घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए मारापीटा और जाते वक्त मंगलसूत्र छीन ले गए। आरोप है कि चौकी से लेकर थाने तक चक्कर लगाए पर कार्रवाई नहीं हुई। अंत में कोर्ट की शरण ली, 4 माह 14 दिन बाद केस दर्ज हुआ।

**एक नजर**

### मजदूर की बेटी बनी लेखपाल हुआ स्वागत

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बे के भारागंज मोहल्ला निवास श्रमिक बिंद्रा प्रसाद की बेटी शांति गुप्ता का लेखपाल के पद पर चयन हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष रेहान कामिल ने बिंद्रा के घर पहुंचकर बेटी की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी। रेहान ने कहा कि मेहनत और लगन की बदौलत शांति ने लेखपाल बनकर सतरिख का नाम रोशन किया है। इस दौरान मोहम्मद रजी, शिवशंकर विश्वकर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### धरना-प्रदर्शन 7 मार्च को

**रामनगर,बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भदौरिया गुट के केंद्रीय कार्यालय शिव मंदिर गणेशपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर हाकिम सिंह भदौरिया ने जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह की मौजूदगी में नायब तहसीलदार शैलेश पांडेय को एक ज्ञापन दिया। कहा कि यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो 7 मार्च को जिला मुख्यालय पर गन्ना दफ्तर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद संगठन का विस्तार करते हुए सुदामा शंकर त्रिवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय मुख्य सचिव कृष्ण पाल शर्मा, रामू, प्रेम, विनय आदि रहे।

# परीक्षार्थियों ने सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन

## पुलिस भर्ती परीक्षा : सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी, सीओ ने रास्ते में ही रोक कर लिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की अफवाह पर मंगलवार को परीक्षार्थियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। 'परीक्षा निरस्त करो, धांधली बंद करो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी छात्रों को सीओ सिटी बीनू सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ पटेल तिराहे पर रोक लिया और उनका ज्ञापन लिया। आश्वस्त किया कि उनकी मांग सरकार तक पहुंचा दी जाएगी, तब वे शांत हुए।

शनिवार और रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न हो चुकी है। इसके साथ ही ये अफवाह फैलने लगी कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। अमरोहा में कोचिंग संचालक की गिरफ्तारी के बाद अब यह मामला तूल पकड़ने लगा है। जिले की विभिन्न कोचिंग में पढ़कर परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों ने मंगलवार को एकजुट होकर प्रदर्शन किया। तमाम कोचिंगों के स्टूडेंट्स एक राय होकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के लिए पैदल निकल पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को पटेल तिराहे के पास रोककर ज्ञापन प्राप्त किया। साथ ही उन्हें समझा-बुझाकर शांत किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो चुका है जो सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। छात्रों का तो यहां तक कहना है कि सरकार से इस मामले की जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। सीओ सिटी बीनू सिंह ने बताया कि छात्रों ने इस प्रकार के प्रदर्शन की कोई पूर्व सूचना नहीं दी थी। पुलिस कई छात्रों को कोतवाली भी लेकर गई है। प्रदर्शनकारी छात्रों का यह भी कहना था कि सरकार इस मामले को दबाना चाहती है जबकि उसे अच्छी तरह मालूम है कि पेपर लीक हो चुका है। ऐसे में जिन लोगों ने पढ़कर परीक्षा दी है, अगर यही रिजल्ट निकला तो उनके साथ अन्याय होगा। लिहाजा, इसकी उच्चस्तरीय जांच करा दाषी लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। परीक्षा निरस्त कर फिर से परीक्षा कराई जानी चाहिए। सरकार को इस मामले में त्वरित निर्णय लेना था लेकिन अभी तक वह स्पष्ट निर्णय नहीं ले सकी है जिससे उसकी नीयत साफ नहीं दिख रही है।




नारेबाजी कर प्रदर्शन करते छात्र और प्रदर्शनकारियों को रोकते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**सार-संक्षेप**

### युवा पीढ़ी में संस्कारों का अभाव, बढ़ रहे वृद्धाश्रम

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री हनुमंत वाटिका धाम गाजीपुर में चल रही श्री भक्तमाल की कथा के 5वें दिन मंगलवार को पंडित मिथिलेश नागर ने बताया कि वर्तमान में युवा पीढ़ी में संस्कारों के अभाव के कारण वृद्धा आश्रम की बाढ़ आ रही है। दैनिक जीवन की दिनचर्या में कुछ समय अपने परिवार एवं बच्चों को दे। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, लक्ष्मीबाई के प्रेरक संगीत सुनाएं, ताकि उनके मन में राष्ट्र, परिवार व समाज के प्रति क्या उत्तरदायित्व है, यह पता चले। उन्होंने भरत राम मिलाप चरित्र के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कथा में वृंदावन से आए संतों का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान व्यवस्थापक रमेश दास पुजारी, बाबा पहलाद दास, आचार्य शिवानंद, रिंकू दास आदि मौजूद रहे।


पंडित मिथिलेश नागर।

### मतदाताओं से भावनात्मक रूप से जुड़े नौनिहाल


मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गई प्रभात फेरी। अमृत विचार

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विधानसभा हैदरगढ़ में चलाए जा रहे नवाचार के अंतर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई। लोगों को जागरूक करते हुए निर्वाचन में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। नोडल प्रभारी राहुल कुमार शुक्ल ने बताया कि विद्यालयों में प्रभात फेरी निकालने के बाद अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं की कॉपियों पर प्रथम दिवस जो स्लोगन लिखकर भेजे थे, उन्हें छात्र-छात्राओं ने अपने घर-परिवार के सदस्यों को पढ़कर सुनाया। स्लोगन राइटिंग में सिद्धौर में छात्र-छात्राओं ने 9,515 मतदाताओं को जागरूक किया। त्रिवेदीगंज में 10,327 तो हैदरगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में 13,632 मतदाताओं को छात्र-छात्राओं ने अपनी कॉपियों पर लिखे स्लोगन पढ़कर सुनाए। इस प्रकार विधानसभा क्षेत्र में पहले दिन 33474 मतदाताओं को छात्र-छात्राओं ने स्लोगन पढ़कर सुनाए और निर्वाचन में उनकी सहभागिता के लिए भावनात्मक रूप से अपील करते हुए शत-प्रतिशत नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम 9 दिन तक जारी रहेगा।

### भजन संध्या के साथ हुआ सुंदरकांड पाठ

**मसौली,बाराबंकी, अमृत विचार :** बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर, मसौली में सुंदरकांड व भजन संध्या का आयोजन किया गया। बाबा रामलाल दास ने गणेश वंदना के साथ भजन संध्या की शुरुआत की। सुंदरकांड के बाद उपस्थित भक्तों ने सुंदर-सुंदर भजन गाए। इन भजनों पर मौजूद श्रोता झूमते रहे। इसके बाद आरती की और और फिर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राजीव सोनी , बबली,चंद्रपाल यादव,शिवा नाग आदि भक्त मौजूद रहे।


हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते लोग।

### साइबर फ्रॉड कर निकाली गई धनराशि कराई वापस

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह सिरोही की टीम ने जनवरी 2024 में धोखाधड़ी कर 7 लोगों के खातों से निकाले गए करीब 4 लाख रुपये की धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई। इसमें मधु भारती के भाई के व्हॉट्सएप लिंक भेजकर एप इंस्टाल करा क्रेडिट कार्ड से एक लाख रुपये निकालने की शिकायत पर पूरी धनराशि वापस कराई गई। रामगर थाने के टका निवासी लक्ष्मण सिंह वर्मा से साइबर अपराधियों ने ओटीपी पूछकर डेबिट कार्ड से 79,547 रुपये निकाल लेने की शिकायत पर साइबर सेल ने पत्राचार कर आवेदक के खाते में धनराशि वापस कराई। नगर कोतवाली के असेनी निवासी भरत लाल के साथ साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी कर 58 हजार और जहांगीराबाद के कोडरी निवासी बबीता यादव को आवास दिलाने के नाम पर साइबर अपराधियों ने 73 हजार रुपये निकाले थे। ये धनराशि भी साइबर सेल ने खाते में वापस कराई। इसके अलावा असंद्रा थाने के कटरा सिद्धौर निवासी नदीम के खाते से 60 हजार रुपये और आवास विकास के आकाश सिंह के खाते से 40104 रुपये व फतेहपुर के रंजीत के खाते से 12 हजार 5 सौ रुपये निकालने की शिकायत पर धनराशि वापस कराई गई।

### अर्थदंड से निपटे छह मामले

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में अलग-अलग अदालतों ने अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा के साथ 6 मुकदमों का निस्तारण किया। इसमें देवा थाने में दर्ज महिलाओं से अश्लील टिप्पणी करने वाले देवा के शेख मोहल्ला निवासी इरशाद को न्यायालय उठने तक की सजा और 5 सौ रुपये जुर्माने से दंडित किया गया। बदोसराय थाने में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के दोषी कानपुर के बिठूर निवासी अमित तिवारी को न्यायालय उठने तक की सजा व 15 सौ रुपये अर्थदंड, घुंघटेर थाने में मारपीट के मामले के दोषी बजगहनी निवासी चन्द्रिका को 700 रुपये जुर्माने व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया गया। सतरिख थाने में दर्ज महिलाओं से अश्लीलता के दोषी मवैया निवासी करेंद्र व लवकुश यादव को एक - एक हजार रुपये जुर्माने और न्यायालय उठने तक की सजा दी गई। वहीं, घुंघटेर थाने में आबकारी अधिनियम के दोषी नंद किशोर को दो हजार रुपये अर्थदंड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।

## हत्या, पॉक्सो एक्ट, गैंगस्टर के मुकदमों में करें प्रभावी पैरवी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मॉनीटरिंग सेल, माफिया सेल, थानों के पैरोकार और कोर्ट मोहर्रिर की गोष्ठी मंगलवार को पुलिस लाइन के सभागार में एसपी दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें 2014 से अब तक के लोकसभा व विधासभा के चुनाव में दर्ज मुकदमों की अद्यतन स्थित की जानकारी ली गई। वहीं, अभियोगों की सघन पैरवी के निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर को समय से न्यायालय पहुंचकर आदेशों व निर्देशों के अनुपालन करने में कोताही न बरतने के निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि विचाराधीन मुकदमों में समय से गवाहों के लिए सम्मन और वारंट भेजने के साथ तामीलाशुदा सम्मन न्यायालय में प्रस्तुत करें। हत्या, पॉक्सो एक्ट या महिला संबंधित मुकदमें, गोकशी, गोतस्करी, गैंगस्टर और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों में प्रभावी पैरवी कर गवाहों को अदालत में समय से पेश करें, ताकि अधिक से अधिक मुकदमों में अभियुक्तों को सजा दिलाई जा सके। जिन मुकदमों में गवाह कमजोर हैं, उनकी भी समीक्षा की गई। एसपी ने सभी पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर को हिदायत दी कि पुलिस स्तर से न्यायालय के कार्य में किसी प्रकार का विलंब न हो। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

### 105 लीटर शराब के साथ 10 आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अवैध शराब को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने मंगलवार को 105 लीटर शराब के साथ दो महिला समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी को थाने लाकर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस ने क्षेत्र के बरैय्या निवासी राम दयाल, खाले टोला बेलहरा निवासी देवी लाल व गोडियनपुरवा निवासी नौमीलाल को गिरफ्तार कर 25 लीटर शराब बरामद की। बदोसराय थाने की पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ मरकामऊ निवासी रामपाल और ददरौली,भवानीपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद को दबोचा। कुर्सी पुलिस ने बेहडपुरवा निवासी बीना कुमारी, फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने कीरतपुर निवासी प्रमोद कुमार, मसौली पुलिस ने रामनगर थाने के भैरमपुर निवासी अंबर को 10-10 लीटर शराब के साथ दबोचा।

## ओवरलोड ट्रक पलटा, बाइक सवार घायल

सूरतगंज,बाराबंकी

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज-हेतमापुर मार्ग पर गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। चपेट में आकर एक बाइक सवार घायल हो गया। हादसा बभनावा गांव के पास हुआ।

गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक लालपुर गन्ना क्रय केंद्र से हैदरगढ़ चीनी मिल जा रहा था। बभनावा गांव के पास ट्रक पलट गया। चपेट में आने से बाइक सवार रिछला निवासी कुर्बान (25) ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। उसकी बाइक ट्रक के नीचे दब गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार इसी मार्ग से गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक निकलते हैं।


सड़क पर पलटा ओवरलोड ट्रक। अमृत विचार

### ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर बालक की मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर में पंचायत घर के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 10 वर्षीय बालक की दबकर मौत हो गई। हादसा थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर का है। यहां के वसीम निवासी सैदनपुर 30-40 वर्षों से अकबर नगर, लखनऊ में रहते हैं। कुछ दिन पूर्व परिवार सहित पैतृक गांव आए थे। उनका 10 वर्षीय बेटा दानिश मंगलवार सुबह करीब 9 बजे पंचायत भवन सैदनपुर के पास सायकिल से घर जा रहा था। सैदनपुर पंचायत भवन के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे रौंद दिया। सूचना पर पहुंची थाना सफदरगंज पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**जायजा** मुख्य विकास अधिकारी ने तीन परिषदीय स्कूलों का किया निरीक्षण, ब्लैकबोर्ड पर हल कराए सवाल, पढ़वाईं किताबें

# शिक्षक की भूमिका में दिखे सीडीओ, बच्चों की थपथपाई पीठ

रामनगर,बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ए. सुथन ने मंगलवार को रामनगर के तीन विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षिक गुणवत्ता परखीं। उन्होंने छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने,खाली पड़े विद्यालय के भवन को बनवाने के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के बाद सीडीओ ने रामनगर कस्बा स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय धमेड़ी-3 और प्राथमिक विद्यालय रामनगर-1 का निरीक्षण किया। तीनों विद्यालयों में बच्चों से सवाल जवाब पूछे। ब्लैक बोर्ड पर सवाल हल कराए और किताबें पढ़वाईं। एमडीएम के तहत दोपहर में खाने में क्या दिया गया, यह भी जानकारी ली। इस दौरान विद्यालयों में बच्चों के बीच वह पूरी तरह अध्यापक के रूप में नजर आए। रसोई घर की भी स्वच्छता परखी। इस दौरान छात्रा दिव्या, शुची, महक, कोमल, पवन से ब्लैक बोर्ड पर सवाल हल कराए। सही जवाब लिखने और बताने पर उन्होंने बच्चों की पीठ थपथपाई और तालियां बजाईं। प्राथमिक विद्यालय धमेड़ी-1 में दो अतिरिक्त कक्षाओं में छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा था। पता चला कि विद्यालय का जो भवन है, वह बहुत पुराना है, छत जर्जर है। इस पर सीडीओ ने साथ में मौजूद बीईओ को मरम्मत कराने के निर्देश दिए। वहीं, प्राथमिक विद्यालय रामनगर-1 में खिड़की के टूटे पल्ले को भी बदलने के लिए कहा। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक जाहिदा अंजुम, शिक्षामित्र अन्नपूर्णा आदि मौजूद रहे। इसके बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत किन्हौली में बनाए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुरलीधर ओझा अमृत सरोवर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। वहां पत्रावलियां देखीं। मनरेगा के रेशियों के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने मनरेगा में बकाया भुगतान कराने की मांग की। इस मौके पर संयुक्त बीडीओ नंद कुमार,एपीओ दीप्ति चंद्र, जयराम, सचिव अभय शुक्ला, ऋषभ सहित कई लोग उपस्थित रहे।


प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाते मुख्य विकास अधिकारी ए. सुदन।

### तस्कर को छह माह की कैद, दो हजार जुर्माना

**बाराबंकी, अमृत विचार:** मादक पदार्थ की तस्करी के दोषी को एपडीपीएस एक्ट की अदालत ने 6 माह की कैद व दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला कोठी थाना क्षेत्र का है। दो वर्ष पहले कोठी पुलिस ने लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र के त्रिवेणीनगर निवासी विक्रम सिंह उर्फ प्रताप विक्रम सिंह को 40 ग्राम मार्फीन के साथ दबोचा था। एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर जेल भेजा। विवेचक ने साक्ष्यों का संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई कर रही अपर जिला सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएसएक्ट) की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त विक्रम को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

# तस्करी छोड़ नेक काम करे, नहीं तो अंजाम को रहे तैयार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**चेतावनी**

- एक किलो 400 ग्राम मार्फीन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार
- घटना के खुलासे के साथ एएसपी दक्षिणी ने दी नसीहत



**अमृत विचार :** मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को सुबेहा पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर एक किलो 400 ग्राम मार्फीन बरामद की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब एक करोड़ 40 लाख रुपये है। इनके पास से चोरी की पायल व बाइक भी बरामद हुई। इसका खुलासा मंगलवार को एएसपी दक्षिणी डॉ. अखिलश नारायण सिंह ने किया।

एएसपी ने बताया कि सुबेहा थाने के एसओ गजेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने मंगलवार को थाना क्षेद्ध में मगौवा गांव के पास चौपुला से अमेठी के थाना व कस्बा इन्हौना निवासी हसीब बाबा, सुल्तानपुर के बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली निवासी मासूम और सुबेहा थाने के बगिया मजरे अमरवल क्रिसिया निवासी प्रकाश रावत को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक किलो 4 सौ ग्राम मार्फीन, चोरी की एक जोड़ी पायल और बाइक बरामद हुई। सभी आरोपियों को थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में यह बात सामने आई है कि अभियुक्तों का एक गिरोह है जो चोरी व गोतस्करी की घटनाओं को अंजाम देता था। शिकंजा कसने पर अपराधिक मानसिकता वाले अभियुक्तों ने दूसरा रास्ता बदला और मादक पदार्थों की तस्करी करने लगे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में से मासूक उर्फ मासूम पर सुल्तानपुर के बल्दीराय थाने में पहले से ही गैंगस्टर समेत 4 आपराधिक केस दर्ज हैं। वहीं, अमेठी के इन्हौना निवासी हसीब बाबा पर सुबेहा थाने में गैंगस्टर समेत तीन मुकदमें दर्ज हैं। प्रकाश रावत पर सुबेहा थाने में जहां चोरी का केस दर्ज है। वह हैदरगढ़ कोतवाली का वांछित आरोपी है। इस गिरोह के सदस्य जिले व आसपास के इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। यह मार्फीन कहां से लेकर, कहां पहुंचाई जा रही थी, इसकी गहनता से पड़ताल कर इसमें संलिप्त अन्य लोगों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। एएसपी ने बताया कि मादक पदार्थों के कारोबार और इसे करने वालों या कैरियर सभी पर पूर्व से ही पुलिस गैंगस्टर व संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते मादक पदार्थों का कारोबार व तस्करी करने वाले अपराधी रास्ता बदलकर नेक कार्य करने में लग जाए। ऐसा न करने वाले अंजाम भुगतने को तैयार रहें।

## फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में मंगलवार को एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। जानकारी मिलते ही परिजन उसे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामला रामनगर थाना क्षेत्र के थल खुर्द गांव का है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा निवासी अंशु देवी (20) का विवाह पिछले साल मई में रामनगर थाने के थल खुर्द निवासी संदीप से हुआ था। अंशु का शव मंगलवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पांडेय ने बताया कि दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### संकुल बैठक में टूल किट पर की गई चर्चा



संकुल की बैठक में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र सिरौलीगौसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा में मंगलवार को शिक्षक संकुल की बैठक हुई। इसमें बिरौली न्याया पंचायत के सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में 5 टूल किट के बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसमें हर विषय के जानकार शिक्षकों ने लर्निंग मैटेरिल को आसान बनाने वाली विधाओं की जानकारी साझा की। वहीं, कुछ शिक्षकों ने सवाल कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस दौरान शिक्षक राहुल, संजीव मिश्रा, सत्य प्रकाश, राजीव, उदय राज, सौरभ त्रिवेदी, प्रदीप, श्यामू, जय सिंह वर्मा, अमरदीप, सुरेंद्र जायसवाल, रफी अहमद, बृजेश कुमार, अंजली दोहरे व जरीना मौजूद रहीं।

### हार्ट अटैक से राजमिस्त्री से मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मकान का निर्माण कर रहे राजमिस्त्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत के बाद पहले हंगामा हुआ, बाद में समझौता हो गया। मामला नगर कोतवाली के बडेल चौकी क्षेत्र का है। यहां एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। मंगलवार को नीचे गिरे एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। सूचना पर परिजन पहुंचे तो हंगामा करने लगे। इसी दौरान पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां सुलह-समझौते के बाद परिजन शव लेकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हार्ट अटैक से राजमिस्त्री की मौत हुई थी।

### भाकियू पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भाकियू अम्बावत गुट के जिलाध्यक्ष लवकुश यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी से मिला। उसक बाद अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसमें जल मिशन योजना के तहत खोदे गए रास्तों के निर्माण, नक्शे में मुताबिक चक मार्ग की पटाई कराने, सफाईकर्मियों के नियमित पंचायतों में साफ-सफाई कराने की मांग की गई।

### बाल संरक्षण गृह भेजे गए दो बाल अपचारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक पखवारा पूर्व नाबालिक से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार दो बाल अपचारी को बड्डूपुर पुलिस की ने मंगलवार को संरक्षण में लेकर बाल संरक्षण गृह, अयोध्या भेजा। घटना के बाद से फरार आरोपियों को पुलिस को काफी समय से तलाश थी। मंगलवार को संरक्षण में लेने के बाद विधिक कार्रवाई की गई।

### 43 लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार को विभिन्न थानों की पुलिस ने 26 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं, अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 43 वांछित आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई कर पाबंद किया गया।

### डेढ़ किलो गांजे के साथ तस्कर दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर थाने की पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे के साथ गदमानपुर निवासी विजय को मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसके बाद थाने लाकर उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

### 85 ग्राम मार्फीन के साथ दो बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा व कुर्सी थाने की पुलिस ने 85 ग्राम मार्फीन के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया। असंद्रा पुलिस ने 50 ग्राम मार्फीन के साथ नगर कोतवाली के पीर बटावन निवासी जमाल को गिरफ्तार किया। वहीं, कुर्सी पुलिस ने मोहम्मदपुर खाला थाने के सेवली निवासी मनोज कुमार को 35 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार जख्मी

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल से दूध लेने डेरी पर जा रहा अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसा मंगलवार को दरियाबाद थाना क्षेत्र में जेठौती मोड़ के पास हुआ। मंगलवार सुबह मुरारपुर निवासी राजकुमार वर्मा (55) साइकिल से दूध लेने डेरी पर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

### गन्ना लदा ट्रक पलटा बाइक सवार घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में सूरतगंज-हेतमापुर मार्ग पर मंगलवार को गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल रिछ्ला निवासी कुर्बान (25) को अस्पताल पहुंचाया गया। गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक लालपुर गन्ना क्रय केंद्र से हैदरगढ़ चीनी मिल जा रहा था जो बभनावा गांव के पास पलट गया।

### जुआ खेल रहे पांच बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को फतेहपुर और मोहम्मदपुर खाला थाने की पुलिस ने मंगलवार को दबोचा। सभी पर जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की। फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने कीरतपुर निवासी रामू, देशराज व अरविंद और मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने भिखारीपुर निवासी जमाल और मौसंड निवासी प्रमोद कुमार को पकड़ा।

### सुलह से बसे टूटे घर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला परामर्श केंद्र में काउंसलिंग से मामूली बातों को लेकर रिश्तों में आई तल्कियां की दरारे भरी तो दो टूटे घर फिर से बस गए। मंगलवार को पति-पत्नी के परिवारिक विवाद संबंधी दो मामलों में दोनों पक्ष के लोग उपस्थित हुए। महिला थाना/महिला परामर्श केंद्र ने काउंसलिंग करने के बाद दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सफदरगंज और फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को चाकू के साथ दबोचा। उसके बाद थाने लाकर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। सफदगंज पुलिस ने लक्षबर बजहा निवासी जुबेर व फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने कीरतपुर निवासी संतोष कुमार को दबोचा।

### मनचला दबोचा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाली की एंटी रोमियों टीम ने महिलाओं से अश्लीलता करने वाले लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र के भाखनऊ निवासी रफीक को दबोचा।

# शिकायतों के निस्तारण में लाभार्थी की संतुष्टि जरूरी

## संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश, 129 प्रार्थना पत्रों में मात्र दो का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



नवाबगंज तहसील में जन-शिकायतें सुनते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील नवाबगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं का निस्तारण सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 129 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें मौके पर दो का निस्तारण कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 70, पुलिस के 25, विकास के 10, शिक्षा के 4 समेत अन्य विभागों से संबंधित 20 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। वहीं, सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के अंतर्गत सीएमओ की टीम द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस पहुंचकर जिलाधिकारी सहित उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दवा का सेवन कराया गया। इस मौके पर एएसपी दक्षिणी डॉ.अखिलेश नारायण सिंह, एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी, पीडी मनीष कुमार, डीडीओ भूषण कुमार समेत सभी जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### रामनगर में सीडीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

रामनगर तहसील सभागार में सीडीओ ए सुथन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान 51 शिकायतें आईं जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सीडीओ ने अधिकारियों से कहा कि प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण में तेजी लाएं और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण ढंग से निस्तारण करें। इस मौके पर एसडीएम पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक, प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर, तहसील रामसनेहीघाट के सभागार में एसडीएम रामआसरे वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में राजस्व के 14, पुलिस के 8, विकास के 10, पूर्ति का एक, नगर पंचायत के 4 व विद्युत विभाग के 3 मामलों सहित कुल 40 प्रार्थना-पत्र आए। इनमें से राजस्व संबंधित तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसके अलावा, पारिजात सभागार सिरौलीगौसपुर में तहसीलदार वैशाली अहलावत की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में 76 शिकायती प्रार्थना-पत्र आए। इनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं, फतेहपुर तहसील में भी एसडीएम की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण कराया गया।

## मारपीट में तीन सगे भाइयों समेत 4 को तीन वर्ष की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में तीन सगे भाइयों समेत 4 दोषियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 3-3 वर्ष के कठोर कारावास और 27 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट से अभियुक्तों को दोषमुक्त किया।

मामला रामनगर थाना क्षेत्र के बडनपुर का है। 6 साल पहले 20 जून 2017 को यहां के निवासी फुक्कन उर्फ प्रदीप मिश्रा ने थाने में तहरीर देकर रवि व उसके भाई अरूण, अजय व पिता जगदीश, बनवारी और पंकज पर एक राय होकर अस्त्र-शस्त्र के साथ मारपीट की सूचनी दी। पुलिस ने मारपीट, बलवा, धमकी, छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। विवेचक ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर रवि, उसके भाई अरुण व अजय के साथ बनवारी को सजा सुनाई। छेडखानी और पॉक्सो एक्ट में दोषमुक्त किया। अभियुक्त जगदीश और पंकज की दौरान मुकदमा मौत हो चुकी है।

## साइकिल सवार बालक को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पंचायत भवन के सामने साइकिल से जा रहे बालक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंद दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना सफदरगंज थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव की है। यहां के निवासी वसीम का परिवार लखनऊ में रहता है। कुछ दिन पहले 10 वर्षीय बेटा दानिश गांव आया था। मंगलवार को दानिश पंचायत भवन के पास साइकिल चला रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बालक को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में लेकर छानबीन की।

## बस से चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार:** ढाबे पर खड़ी बस से 30 लाख के जेवरात व नकदी चोरी के मामले में पुलिस बुधवार को भी खाली हाथ रही। पुलिस का पूरा ध्यान अब ढाबे के मालिक और कर्मचारियों पर केंद्रित हो गया है। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया था, उनसे हुई पूछताछ में अभी तक बेनतीजा है।

रविवार को नाश्ता-पानी ओर शौच के लिए कोटवासडक के पास सालासर ढाबे पर डबल डेकर बस जब खड़ी हुई तो यात्री नाश्ता व लघुशंका के लिए बस से उतरे थे। सवारियों के उतरने पर गोरखपुर जिले के आशीष वर्मा का 20 लाख रुपये के तीन प्लास्टिक के डिब्बों से भरा डायमंड-गोल्ड और सिद्धार्थनगर जिले के आशीष वर्मा के 5-5 लाख के दो पैकेट बैग के अंदर से चोरी हो गए। जब दोनों बस में चढ़े तो उनकी बर्थ के ऊपर रखे बैग खुले थे, रुपये ओर समान गायब थे। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया कि पूछताछ की जा चल रही है, बहुत ही जल्द खुलासा हो जाएगा। होटल मालिक और नौकरों से सख्ती के साथ पूछताछ हो रही है।

## दमयंती के सतीत्व से राजा नल को वापस मिला था राज्य

**श्रीराम कथा**

मसौली, बाराबंकी



कथा सुनाते रामहेत यादव।

**अमृत विचार :** मंदिर निराश्रित धाम आश्रम सेवा ट्रस्ट, बसंतनगर रहरामऊ में शुरू हुई श्रीराम कथा में मंगलवार को कथा वाचक रामहेत यादव ने राजा नल की कथा सुनाई।

कथा व्यास ने कहा कि निषाद देश में वीरसेन के पुत्र नल नाम के एक राजा हो चुके हैं। वे बड़े गुणवान, परम सुंदर, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, सबके प्रिय, वेदज्ञ व ब्राह्मणभक्त थे, उनकी सेना बहुत बड़ी थी। वे स्वयं अस्त्र विद्या में बहुत निपुण थे। वे वीर, योद्धा, उदार और प्रबल पराक्रमी भी थे। उन्हीं दिनों विदर्भ देश में भीष्मक नाम के एक राजा राज्य करते थे। उन्होंने दमन ऋषि को प्रसन्न कर उनके वरदान से चार संतानें प्राप्त की। तीन पुत्र दम, दान्त, और दमन व एक दमयन्ती नाम की कन्या हुई। दमयन्ती लक्ष्मी के समान रूपवती थी। दमयन्ती का स्वयंवर हुआ जिसमें न केवल धरती के राजा, बल्कि देवता भी आ गए। नल भी स्वयंवर में जा रहे थे। दमयंती ने नल को अपना जीवन साथी चुन लिया। राजा नल के जुए के व्यसन के कारण वे अपना सब कुछ हार गए। एक दिन राजा नल ने सोने के पंख वाले कुछ पक्षी देखे। राजा नल ने सोचा कि यदि इन्हें पकड़ लिया जाए तो उन्हें बेचकर जीवन निर्वाह करने के लिए कुछ धन कमाया जा सकता है। ऐसा विचार कर उन्होंने अपने पहनने का वस्त्र खोलकर पक्षियों पर फेंका। पक्षी वह वस्त्र लेकर उड़ गए। अब उनके पास कपड़े भी नहीं थे। दमयन्ती को सोता देख नल ने सोचा इसे अकेला छोड़ देंगे तो अपने पिता के पास पहुंच जाएगी और सुखी जीवन जिएगी। नींद खुलने पर उसे एक दुष्ट व्याध दिखा और अपनी काम पिपासा का शिकार बनाना चाहा। दमयन्ती उसे शाप देते हुए बोली, 'यदि मैंने अपने पति राजा नल को छोड़कर किसी अन्य पुरुष का चिंतन न किया हो तो इस पापी व्याध के जीवन का अभी अंत हो जाए।' दमयन्ती की बात पूरी होते ही व्याध के प्राण-पखेरू उड़ गए। दैवयोग से भटकते हुए दमयन्ती एक दिन चेदिनरेश सुबाहु के पास और उसके बाद अपने पिता के पास पहुंच गई। अंततः दमयन्ती के सतीत्व के प्रभाव से एक दिन महाराज नल के दुखों का भी अंत हुआ। दोनों का पुनर्मिलन हुआ और राजा नल को उनका राज्य भी वापस मिल गया। इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. सतगुरु शरण यादव, अम्बर प्रसाद, अंगद, कौशलेश, पावन राम, मनोरथ, रामकृपाल, राम रूपचन्द्र आदि मौजूद रहे।

## महिला को पीटा, 5 पर मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** खेत में सरसों उखाड़ रही युवती को दो महिलाएं मारने-पीटने लगीं। उसका भाई बचाने के लिए आया तो तीन अन्य लोगों ने उसे भी घायल कर दिया। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ बलवा सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समसापुर निवासी अरुण त्रिपाठी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि सुबह 10 बजे उसकी बहन खेत में सरसों उखाड़ रही थी। तभी गांव की रहने वाली विपक्षी सोनी व गुड़िया ने उसकी बहन को मारने पीटने लगी। बहन के शोर मचाने पर जब वहां पहुँचा तो पुरानी रंजिश को लेकर वहां पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के रहने वाले विपक्षी गण रामपाल, राघवेंद्र, शिव बहाल ने जान से मार डालने की नीयत से लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया।

**आह्वान** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की बैठक में जिलाधिकारी ने दी सलाह

# बच्चों के कॉरियर काउंसलिंग की कराएं व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार का स्वागत करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में कहा कि स्कूल का एक बैंड तैयार कराया जाएं जो स्कूल की एक विशिष्ट पहचान बन जाए। स्कूल में आवश्यक हो तो एक्स्ट्रा क्लॉसेज़ कराए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों की कॉरियर काउंसलिंग की भी व्यवस्था कराएं।

जिलाधिकारी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक से पहले उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया और कहा कि इसे और बेहतर बनाया जाएं। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अधिक मेहनती हैं, उनके लिए और जो बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है, उनके लिए कॉरियर काउंसलिंग की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में कॉरियर के प्रति मन में भ्रम की स्थिति को दूर करना भी शिक्षण कार्य का ही अंग है। बच्चों द्वारा गीत सुनाने के बाद जिलाधिकारी ने संगीत शिक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह स्कूल का एक बैंड तैयार कर सकते हैं, ताकि बच्चों की संगीत की प्रतिभा में निखार आए और स्कूल की अपनी एक विशिष्ट पहचान भी बन सके। ज़िलाधिकारी ने अभिभावकों की मांग पर स्कूल आने-जाने के लिए अप्रोच रोड के निर्माण या मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी के अभियंता से पैमाइश की औपचारिकता पूर कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान कई अधिकारी रहे।

## मां को बीमार बता पीआरडी जवान ने हड़पे 35 हजार

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** फर्जी महिला को खड़ा कर पीआरडी जवान ने 35 हजार रुपये की धनराशि हड़प ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी के आदेश पर नगर कोतवाली में केस दर्ज किया गया।

नगर कोतवाली के फतहाबाद निवासी अजय वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसनके परिचित रामनगर थाने के अमरसंडा निवासी कमलेश प्रसाद उर्फ कमला प्रसाद ने 5 मई 2022 को मां रामावती की तवियत खराब होने के कारण इलाज के लिए रुपये मांगे। इसके बदले उसने खेत गिरवी रखने का प्रस्ताव रखा। दूसरे दिन वह एक महिला को साथ लेकर आया जिसे अपनी मां बताकर खतौनी दिखाई। उसके बाद 35 हजार रुपये लेकर गया। इसके बदले जून में 6 लीटर मेंथा ऑयल के साथ रुपये लौटाने थे जिसे लौटाना तो दूर, फोन उठाना भी बंद कर दिया। जुलाई में पीड़ित घर गया जहां उसकी मां मिली तो सच्चाई सामने आई कि उसने किसी महिला को मां बता रुपये ऐंठे। मांगते हुए कमलेश ने रुपये लौटाने की बात कही मगर, रुपये नहीं लौटाए।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने जगदीशपुर भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी लिया है जिसका नंबर-215006030 है। जिसमें बजरंग अग्रहरि दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड और बैंक पासबुक में हर्ष गुप्ता अंकित है दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं। इसी दोनों नाम से मुझे जाना वा पहचाना जाए। – हर्ष गुप्ता उम्र 21 वर्ष सुत गिरधारी लाल गुप्ता मकान नंबर 256 गली नंबर 8 न्यू लाहौर शास्त्री नगर गांधीनगर एस0ओ0, ईस्ट दिल्ली 11003

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने HARAROOL HAK से अपना नाम बदलकर AHARAROOL HAK S/O SIRAJUL HAK निवासी- ग्राम अकबरपुर बुजुर्ग पोस्ट मुड़की थाना फखरपुर बहराइच उत्तर प्रदेश रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

सूचना
सूचित हो कि मैं हुस्ना जहॉ पत्नी ताहिर शेख पुत्री मोहम्मद शानू, निवासी- 419/115, हाता सूरत सिंह, ठाकुरगंज लखनऊ, मेरे पुत्र मो0उजैर (MOHD UZAIR) के पिता का नाम (TAHIR SHAIKH) है परन्तु उसके पासपोर्ट में पिता का नाम त्रुटिवश (MOHD TAHIR SHAIKH) अंकित हो गया है। अतः मेरे पुत्र को (MOHD UZAIR) पुत्र (TAHIR SHAIKH) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना
सुचित किया जाता है कि RAHUL पुत्र RAJESH निवासी- लौवाबीरपुर, पो0- नवावगंज जिला गोण्डा मैंने अपना नाम बदल कर RAHUL YADAV पुत्र RAJESH YADAV रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य पूरक परीक्षा सन् 2010 अनुक्रमांक 788608 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। – प्रदीप कुमार पुत्र धर्मराज सिंह, निवासी- ग्राम- करहा, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश


भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अभिवादन स्वीकार करते राहुल गांधी।


भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अमित मौर्य के गले में हाथ डाले हुए राहुल गांधी।


डिग्री कालेज चौराहा पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़े लोग।

# शराब पीकर नशे में नाच रहा यूपी का भविष्य : राहुल गांधी

## लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिया विवादित बयान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले जनता को साधने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रही है। इस दौरान राहुल को जनता का भी समर्थन मिल रहा है।

राहुल गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। आज एक बार फिर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपने ही बयान के चलते विवादों में घिरे नजर आ रहे हैं। रायबरेली में मंगलवार को सुपर मार्केट में सभा के दौरान उन्होंने डबल इंजन की सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैं वाराणसी पहुंचा तो वहां पर देखा कि रात को बाजा बज रहा। वहां पर शराब पिये यूपी का भविष्य रात को नाच रहा, डांस कर रहा है। वहीं राममंदिर खुलता है। राम मंदिर में नरेंद्र मोदी, अंबानी, अडानी समेत कई अरबपति दिखेंगे। वहां पर पिछड़ा, दलित, आदिवासी नहीं दिखेगा, क्योंकि आपकी जगह सड़कों पर भीख मांगने की है। आपका काम हिंदुस्तान में सड़क पर जाकर ऐसे पोस्टर दिखाने का है। उनका काम पैसा गिनने का है। आप के बच्चे जीएसटी देते हैं। आपको अपने हक के लिए जातीय जनगणना के लिए आगे आना होगा। पोस्टर की ओर इशारा करते हुए कहा कि इसमें लिखे ओबीसी और एससी का मतलब जानते हों। कहा कि 50 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है। 15 प्रतिशत आबादी एससी और आठ प्रतिशत आदिवासियों की आबादी है। कुल 73 प्रतिशत हो। इसके बावजूद पोस्टर लेकर घूम रहे हो।

## कहा- 73 प्रतिशत आबादी को हक पाने के लिए जातीय जनगणना करानी होगी

हमारा काम 73 प्रतिशत का काम आपके भविष्य को बनाने का है। आपको 24 घंटे धमकाया जाता है। रास्ते बंद किए जाते हैं। देश में 200 बड़ी कंपनियां हैं। इस देश में दलित, पिछड़े, आदिवासी 24 घंटे प्रताड़ित हो रहे हैं। यह सच्चाई है देश की। 73 प्रतिशत आबादी का हिंदुस्तान की सबसे बड़ी कंपनी कोई नहीं है। मनरेगा की लिस्ट निकालो उसमें ओबीसी, एससी और आदिवासी दिखेंगे।

आपके यहां छोटे-छोटे बच्चों को कहा जाता है कि तुम अगर पढ़ाई करोगे तो तुझे आइएएस, आइपीएस, रेलवे में इधर-उधर नौकरी मिल जाएगी। बेटा तुम पढ़ ले। तेरे बाप के जेब से पांच-छह लाख रुपये निकाल प्राइवेट स्कूल, कोचिंग सेंटर में डालकर आईएएस, आईपीएस के लिए दे दिया जाता है। इसके बाद पेपर लीक हो जाता है। वही पांच प्रतिशत लोगों को पेपर लीक होने के बाद नौकरी मिल जाती है। राममंदिर की बात होती है। आपको हक लेना है। इसका पहला कदम जातीय जनगणना है। न्याय यात्रा में न्याय इसीलिए जुड़ा है। आपके खिलाफ अन्याय हो रहा है।आपकी हर रोज बेइज्जती की जा रही है। आपको जागरूक होना पड़ेगा। राहुल गांधी ने धन्यवाद देते हुए जय हिंद बोलकर आगे बढ़ गए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, राजीव शुक्ल, विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्र, जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, विनय द्विवेदी, विजय शंकर अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।


सुपर मार्केट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच होती धक्कामुक्की।


भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल को भाजपा का झंडा दिखाते भाजपा कार्यकर्ता।

## मौर्या तुम बब्बर शेर हो रोना नहीं...

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सुपर मार्केट पहुंचने पर राहुल गांधी ने जैसे ही बोलना शुरू किया, इसी दौरान कुछ युवक पोस्टर दिखाने लगे। इस पर उन्होंने एक युवक की ओर इशारा करते हुए बुलाया। कहा कि मेरे पास आओ। जैसे ही वह खुली जीप की बोनट पर बैठने लगा राहुल ने अपने बराबर बैठा लिया। नाम पूछने लगा। इस पर उसने अपना अमित मौर्या बताते हुए पिछले दो साल से चक्कर लगाने की बात कहते हुए अपने भावनाओं को काबू नहीं रख सका और फफक-फफककर रोने लगा। इस पर उन्होंने चुप कराते हुए कहा कि रोना नहीं। तुम तो हमारे बब्बर शेर हो। तुम्हारी आबादी 73 प्रतिशत है। इसके बावजूद लाभ सिर्फ देश को चार से पांच प्रतिशत लोग ही चला रहे हैं। इस दौरान अमित नीचे बैठने लगे। इस पर राहुल ने अपने पास बैठाते हुए कहा कि मौर्या पीछे नहीं बैठना ऊपर बैठना है। 73 प्रतिशत में दलित, आदिवासी पिछड़े हैं। 15 प्रतिशत सिख, मुस्लिम, इसाई और चार-पांच प्रतिशत गरीब सामान्य वर्ग है। 90 प्रतिशत आबादी है। इसके बावजूद उपेक्षित हैं। आपका काम ऐसे पोस्टर लेकर घूमने का है। यह आपका भविष्य नहीं है। राहुल गांधी ने उद्योगपतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि दो सौ सबसे बड़ी कंपनी है हिंदुस्तान में। इन कंपनियों के मालिकों की लिस्ट में मौर्या जाति का कोई नहीं है। उन्होंने मौजूद लोगों से पूछा कि यादव कितने हैं। पासी कितने, आदिवासी कितने, कुर्मी, लोधी कितने हैं। इन कंपनियों के सीनियर मैनेजमेंट में कितने हैं। कोई नहीं मालिक। 73 प्रतिशत आबादी का हिंदुस्तान की सबसे बड़ी कंपनी कोई नहीं है। 24 घंटा आपको बेवकूफ बनाया जाता है। जातीय जनगणना से आपकी आबादी का पता लगेगा। इससे पता लगेगा देश की बड़ी कंपनियों में आपके कितने हैं। इसके बाद इस पोस्टर की जरूरत नहीं होगी।



राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के विरोध में लगी होर्डिंग।


नगर पालिका परिषद कार्यालय से भारतीय जनता पार्टी का झंडा लहराते भाजपाई।


काला झंडा दिखाता युवक। अमृत विचार

## पूर्वाग्रह से ग्रसित नजर आई भारत जोड़ो न्याय यात्रा

हर्षित द्विवेदी, रायबरेली

**अमृत विचार।** राहुल गांधी की न्याय यात्रा के स्वागत में पुराने कांग्रेसियों में एक बार फिर से अंगड़ाई देखने को मिली। वही प्रियंका गांधी वाड्रा के नहीं नजर आने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय निवासियों को मायूसी हुई। राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के दौरान अपने संबोधन में एक बार फिर उत्तर प्रदेश का उपहास करते हुए कहा कि प्रदेश का भविष्य शराब पीकर डांस करता हुआ नजर आया। इसी के साथ उन्होंने देश के प्रमुख उद्योगपतियों अम्बानी-अडानी को आड़े हाथों लेते हुए निशाना साधा। साथ वे अपने चिर-परिचित अंदाज में पिछड़ों की वकालत करते हुए नजर आये। राहुल गांधी का पूरा संबोधन पूर्वाग्रह से ग्रसित नजर आया। उन्होंने यह नहीं बताया कि इंडिया गठबंधन अथवा कांग्रेस की सरकार बनने पर वे विकास के क्या मापदंड स्थापित करेंगे। बेरोजगारी और महंगाई का क्या हल निकालेंगे? राहुल गांधी के संबोधन से कोई नई दिशा न मिलने से जनता को मायूसी मिली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ 2024 के लोकसभा चुनाव में वोटों में परिवर्तित हो पाएगी ये तो आने वाला समय ही बताएगा। न्याय यात्रा के दौरान ऐसा कुछ भी नजर नहीं आया जिसे वैचारिक तौर से भविष्य की दशा और दिशा के संकेत मिलते हो।

### पोस्टर के माध्यम से अज्ञात से उठाए सवाल

न्याय यात्रा के दौरान पर्दे के पीछे रहकर कुछ अज्ञात लोगों ने राहुल गांधी पर सवालों की झड़ी लगा दी। किसी संगठन अथवा व्यक्ति के नाम के बिना अज्ञात के रूप में दीवारों पर पोस्टर चस्पा कर उनसे सवाल किए गए। समाजवादी पार्टी को धोखा, बहुजन समाज पार्टी को धोखा, रायबरेली को धोखा, अमेठी को धोखा उत्तर प्रदेश को धोखा, राजस्थान को धोखा देश को देंगे न्याय वाह भाई वाह... । समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करने के बाद फिर तोड़ने, अमेठी से हारने के बाद संसदीय क्षेत्र बदल लेने, रायबरेली से उनकी माताजी सोनिया गाँधी द्वारा रायबरेली को छोड़कर राजस्थान से राज्यसभा में जाना। इसी के साथ उत्तर प्रदेश और राजस्थान की जनता का साथ छोड़ने का अज्ञात लोगों द्वारा पोस्टर के जरिये उनपर आरोप लगाया गया है।

## आमने-सामने आए भाजपाई और कांग्रेसी, अफसरों को छूटा पसीना

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर प्रशासन सुबह से ही चौकन्ना रहा। स्थिति तब बिगड़ गई, जब राहुल गांधी सुपर मार्केट में सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान भाजपाई और कांग्रेसी आमने-सामने आ गए। इस पर राहुल ने भी तंज कसा। इसके बाद कांग्रेसियों ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी। यह देख पुलिस के भी हाथ पैर फूल गए। जैसे-तैसे दोनों पक्षों कां शांत कराया। इसके बाद राहत की सांस ली।

राहुल गांधी के सुपर मार्केट में सभा को लेकर पहले से कार्यक्रम तय था। जैसे ही उन्होंने बोलना शुरू किया। इसी दौरान कुछ भाजपाई नगर पालिका परिषद कार्यालय के अपना झंडा लहराने लगे। इसके बाद भी नहीं बात बनी तो भाजपा कार्यालय से झंडा दिखाने लगे।

इस पर राहुल गांधी ने तंज कसते हुए कहा कि वह देखों कुछ भाजपाई दिखाई दे रहे हैं। इस पर मौजूद लोग हो हल्ला करने लगे। यह देख भाजपाई भी नीचे उतर आए और सभा स्थल की ओर जाने लगे। उन्हें आता देख कांग्रेसी भी आगे बढ़ने लगे। इतना देख पुलिस प्रशासन की धड़कनें बढ़ गई। दोनों पक्षों को किसी तरह पीछे किया। समझा-बुझाकर अलग किया।

### सुपर मार्केट से दिखाया काला झंडा

सुपर मार्केट में एक व्यक्ति राहुल गांधी को झंडा दिखाते भी नजर आया। वह नगर पालिका की छत से लगातार झंडा दिखा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों की नजर पड़ी तो नारेबाजी करने लगे। इस पर पुलिस कर्मी छत की ओर दौड़े।

### मीडिया कर्मी से अभद्रता राहुल ने कराया शांत

कार्यक्रम के दौरान ही एक मीडिया कर्मी से कुछ लोग अभद्रता करने लगे। इस पर राहुल ने शांत कराया। हालांकि उनके निशाने पर उद्यमियों के साथ मीडिया के मालिकान भी रहे। बार-बार यह कहते दिखाई दिए कि इसमें से किसी भी जगह पर दलित, पिछड़ा और आदिवासी नहीं है।


भारत जोड़ो न्याय यात्रा का विरोध कर रहे भाजपाइयों को रोकती पुलिस।

### गांधी परिवार से नहीं टूटेगा नाता देशहित में कर रहे कार्य

**संवाददाता, रायबरेली।** एक बार फिर जिले की जनता ने यह दिखा दिया कि उनका गांधी परिवार से नाता अभी भी बना हुआ है। जगह-जगह लोगों का उमड़ा लोगों सैलाब देखकर राहुल भी काफी गदगद दिखाई दिए। सुपर मार्केट में उनके जोश को देख समर्थक भी उत्साहित रहे। बार-बार यही कहते रहे कि गांधी परिवार का नाता गहना है। हम कैसे दूर हो सकते हैं। राहुल जी देश हित में कार्य कर रहे हैं। हमारा उनका पूरा समर्थन है।

"गांधी परिवार का रायबरेली से सदियों से नाता है। आज राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा में उनसे अपने दर्द को बताने आये है। राहुल गांधी देशहित में कार्य कर रहे है। रायबरेली से गांधी परिवार को कोई अलग नहीं कर सकता। हम लोगों को डर-डर के मोदी-मोदी योगी-योगी कहना पड़ता है।


-गणेश सिंह कछवाह

"भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी से मिलना हम सबका सौभाग्य रहा। जब से भाजपा आई है तब से महंगाई से आम जनता परेशान है और युवा रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।


-सहदेव

"मैं समाजवादी पार्टी का समर्थक हूं, लेकिन लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव कांग्रेस का समर्थन करते है। इसलिए हम लोग इस यात्रा में शामिल हुए हैं।


-रामसमुझ

## अपनों का प्यार देख जोश से लबरेज दिखे राहुल

▸▸ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अपने नेता राहुल की झलक पाने को हर कोई रहा बेताब

धर्मेंद्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इन दिनों उत्तर प्रदेश में है। मंगलवार को उनकी यह यात्रा अमेठी से होकर रायबरेली पहुंची। गांधी परिवार का गढ़ होने के नाते राहुल को जिले के लोगो ने खूब प्यार दिया। कुछ समय के लिए रायबरेली शहर कांग्रेसमय हो गया। जगह जगह स्वागत में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। अपने नेता की झलक पाने के लिए सड़कों पर लोगो की भारी गहमागहमी रही। पुलिस को इस दौरान कई चुनौतियों से जूझना पड़ा। सड़कों के किनारे खड़े लोगों को रस्सी के जरिये कंट्रोल किया गया। लेकिन सबसे अहम यह रहा है लोकसभा चुनाव से पूर्व राहुल गांधी का रायबरेली आना माना जा रहा था। क्योंकि इस समय राजनितिक रूप से सबसे ज्यादा रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीटों को लेकर चर्चा हो रही है। दरअसल रायबरेली सीट पर सोनिया गांधी ने चुनाव न लड़ने का एलान किया है। अब वह राजस्थान से राज्यसभा चली गई है। सोनिया गांधी ने जनपदवासियो के नाम एक भावनात्मक रिश्ता रखते हुए चिट्ठी लिखी थी। राहुल की न्याय यात्रा के दौरान प्रियंका गांधी के भी रहने की उम्मीद थी और कयास यह लगाया जा रहा है कि गांधी परिवार की विरासत को वह आगे बढ़ाएगी। लेकिन यात्रा के दौरान किन्ही कारणों से प्रियंका गांधी नही आई और न ही रायबरेली सीट को लेकर एक बार भी जिक्र किया। इससे लोगों के चेहरे पर मायूसी साफ देखने को मिली।

### जिले के खुफियातंत्र में दिखी चूक

राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर जहां पुलिस ने खाका तैयार किया था। अलग-अलग स्थानों पर वर्दी और सादी ड्रेस के साथ बड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। वही यात्रा के दौरान जिस तरीके से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया। वही पुलिस की बड़ी चूक मानी जा रही है। राहुल गांधी जैसी ही सुपर मार्केट पर पहुंचकर जैसे ही बोलना शुरू किया उसी दौरान भाजपाई झंडे लेकर उन्हें दिखाना शुरू कर दिया। इससे पहले पुलिस के खुफिया तंत्र के पास कोई जानकारी नहीं थी। कार्यक्रम स्थल के पास ही पुलिस चौकी भी है। कार्यक्रम स्थल पर पहले ही सम्बोधन निर्धारित थी। ऐसे में अगर भाजपा कार्यकर्ता झंडे दिखाए तो मतलब साफ है कि जिले का खुफिया तंत्र फेल रहा, क्योकि उसे भाजपा कार्यकर्ताओ की इस हरकत की कोई भनक तक नही लग पाई।

## देश में दो तरह के शहीद होंगे, पहले स्थाई और दूसरे अग्निवीर सैनिक

▸▸ राहुल गांधी ने सरकार पर बोला हमला, कहा- 40 सालों में चरम पर है बेरोजगारी

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनपद मुख्यालय रायबरेली से होते हुए बछरावां पहुंची। मुख्य चौराहे पर आयोजित नुक्कड़ सभा में राहुल गांधी ने कहा कि देश को असल मुद्दों से भड़काया जा रहा है। बीते 40 सालों में देखा जाए तो वर्तमान समय में बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है। ओबीसी, दलित और आदिवासी आबादी अपने अधिकारों से वंचित है।

राहुल गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का अपना अलग ही रवैया है। यहां पर अभ्यर्थी सालों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन जब समय आता है तो एक परसेंट लोग पेपर पाकर पेपर लीक करवा देते हैं और लाखों अभ्यर्थियों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। सेना में भी अब अग्निवीर योजना लागू कर दी गई है। अब देश में दो तरह के शहीद होंगे। एक स्थाई सेवा के सैनिक और दूसरे अग्निवीर के सैनिक। अग्नि वीर के शहीदों को ना तो सैन्य सम्मान मिलेगा और ना ही सरकारी सुविधा। उन्होंने यह भी बताया कि राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान केवल कुछ ही चुनिंदा चहेते लोगों को आमंत्रित किया गया। इस पूरे उद्घाटन के दौरान दलित, पिछड़े वर्ग के लोग कहीं नहीं दिखाई पड़े। यहां तक भारत की राष्ट्रपति को भी आदिवासी होने के कारण राम मंदिर के उद्घाटन से वंचित रखा गया। सभा के दौरान नवयुवक सुरेश यादव को मंच पर बुलाकर बताया कि एक जेब कतरा जेब काटने से पहले कैसे नाटक करता है। इधर-उधर की चीज दिखा कर बहलाकर गाढी कमाई पर हाथ साफ कर देता है। उसका भी मंचन करके लोगों को अवगत कराया।


बछरावां में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़े समर्थक।

### जाम में फंसे रहे वाहन

राहुल गांधी की यात्रा के दौरान लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पूरी तरह जाम रहा। आम वाहनों के साथ ही साथ इमरजेंसी सुविधा की एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही।

## भाजपाइयों ने लगाए जय श्रीराम के नारे, गंगाजल से धुली सड़क

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के खूब नारे लगाए। वहीं यात्रा के गुजरने के बाद कस्बे में सड़क को टैंकर से गंगाजल लाकर धुलाई की। बछरावां भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा की अगुवाई में दर्जनों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने कस्बे की सड़कों को गंगाजल से धुलकर राहुल की यात्रा का विरोध किया। मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रवेश वर्मा ने बताया कि सनातन धर्म का विरोध करने वाले राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पश्चात हम लोगों ने उनके अपवित्र विचार जो बछरावां की सड़कों पर गूंजे हैं उसको मिटाने के लिए कस्बे की सड़कों को गंगाजल से धोया है, ताकि बछरावां कस्बा सनातन विरोधियों की वाणी से अपवित्र न हो सके। इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी ने भी राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराने पर राहुल गांधी और उनकी पार्टी को आड़े हाथों लिया और उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ढकोसला बताते हुए 2024 में रायबरेली में कमल खिलाने की बात कही।



न्याय यात्रा गुजरने के बाद बछरावां में गंगाजल से सड़क को धुलते भाजपाई।

## झलकियां

1- राहुल की न्याय यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी भागीदारी रही है। सड़कों के किनारे खड़ी महिलाए भी राहुल को देखने के लिए उत्साहित रही।

2- शहर की गलियां पोस्टरों से पटी रही। पूरे यात्रा के दौरान कांग्रेसी उत्साह से लबरेज रहे।

3- राहुल की यात्रा में बच्चों की भी भागीदारी रही, झंडा और टोपी लगाए बच्चे स्वागत के लिए खडे रहे।

4- राहुल के स्वागत में शहर को गुब्बारो से सजाया गया था। पूरे यात्रा मार्ग पर तिरंगा गुब्बारो से पाट दिया गया।

5- कई बार पुलिस को पब्लिक को कंट्रोल करने के लिए कडी मेहनत करनी पड़ी। लेकिन उत्साही कार्यकर्ता पुलिस की रस्सी लांघ आगे निकल जाते थे।

6- राहुल की कार के बगल से गुजर रहे लोगो पर उनके सुरक्षा कर्मियों की पैनी नजर रही। कई बार सुरक्षा कर्मियों ने लोगो को टोका, लेकिन लोग मानने को राजी नही थे।

## कांग्रेसी करते रहे इंतजार राहुल की नहीं रूकी कार

**हरचंदपुर, रायबरेली।** हरचंदपुर कस्बे में हर किसी को राहुल गांधी का बेसब्री से इंतजार था। पूरा कस्बा बैनर और पोस्टर से पटा रहा। काफिल दिखाई देते ही लोग उत्साहित होकर नारेबाजी भी करने लगे। लेकिन राहुल गांधी का काफिला बिना रूके ही आगे निकल गया। इनका काफिला शाम करीब चार बजे रायबरेली से हरचंदपुर होते हुए लखनऊ निकल गया। इससे कांग्रेसियों में मायूसी छा गई। वहां से कोसते हुए घर चले गए। इस मौके पर प्रमेन्द्र पाल सिंह (गुलाटी), जयकांत सिंह, दिनेश सिंह, अनूप अवस्थी आदि मौजूद रहे।


राहुल गांधी के नहीं रूकने पर मायूस हुए कार्यकर्ता।

## जनता मंहगाई और बेरोजगारी से बहुत परेशान: योगेंद्र

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अनवरत चल रहे स्वराज इंडिया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव मंगलवार को जिले में पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के दौरान विकास भवन में धरने पर बैठे किसान इंद्रेश सिंह से मिलने पहुंचे। विकास भवन में धरने पर बैठे इंद्रेष सिंह ने बताया कि मेरी जमीन दंबग लोगों से कब्जा कर रखा और मैं पिछले डेढ़ महीने से धरना दे रहा हूं, लेकिन मेरी बात प्रशासन नहीं मान रहा है। विकास भवन के बाद योगेंद्र यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ में पहुंचकर डिग्री कॉलेज चौराहे पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में जनता बेरोजगारी और मंहगाई से बहुत ही परेषान हैं। किसानों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है और वे अपने हक को लेकर दिल्ली तक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार को हराने का काम करेगी। इस मौके पर स्वराज इंडिया पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एपी सिंह, अहमद, विवेक, राकेश, अर्चना श्रीवास्तव, हाशिम, जिलाध्यक्ष राम विलास यादव, पुष्कर पाल, शिव प्रताप मौर्य, नंदन, सीमा, ललित, आदित्य, संजय कुमार, रिषभ यादव, अश्वनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


न्याय यात्रा में शामिल होने पहुंचे स्वराज इंडिया पार्टी के योगेंद्र यादव।

# समितियों से किसानों को सशक्त बनाकर सहकारिता को धार देंगी स्मृति ईरानी

▸▸ परशदेपुर में सहकारिता सम्मेलन आज, केंद्रीय मंत्री विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन कर लाभार्थियों को करेंगी ऋण वितरण

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली



अमृत विचार। समितियां अब सिर्फ खरीदार नहीं बनेंगी बल्कि उत्पादों की बिक्री कर सशक्त भी बनेंगी। समितियों को सशक्त बनाकर सहकारिता को धार देने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज अमेठी संसदीय क्षेत्र के परशदेपुर कस्बे में आयोजित सहकारिता सम्मेलन में शामिल होंगी। उनके द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किया जायेगा।

> दीदी स्मृति द्वारा सहकारिता सम्मेलन में समितियों के माध्यम से किसानों को सशक्त व रोजगार से जोड़ने के लिए कई कार्यक्रमों का उद्घाटन किया जायेगा। सम्मेलन में अमेठी संसदीय क्षेत्र के सलोन व तिलोई से हजारों किसान शामिल होंगे।
>
> –विवेक विक्रम सिंह
> अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक

सहकारिता मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे "सहकार-से-समृद्धि" कार्यक्रम के तहत रायबरेली में बी-पैक्स अपने आर्थिक कार्यों का विविधिकरण व विस्तार कर रही है जिससे बी-पैक्स से जुड़े छोटे व सीमान्त किसानों की आय में वृद्धि हो सके। वहीं समितियों को इस तरह तैयार किया जा रहा जिससे वो सिर्फ खरीददार नहीं बल्कि उत्पादों की बिक्री कर सशक्त भी हो सकें। अमेठी संसदीय क्षेत्र के सलोन और तिलोई विधान सभा की समितियां रायबरेली जिले में आती हैं।

बुधवार को कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दोनों विधान सभा में सक्रिय की गई 07 बी-पैक्स में उर्वरकों की उपलब्धता का शुभारंभ करेंगी। साथ ही एक दर्जन समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन भी करेंगी। बी-पैक्स मऊ में जन औषधि केंद्र का शिलान्यास भी करेंगी। सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवकों को चेक व प्रमाण पत्र वितरण करेंगी। इसके अलावां उनके द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किया जायेगा।

## एक नजर

### अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार

खीरों, रायबरेली। मंगलवार को उपनिरीक्षक राजबहादुर अपने सहयोगी मुख्य आरक्षी जसवंत सिंह और आरक्षी मनीष कुमार सिंह के साथ क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान लालगंज-गुरुबक्सगंज मार्ग पर रौला मोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। जो पुलिस को देखकर गुरुबक्सगंज की ओर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने उसे दौड़ा कर पकड़ा। उक्त बुजुर्ग ने खुद को एकौनी निवासी हरिपाल उर्फ टुल्लू बताया। उसके पास से तीन सौ पचास ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

### छेड़खानी का विरोध करने पर भाई को पीटा

जगतपुर, रायबरेली। थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह अपने भाई के साथ बाइक से जगतपुर की तरफ जा रही थी। तभी गांव के ही तीन लोगों ने रास्ते में उसे बाइक से खींच लिया और छेड़खानी करने लगे। भाई ने जब इस बात का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की और उसकी बाइक भी तोड़ डाली। आसपास के लोगों द्वारा किसी तरीके बीच बचाव किया गया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर गांव के ही तीन लोगों को नामजद किया। थानेदार बबिता पटेल ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### सफाई कर्मी संघ के तीसरी बार अध्यक्ष बने जसवंत

ऊंचाहार, रायबरेली। ब्लॉक मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाईकर्मचारी संघ के ब्लाक कार्यकारिणी स्तर पर आयोजित चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष समेत पांच पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। मंगलवार को संगठन के जिलाध्यक्ष रनबहादुर यादव, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रकाश और विंदेश्वर प्रसाद मिश्र की मौजूदगी में ब्लाक कार्यकारिणी गठन को लेकर चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए जसवंत यादव तीसरी बार निर्वाचित हुए। 150 सफाईकर्मचारियों में से अध्यक्ष पद के लिए 104 कर्मियों ने मतदान किया, जिसमें जसवंत यादव को 52 मत मिले, उनके प्रतिद्वंद्वी अमृतलाल को 50 मत मिले। जबकि 2 मत अवैध रहे, जसवंत यादव 2 मतों से जीतकर तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए, इसके अलावा महामंत्री पद के लिए मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए मेवालाल, संगठन मंत्री पद के लिए रामशरण तथा संप्रेक्षक पद के लिए नीलकमल निर्वाचित हुए।

# अवैध कब्जेदारों पर करें सख्त कार्रवाई : डीएम

▸▸ संपूर्ण समाधान दिवस पर अवैध कब्जों की शिकायत पर डीएम ने जताई नाराजगी

महराजगंज रायबरेली।

अमृत विचार। मंगलवार कों सम्पूर्ण समाधान दिवस पहुंची डीएम हर्षिता माथुर के समक्ष राजस्व संबंधी सर्वाधिक 29 मामले आए जिसमें सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारी के मुद्दे प्रमुख रहे। मौके पर हलोर प्रधान पति रिंकू चौधरी ने पट्टा अवैध होने के बावजूद पैसा लेकर लेखपाल द्वारा लोगो कों जमीन कब्जा कराने का आरोप लगाया।

ताजुद्दीनपुर निवासी हरिहर सिंह ने गांव में नियुक्त रोजगार सेवक देवनाथ द्वारा मनरेगा मजदूरी भुगतान में भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की। कस्बे की शांति नगर सभासद ऊषा त्रिपाठी द्वारा वार्ड में जर्जर विद्युत पोल बदलने व रविवार कों साफ सफाई कराने का मुद्दा उठाया।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनतीं डीएम।

रिंकू जायसवाल द्वारा मस्जिदों से लाउड स्पीकर हटाने तथा मेला ग्राउंड से अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग। अटर गांव निवासी रामलखन द्वारा लेखपाल राजेंद्र भारती पर चक मार्ग में गलत नाप की शिक़ायत की। कस्बा निवासी शमसुल हक द्वारा चंदापुर चौराहा स्थित मकान के बाहर अवैध रूप से खड़े रहने वाले टैम्पो की शिकायत डीएम से की। डीएम हर्षिता माथुर द्वारा सभी शिकायतो कों गुणवत्ता एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण के सख्त निर्देश दिए गए। मौके पर कप्तान अभिषेक अग्रवाल, सीएमओ वीरेंद्र सिंह, एसडीएम राजित राम गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, ईओ अपर्णा मिश्रा सहित समस्त विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीएम ने किया सम्मानित

राजभवन में मुख्यमंत्री के समक्ष राज्यपाल आनंदी बेन के हाथों प्रशस्ति पत्र पाए पुरासी क्षेत्र के प्रगतिशील किसान गंगासागर पांडेय द्वारा तहसील सभागार पहुंच डीएम हर्षिता माथुर कों विपरीत जलवायु में कड़ी मेहनत व लगन से अपने खेतो में जैविक विधि से लगे पेड़ों के कश्मीरी बेर की टोकरी भेंट की। जिसकी सराहना डीएम ने भी की।

### राजस्व टीम को भेजा

व्यापार मण्डल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने जिलाधिकारी से पूरे सुखई स्थित मेला मैदान की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच में अवैध कब्जे को पाए जाने पर प्रशासन ने जेसीबी से गिरवाकर कब्जा खाली करा दिया।

### तहसील दिवस में आईं 26 शिकायतें, चार का निस्तारण

ऊंचाहार, रायबरेली। शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 26 शिकायती पत्र आये, जिसमें चार शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर भेजी गई है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी। खरौआ कुंआ निवासी विशाल कुमार ने धमधमा निवासी व्यक्ति पर पैसा वापस न करने की शिकायत की, गोकना निवासी सुशीला देवी ने बन्द पड़े नल के मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की, सेमरी रनापुर निवासी हुस्ना बेगम ने जमीन पर निर्माण किये जाने में पड़ोसी पर अवरोध उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की, पूरे बाबा इटौरा बुजुर्ग निवासी रोहित कुमार ने गाँव की ही महिला पर अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की, पूरे कुमेदान निवासी हरिनारायण, रमाकांत, रामसुंदर ने गंगा एक्सप्रेस वे के तहत अधिग्रहीत भूमि के मुवावजा न मिलने की शिकायत की।

## उखड़ चुके इंडिया मार्का हैंड पाइप की सेक्रेटरी ने कागज पर करा दी मरम्मत

ऊंचाहार , रायबरेली , अमृत विचार। इंडिया मार्का हैंड पाइप की मरम्मत के मामले में की गई शिकायत पर ग्राम विकास अधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर गलत आख्या रिपोर्ट लगा दी। गांव में जो हैंड पाइप उखड़ चुके हैं। सेक्रेटरी ने कागज पर उनकी भी मरम्मत करा दी है। जिसकी शिकायत ग्रामीण ने मंगलवार को समाधान दिवस में की है। मामला क्षेत्र के गोकना ग्राम पंचायत का है। गांव के ग्राम पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह ने गांव के खराब पड़े इंडिया मार्का हैंड पाइप के बारे में विभिन्न स्तर पर शिकायत की थी, जिसमें ग्राम विकास अधिकारी से आख्या रिपोर्ट मांगी गई। ग्राम विकास अधिकारी ने अपनी आख्या रिपोर्ट में लिख दिया कि सभी हैंड पाइप की मरम्मत हो चुकी है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि एक भी हैंड पाइप की मरम्मत नहीं हुई है। गांव की महिला सुशीला देवी ने मंगलवार को समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा है कि गांव के दलभारी सिंह के दरवाजे, सत्येंद्र सिंह के घर के पीछे, नरेंद्र निषाद के दरवाजे, शमशान घाट पर, आशाराम के दरवाजे, राम लखन के दरवाजे पर स्थित हैंड पाइप आज भी खराब पड़े हैं। यही नहीं भीम शंकर मिश्र के घर के पीछे रमेश सिंह के घर के पीछे और रामजीत के घर के सामने स्थित हैंड पाइप को तो उखाड़ दिया गया है। लेकि सेक्रेटरी ने अपनी आख्या में इन हैंड पाइप की भी कागज पर मरम्मत करा दी है।

# खाकी को चुनौती, बदमाशों ने टोल कर्मियों पर किया फायर

▸▸ देर रात की घटना, पुलिस चौकी के निकट घटना को दिया अंजाम

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। चौकी से चंद कदम की दूरी पर नकाबपोश बदमाशों ने टोल कर्मियों पर तमंचे से फायर झोंक दिया। घटना के दौरान टोल कर्मी अपनी जान बचाकर बूथ के अंदर छिपकर अपनी जान बचाई। सोमवार की देर रात्रि दिल्ली नंबर की एक कार ने टोल के तीन नंबर बूम को तोड़कर आगे निकलने लगे। टोलकर्मियों ने आवाज देकर गाड़ी को रुकने का इशारा किया।

इतने में गाड़ी से उतरे दो नकाबपोश बदमाशों ने अवैध असलहे से टोल कर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान जान बचाने के लिए टोल कर्मी बूथ के समीप छुप गए। इस दौरान कई राउंड फायरिंग की गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल घटना की सूचना चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा को दी। लेकिन आधे घंटे तक एक भी पुलिस कर्मी वारदात स्थल पर नहीं पहुंचा। वही टोल कर्मियों को धमकाते हुए बदमाशो मौके से फरार हो गए।

टोल मैनेजर लवकुश यादव ने दोनो बदमाशो की पहचान करते हुए बताया की एक बदमाश का नाम कुलदीप सिंह पुत्र रामबली सिंह ऊछापुर भौदौरियन का पुरवा उदयपुर और शिवा पासी पुत्र लवकुश प्रतापगढ़ है। क्षेत्राधिकारी वन्दना सिंह ने बताया की दोनो बदमाशो के विरुद्ध टोल मैनेजर की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। बदमाशों की अपराधिक हिस्ट्री खंगाली जा रही हैं। बदमाशो की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है।




इसी कार से निकलकर बदमाशों ने की थी फायरिंग।



टोल में फायरिंग के निशान।

### बदमाशों को नहीं पुलिस का खौफ, लोगो में दहशत

सलोन, रायबरेली। अगर कहा जाए की बदमाश पुलिस के साथ चोर सिपाही का खेल खेल रहे हैं तो वर्तमान परिस्थितियों के हिसाब से शायद यह गलत नहीं होगा। सलोन क्षेत्र के करहिया बाजार में बेखौफ हुए तमंचाधारी बदमाश एक के बाद एक घटनाओ को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं।
वही पुलिस लाचार और असहज दिखाई दे रही है। बीती रात टोल पर तमंचे से टोल कर्मियों के ऊपर बदमाशो द्वारा हुई घटना कोई पहली बार नही हुई है। इससे पूर्व भी करहिया क्षेत्र के गोलियों की तड़तड़ाहट से ग्रामीण खौफ जदा हो चुके है। 13 मार्च 2021 को बरुआ चौराहे पर आशीष पांडे पुत्र राजेन्द्र पांडे निवासी कमालुद्दीनपुर के ऊपर निमंत्रण जाने के दौरान पहले से घात लगाए बैठे बदमाशो ने फायर झोंक दिया था। 26 अक्टूबर 2022 को कारहिया चौकी क्षेत्र के नुरुद्दीनपुर निवासी राजशर्मा पुत्र सरोज शर्मा के ऊपर मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह समेत नकाबपोश बाइक सवार तीन बदमाशो ने जानलेवा हमले की नीयत से तमंचे से फायर झोक दिया था। एक वर्ष बाद कुलदीप सिंह ने एक बार फिर करहिया क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए घटना को अंजाम दिया है।
सोमवार की रात की घटना से पुलिस पर सुरक्षा का भरोसा करने वाली जनता अब खुद को असुरक्षित महसूस करने लगी है। बदमाश खाकी की नाक के नीचे वारदातों को अंजाम देकर चुनौती दे रहे हैं। खबर भेजे जाने तक एक भी नामजद बदमाश को गिरफ्तार करने में पुलिस ने कामयाबी हासिल नहीं की है। जिससे जनता का खाकी से भरोसा टूट रहा है।

# 107 नेत्र रोगी मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रहे स्व. दिग्विजय सिंह उर्फ मुन्ना भैया की स्मृति में कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव दिनेश यादव व स्व. मुन्ना भैया के बेटे समाजसेवी सत्येंद्र सिंह उर्फ राजा भैया द्वारा क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ से आई सात सदस्यीय टीम ने नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मिजानुर इस्लाम के नेतृत्व में शिविर में आए 210 नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण किया। साथ ही 107 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया।



नेत्र शिविर में मौजूद लोग। अमृत विचार

शिविर के आयोजक दिनेश यादव व समाजसेवी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित सभी नेत्र रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। दिनेश यादव ने कहा कि गरीब, बेसहारा, वृद्धों, दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों की आंखों की रोशनी को संरक्षण प्रदान करना, उनकी सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष गौरव मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, ममता सिंह, राजू त्रिवेदी, मोहम्मद रईस, संतोष द्विवेदी, आशीष यादव, रामू रावत, महादेव, संतोष, पिंटू, रामकिशोर मौर्य, अशोक यादव, श्रवण कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### राहुल गांधी ने युवाओं का किया अपमान

संवाददाता, रायबरेली। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी पर यूवाओ के अपमान करने पर माफी मांगने की बात कही है। उन्होंने कहा कि रायबरेली आगमन पर बमुशिकल उनके स्वागत व जनसभा में रायबरेली के 1000 लोग भी नहीं इक्ट्ठा हुए, जबकि उनके साथ उत्तर प्रदेश के बाहर के 500 से अधिक लोग साथ चल रहे थे। रायबरेली आकर उन्होंने अपनी वाणी, आचारण और कृत्यों से यह सिद्ध कर दिया की इस देश के सबसे अयोग्य जनप्रतिनिधि यही है। अपनी गाड़ी पर पिछडों के आरक्षण का बैनर लगाकर पत्रकार के साथ अभद्रता की। लोगो को उकसाया। मैं इस कृत्य की घोर निन्दा करता हूं। इस अपमान का बदला आने वाले चुनाव में कांग्रेस को हरा कर देगा।

### जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पूरे जीत मजरे हरीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। मारपीट की घटना में घायल गौरव सिंह पुत्र मनोज सिंह ने गांव के ही कमल पुत्र अमरपाल, मनोज सिंह पुत्र अमरपाल, प्रीति पत्नी अरुण सिंह और अमरपाल के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। गौरव सिंह ने बताया कि गांव की कुछ जमीन का विवाद है। जिसका मुकदमा प्रतिपक्षी गणों से चल रहा है। विवादित जमीन पर विपक्षी मिट्टी डाल रहे थे। मना करने पर उसको मारा पीटा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ग्राउंड सेरेमनी के दौरान फार्मेसी कॉलेज के अध्यक्ष सम्मानित

लालगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान परमेश्वरी देवी त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला महाविद्यालय फार्मेसी कॉलेज के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शुक्ला भी सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किए गए। सरेनी स्थित फार्मेसी कॉलेज के प्रबंधक सत्यम शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को रोजगार देने और बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा देने के उद्देश्य से फार्मेसी कॉलेज खोला गया है। कॉलेज के प्रबंधक सत्यम शुक्ला ने बताया कि यूपी के विकास में रायबरेली के उद्यमियों का भी विशेष सहयोग है। रायबरेली के अलंकृता रिसॉर्ट में आयोजित ग्लोबल समिट के दौरान कॉलेज के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शुक्ला को सम्मानित किया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का लटकता मिला शव

सतांव, रायबरेली, अमृत विचार। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे जिया का पुरवा मजरे जैतीपुर गांव में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोमल पुत्र भारत लाल निवासी पूरे जिया का पुरवा मजरे जैतीपुर सोमवार की देर शाम शौच के घर निकला था। देर रात तक घर वापस ना आने पर परिवारजनों ने उसकी तलाश शुरु की। सुबह ग्रामीण शौंच के लिए खेतों की तरफ गये तो बाग में कटहल के पेड़ से उसका शव फांसी के फंदे से लटका देखा। घटना की जानकारी होते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### असली व नकली किन्नरों में हाथापाई

महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के एक गांव में शगुन मांगने को लेकर असली व नकली किन्नर के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। असली किन्नरों को जब एक नकली किन्नर द्वारा वसूली करने की जानकारी हुई तो भड़क गई। असली किन्नरों ने नकली किन्नर को थाने पहुंचाकर जमकर बवाल मचाया। मंगलवार सुबह पूरे मचाल मजरे सारी पुर गांव में अंगूरी किन्नर के साथ गोपी, पलक, सौम्या, प्रिया सहित कई किन्नर गांव में शगुन मांगने गए। वहां पहले से ही क्षेत्र के सेनपुर निवासी समशुन निशा अपने बेटे के साथ शगुन मांग रही थी। असली किन्नरों ने विरोध किया तो नकली किन्नर बनी समशुन निशा ने गाली गलौज व हाथापाई शुरू कर दी। इस पर असली किन्नरों ने इकट्ठे होकर नकली किन्नर कों थाने लाकर पुलिस कों तहरीर दी। मौके पर दोनों पक्षों में हाथापाई होने की बात भी सामने आई है। जहां कोतवाली पुलिस ने मामले को शांत कराया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि असली किन्नरों की तहरीर पर नकली किन्नर सहित तीन के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### मुसहा की टीम ने जीत की दर्ज



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

महराजगंज रायबरेली, अमृत विचार। क्षेत्र के मऊ में हनुमानगढ़ी मैदान पर मऊ, मुरैनी, सिकंदरपुर एकता क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवे संस्करण का शुभारंभ मंगलवार को पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच में मुसहा की टीम ने टॉस जीतकर मऊ को बल्लेबाजी का न्योता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मऊ की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 121 रन बनाए। जवाब में मुसहा की टीम ने 9 विकेट खोकर 13 वे ओवर में ही 121 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस दौरान मातफेर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह (दद्दू), मोंगा सिंह, भोलू सिंह, प्रधान दिलीप तिवारी, अंजनी गुप्ता व लवलेश पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### 103 युवाओं को मिला रोजगार

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ब्लाक परिसर में लगे रोजगार मेले में 216 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कई कंपनियों द्वारा इन बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें 103 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार कैंप के बारे में धर्मेंद्र मिश्रा जिला कौशल प्रबंधक ने बताया की शासन के निर्देश पर कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवा योजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मेले का आयोजन कराया गया।



रोजगार मेला में नामांकन कराते अभ्यर्थी।

### राम वनगमन प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के बहुदाखुर्द में चल रही श्रीरामचरित मानस पाठ ज्ञान महायज्ञ के पांचवें दिन पंडित भगवती दुबे ने अपने मृदुल कंठ से राम वनगमन, श्रीराम केवट संवाद प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीराम के वनगमन की कथा सुनकर श्रोताओं की आंखें भर आईं। उन्होंने कहा कि एक बार मां भवानी ने भोले शंकर से कहा 'कहहु पुनीत राम गुन गाथा, भुजंगराज भूषण सुर नाथा। इस पर भोलेनाथ ने कहा कि धन्य-धन्य गिरिराज कुमारी, तुम्ह समान नही को उपकारी।' हे भवानी सुनो राम कथा के श्रवण से कामी, क्रोधी, पापी तर जाते हैं, उनको मोक्ष प्राप्त हो जाते हैं। उन्होने कहा कि भगवान शिव ने कहा हे महाकाली नौका मांगने के पीछे का रहस्य आज मैं तुम्हे सुनाता हूं सो सुनो। एक बार देवराज इंद्र की सभा में गंधर्व चित्रकेतु गीत सुना रहे थे। वहां सभी देवता व संत ऋषि मौजूद थे। उनमें महाक्रोधी दुर्वासा भी मौजूद थे। गीत चल ही रहा था कि चित्रकेतु से व्यंग हो गया। इस दौरान कथा आयोजक इंद्रजीत राजपूत ,हरिश्चंद्र राजपूत, विंदा मौर्य, संत राम मौर्य, रामदेव गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, बजरंग, राजकुमार, प्रेमचंद आदि लोग मौजूद रहे।

### ऊंचाहार एक्सप्रेस की चपेट में आकर युवक की मौत

सेमरी, रायबरेली। ऊंचाहार से चंडीगढ़ जा रहीं ऊंचाहार एक्सप्रेस की चपेट में रघुराजसिँह क्रॉसिंग के आगे भगतखेड़ा गांव के पास रामबहादुर पुत्र राममोहन निवासी मोहनपुर थाना खीरों आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# दामाद के घर शटरिंग खोल रहे ससुर की गिरकर मौत



घटना के बारे में पूछताछ करती पुलिस।

शिवगढ़, रायबरेली। थाना क्षेत्र के गंगादीन का पुरवा मजरे चितवनियां में दामाद के यहां शटरिंग खोल रहे ससुर की छत से गिर कर मौत हो गई है। इससे हड़कंप मच गया। अमेठी जनपद के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव के रहने वाले रामस्वरुप (57) अपने दामाद सर्वेश निवासी गंगादीन का पुरवा मजरे चितवनियां आए थे।

दामाद सर्वेश का मकान बन रहा था। इसलिए उसने अपने ससुर को मदद के लिए बुला लिया था। रामस्वरूप मंगलवार को शटरिंग की साइड खोल रहा था। अचानक रामस्वरूप का पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। इससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने रामस्वरूप को मृत घोषित कर दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डा. सौरभ ने बताया कि मृत अवस्था में ही अधेड़ को अस्पताल लेकर आए थे। उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष शिवगढ़ अरविन्द सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बच्चों की विदाई में हर कोई भावुक, किया पुरस्कृत

सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। एसएम सिंह सरस्वती विद्या मंदिर दरियावखेड़ा मे रामचरितमानस पाठ के बाद हवन पूजन किया गया। इसके साथ वर्तमान सत्र के इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं का शुभ आशीष कार्यक्रम संपन्न हुआ। इंटरमीडिएट की छात्रा अंशिका सिंह के विदाई गीत पर सभी की आंखे नम हो गयी। छात्र कुलदीप ने कहा कि मै तो डाली के उन पत्तों की तरह हूं जो न चाहते हुए भी टूट कर गिर जाते है साथ हि नई कोपलों के लिए स्थान छोड़ देते हैं।

इस वाक्यांश को सुनकर उपस्थित सभी जनमानस भाव विभोर हो गये। प्रबंधक भीम सिंह ने कहा कि यह विदाई नही बल्कि उन्नति समारोह है। विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका गायत्री सिंह ने कहा कि विदाई के क्षण तो हमेशा ही दुखदाई होते है, किन्तु यह विदाई आगामी जीवन के पथ पर सफलताओं के लक्ष्य की ओर बढ़ने की शुभकामनाएँ देने के लिए है। कक्षा 10 से छात्रा वैष्णवी



विद्यालय में हवन पूजन करते शिक्षक।

तिवारी, राजनंदनी पायल व छात्र विनय जबकि इंटर में छात्रा भूमिका, शिखा, मीनाक्षी शामिल रहे। कक्षाध्यापक अंकुर सिंह, आदित्य सिंह, महेन्द्र सिंह व सावित्री यादव द्वारा पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय व्यवस्था प्रमुख अंजय सिंह ने बच्चों को परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्ति के लिए बिना भयभीत हुए परीक्षा में शामिल होने की बात कही। इस मौके प्रभाकर, धर्मेंद्र, उपेंद्र, रोशन, राहुल, जितेंद्र, राजेश, सचिन, राधेश्याम, सत्यम, अखिलेश, बाबू, नीरज, सरेनी खंड कारवां राष्ट्रीय स्वयं सेवक सविता, अनामिका शिवानी, पूजा, अंकिता, मुस्कान, रचना, आशा, सुरेश आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता को पीटा, केस दर्ज

लालगंज, रायबरेली। पूरे भिखारी मजरे नकफुलहा गांव निवासी महिला लक्ष्मी देवी पत्नी मोहनलाल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर ससुराली जनो पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता लक्ष्मी देवी की माने तो उसका विवाह 5 वर्ष पूर्व ऐहार निवासी सोहनलाल पुत्र रमाकांत के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही कम दहेज लाने का ताना देकर ससुराली जन उसके साथ मारपीट करते थे। अगस्त 2023 में लक्ष्मी देवी की सास सिया दुलारी ने उससे कहा कि अपने पिता से दो लाख रुपए की मांग की। पैसा ना मिलने पर लक्ष्मी देवी के पति मोहनलाल, देवर सोहनलाल, ससुर रमाकांत और सासु सिया दुलारी ने उसे मारपीट कर भगा दिया। मामले में कोतवाली लालगंज पुलिस ने सुनवाई नहीं की जिसके कारण महिला को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। अब कोर्ट के आदेश पर चारों ससुराललली जनों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

## विधायक ने पुलिस परीक्षा लीक में सीएम को लिखा पत्र



संवाददाता, रायबरेली। पुलिस परीक्षा लीक होने के प्रकरण में हरचंदपुर सपा विधायक राहुल लोधी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दोबारा परीक्षा कराए जाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा कि ग्रामीण क्षेत्र में मध्यम वर्गीय परिवार के लोग अपने बच्चे को उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही बनने का सपना देखते है। जिसके लिए परिवार कड़ी मशक्कत करके अपने बच्चे को अच्छी से अच्छी कोचिंग में पढ़ाकर और हजारों लाखों का खर्चा वहन करते है। खूब मेहनत करके जब एक युवा पेपर देकर बाहर निकलता है तो उसे पता चलता है पेपर तो लीक हो गया है। यह सुनते ही उसके साथ साथ पूरे परिवार की उम्मीदें धूमिल हो जाती है। 50 लाख बच्चों के परिवार लगभग 2.50 करोड़ लोगों की उम्मीद तब टूट गई जब उत्तरप्रदेश पुलिस में सिपाही पद हेतु लिखित परीक्षा में एक नहीं चारों पालियों के पेपर लीक हो गए। आखिर इन परिवारों और बच्चों की क्या गलती है?

## एक नजर

### जंगली जानवर के हमले से दो किसान घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** बगदाद गांव में जंगली जानवर के हमले में दो किसान उस समय घायल हो गए। जब खेतों में काम कर रहे थे। घायलों को परिजनों द्वारा गांव में ही इलाज कराया गया। बताते चले कि बगदाद गांव निवासी बब्लू राठौर 30 वर्ष पुत्र विकट जो खेत में बरसीम काट रहा था, तभी जंगली जानवर ने हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया। इसी तरह बृजेश मिश्रा 32 वर्ष पुत्र नरेश खेत में खाद डाल रहा था, तभी जंगली जानवर ने उसे भी शिकार बनाया। जिसमें वह भी गंभीर घायल हो गया। घायलों ने गांव में इलाज कराने की जानकारी बताई जा रही है। इसी तरह से ईश्वरपुर साई गांव में भी एक महिला के जंगली जानवर के हमले में घायल होने की जानकारी बताई जा रही है।

### बंदरों के हमले में टूटे दोनों हाथ, सिर में आई गहरी चोंट

**हरदोई, अमृत विचार।** अधेड़ पत्नी के साथ स्कूटी से आ रहा था,उसी बीच हरदोई-शाहजहांपुर हाई-वे पर बंदरों ने हमला बोल दिया, जिससे अधेड़ और उसकी पत्नी दोनों गिर पड़े। अधेड़ के दोनों हाथ टूट गए और सिर में गहरी चोंट लगी है। पत्नी भी ज़ख्मी हो गई। बेहटा गोकुल निवासी 50 वर्षीय अंसार अहमद मंसूरी देर शाम अपनी 45 वर्षीय पत्नी रुखसाना के साथ स्कूटी से शहर आ रहा था। उसी बीच रास्ते में हाई-वे पर बेहटा गोकुल गन्ना सेंटर के पास बंदरों ने उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे अंसार और उसकी पत्नी रुखसाना सड़क पर गिर पड़ी। तमाम राहगीर उन दोनों को उठाने दौड़ पड़े। अंसार के दोनों हाथ टूट गए,सिर में काफी गहरी चोंट पहुंची है। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

# बैनामा से अधिक अधिग्रहण की जा रही भूमि, लगाई जाए रोक

## समाधान दिवस में भाकियू के मंडल अध्यक्ष ने डीएम को सौंपा मांग पत्र

बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** संपूर्ण समाधान दिवस में आए भाकियू के मंडल अध्यक्ष राज बहादुर सिंह ने जिलाधिकारी एमपी सिंह को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत वेरुआ निजामपुर स्थित रजवहा से निकले नाला द्वारा किसानों की सिंचाई होती है इस समय गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण से किसान खुश है, किंतु सिंचाई के साधन बंद करके अथवा रास्ता रोक कर किया गया कार्य रोजी-रोटी में बाधा पैदा कर रहा है, इसलिए हम सब की मांग है कि नाला व रास्ता खुलवाकर समस्या का समाधान किया जाए।

ग्राम पंचायत बेहटी खुर्द कटरा बिल्हौर हाईवे के किनारे बसा है हाईवे से बेहटी खुर्द तक पक्का मार्ग बना है। जिसमें शहीद सत्यम कुमार पाठक इस ग्राम पंचायत के निवासी हैं उनके नाम अमर शहीदों की श्रेणी में सम्मानित बनाए रखने की कड़ी में सड़क का नाम करने तथा अन्य सुविधाएं जो शासन से आती हैं वह प्रदान की जायें। तत्कालीन प्रशासन द्वारा इस सड़क को हाईवे वालों के द्वारा बंद किया गया उसे खुलवा कर दूसरा निकास जहां से डामर रोड है वहीं से बनवाया जाए। गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण हेतु संबंधित किसानो ने जमीन विधिवत बिक्री बैनामा कर दिया है, किंतु अब कुछ किसान महादेव पुत्र परशुराम, राम शंकर पुत्र रामस्वरूप निवासी बशहर तथा विनय कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, सर्वेश श्रीपालआदि लोगों की बैनामा से अधिक जमीन अधिग्रहण की जा रही है उसे तत्काल रोका जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएमओ, जिला विकास अधिकारी, पीडी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बीएसए सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सीडीपीओ एवं थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहें।



बिलग्राम में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों की शिकायतें सुनते डीएम।

### भाकियू (भानु) के जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**हरदोई।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिलाध्यक्ष समर सिंह के नेतृत्व में किसानों ने सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा और चेतावनी दी। अगर उनकी मांगों का निस्तारण शीघ्र न कराया गया तो किसान संगठन के पदाधिकारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### पैमाइश के बाद भी दबंग नहीं छोड़ रहे कब्जा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील के मझिला थाना अंतर्गत ग्राम भिटारा आलमनगर राम तीरथ के अनुसार उसके गाटा संख्या 2089, 2091 पैमाइश क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा की गई थी, उसके बाद भी निशारद पुत्र सामान तथा सामीन और गंगाराम ने कब्जा कर रखा है। एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में राम तीरथ ने कहा है कि जब वह अपना कब्जा छोड़ने के लिए कहता है तो उपरोक्त दबंग उसे जानमाल की धमकी देते हैं। एसडीएम को शिकायती पत्र देकर उसने कब्जा दिलाने की मांग की है।

### अवैध कब्जों को लेकर लेखपालों को फटकार

**हरदोई, अमृत विचार।** तहसील बिलग्राम में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना समाधान दिवस, सीएम डैश बोर्ड एवं जनता मिलन में आने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता परक, मानक के अनुरूप एवं निर्धारित समय में कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान सरकारी, पट्टे की भूमि एवं अन्य गरीबों की भूमि तथा मकान आदि पर कब्जों की शिकायत पर काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कानूनगो एवं लेखपालों को फटकार लगाई। कहा कि अपनी ग्राम पंचायतों का नियमित भ्रमण करें और सरकारी तथा पट्टे की भूमि व गरीबों की भूमि एवं मकान आदि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। अगर कोई सरकारी आदि भूमि पर प्लाटिंग कर जमीन की बिक्री कर रहा है तो केस दर्ज कराकर जेल भेजें। समाधान दिवस में मौजूद पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि गांव के भूमाफियों को चिहिन्त करें और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सभी सरकारी एवं पट्टे की भूमि कब्जा मुक्त करायें और क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा पुलिस प्रशासन पर जनता का विश्वास हासिल करने के लिए क्षेत्र के दबंग, अपराधी, आराजक तत्वों पर सख्त कार्यवाही करें।



शाहाबाद तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं एसडीएम पूनम भास्कर। अमृत विचार

### 84 शिकायतों में से केवल तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर आई राजस्व की शिकायतों पर एसडीएम ने कर्मचारियों को शिकायतों के निस्तारण पर गंभीर होने की चेतावनी दी। तहसील दिवस में राजस्व और पुलिस से संबंधित कुल 84 प्रार्थना पत्र आए, जिनमें मात्र तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जा सका। अधिकतर राजस्व की ही शिकायतें के आने से एसडीएम नाराज दिखाई दीं। मंगलवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम पूनम भास्कर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर एसडीएम पूनम भास्कर ने उपस्थित राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा सरकार की मंशा के अनुरूप सात दिवस के अंदर समाधान दिवस के प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाए। सरकारी और गरीबों की जमीन पर अगर अवैध कब्जा है तो उसे तत्काल खाली करवाकर कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। राजस्व की अधिकतर शिकायतों पर तीखे तेवर दिखाते हुए कर्मचारियों को समाधान दिवस के प्रति गंभीर होने की चेतावनी दी। इस अवसर पर तहसीलदार नरेंद्र यादव, कस्बा लेखपाल अमित मिश्रा सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## होली की भूमि से कब्जा हटाने की गुहार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम नरसियामऊ के ग्राम प्रधान ने सरकारी होली की भूमि पर किए जा रहे कब्जे के विरुद्ध समाधान दिवस में एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम प्रधान कश्मीर ने बताया गांव में होली की सार्वजनिक भूमि गाटा संख्या 628 जिसका क्षेत्रफल 0 .0250 है। उस पर गांव के ही दुर्गेश और राहुल पुत्रगण विनोद कुमार व सर्वेश पुत्र श्रीपाल जबरदस्ती कब्जा किए हुए हैं। होली की भूमि पर अतिक्रमण कर झोपड़ी डाल दी है, भूसे की बठिया बना ली और वहीं तीनों अपना घूरा डाल रहे हैं। होली का त्योहार आने वाला है। पूरे गांव के लोग समझा रहे हैं, लेकिन विपक्षी दबंग हैं इसलिए भूमि खाली नहीं कर रहे हैं। सोचने वाली बात है जिस प्रदेश के मुखिया महिलाओं को मजबूत कर रहे हैं उनके ही राज्य का ग्राम पंचायत का मुखिया किस कदर डरा हुआ है। उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। मजबूर होकर ग्राम प्रधान ने गांव के रामसिंह, ऋषिपाल, सतने कुमार, गौरव, रतिराम, राजेश, प्रवेश कुमार, काशीराम, रामदास, मंजेश कुमार, भईया लाल सहित डेढ़ दर्जन ग्रामीणों के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में होली की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करवाने की एसडीएम से गुहार लगाई है।

## डिवाइडर से टकराई बाइक दुल्हन के भाई की हुई मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने के बाद दोस्तों के साथ घर जा लौट रहे दुल्हन के भाई की बाइक सांड को बचाने में डिवाइडर से जा टकराई, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। हादसा सोमवार की देर रात शाहाबाद के अल्लापुर तिराहे पर हुआ।

शाहजहांपुर ज़िले के कोतवाली सदर बाजार के मक्कू बजरिया निवासी अजय (25) पुत्र राजेश मेहनत-मज़दूरी करता था। अजय अपने दो भाइयों मे सबसे छोटा था। उसकी शादी नही हुई थी। सोमवार को वह अपनी फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए दोस्तों के साथ शहर आया था। शादी में शामिल होने के बाद अजय देर रात दोस्तों के साथ बाइक से शाहजहांपुर जा रहा था। शहाबाद के अल्लापुर तिराहे पर अचानक सांड़ सामने से आ गया, उसे बचाने के लिए बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बुरी तरह ज़ख्मी हुए अजय की मौत हो गई। जबकि उसके दोस्त बाल-बाल बच गए। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरू कर दी। उधर इसका पता होते ही अजय के घर में कोहराम मच गया।

# मंदिर के द्वार पर लगा दिया विद्युत पोल

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के चौक स्थित जय सिद्ध भोले बाबा मंदिर के ठीक सामने शुद्ध पेयजल के लिए लगाए गए रेफ्रिजरेटर के ठीक सामने विद्युत विभाग के ठेकेदार ने हाई वोल्टेज लाइन का पोल खड़ा कर दिया है जिससे यहां आने वाले भक्त गणों पर खतरा मडराने लगा है। इस संबंध में मंदिर कमेटी ने तहसील दिवस में एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर विद्युत पोल उखड़वाने की मांग की है।

जय सिद्ध भोले बाबा मंदिर चौक कमेटी के सदस्यों ने एसडीएम पूनम भास्कर के समक्ष उपस्थित होकर बताया चौक में प्रसिद्ध जैसे जय सिद्ध भोले बाबा मंदिर स्थापित है। जहां पर भक्तगणों एवं राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए रेफ्रिजरेटर लगाया गया है । उस रेफ्रिजरेटर के सामने और मुख्य द्वार के पास बिजली के ठेकेदार ने रात्रि के वक्त हाई वोल्टेज पोल खड़ा दिया है। जिससे रेफ्रिजरेटर से पानी लेने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है और हाई वोल्टेज पोल होने की वजह से यहां आने वाले भक्तगणों एवं राहगीरों के ऊपर खतरा भी मंडराने लगा है। किसी भी समय कोई भी कर हादसा हो सकता है। मंदिर कमेटी के अनुरोध पर एसडीएम ने विद्युत पोल खड़े करने की जांच के आदेश दिए हैं।



मंदिर के सामने लगाया गया विद्युत पोल।

### टूटा विद्युत पोल हटाने की मांग

**शाहाबाद।** उधरनपुर मोहल्ले में एक व्यक्ति ने अपने छज्जे के नीचे से टूटे हुए बिजली के पोल को हटाने के लिए एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया है। सर्वेश पुत्र रामकृष्ण निवासी उधरनपुर के अनुसार उसके छज्जे के नीचे विद्युत पोल टूटा हुआ खड़ा है, जिससे हर समय हादसे का डर बना रहता है। शिकायतकर्ता ने कई बार बिजली अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया परंतु उसके नहीं सुनी गई। एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए हैं।

## प्रसव बाद महिला की मौत लापरवाही का लगा आरोप

हरदोई

**अमृत विचार।** हरपालपुर सीएचसी में प्रसव के बाद घर पहुंची प्रसूता की वही हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां उसकी मौत हो गई। पिता ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।

बताया गया है कि सुरसा थाने के खुटेहना गांव निवासी रमाकांत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने करीब एक साल पहले अपनी पुत्री प्रतिमा की शादी हरपालपुर थाने के लमकन गांव निवासी सुंदरम उर्फ निशांत के साथ की थी। सोमवार की सुबह उसकी पुत्री प्रतिमा ने हरपालपुर सीएचसी में बेटी को जन्म दिया। उसके बाद उसे डाक्टरों ने छुट्टी दे दी। उसके बाद घर पहुंची प्रसूता प्रतिमा की तबीयत बिगड़ गई। जिस पर तब उसे दोबारा सीएचसी ले जाया गया। जहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। प्रतिमा के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में पति निशांत और उसके घर वालों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

# 189 लाख से होगा मंदिर का सौंदर्यीकरण

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** पौराणिक शीतला माता मंदिर का सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के कार्य कराए जाने के प्रस्ताव को शासन ने मंजूरी दे दी है। लगभग 189 लाख से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

शीतला माता मंदिर संडीला क्षेत्र में स्थित है परिसर में ही एक बहुत पुराना सरोवर भी है। मंदिर में हर महीने दीपोत्सव का आयोजन भी होता है। मंदिर परिसर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने एक नवंबर को सौंदर्यीकरण के लिए प्रमुख सचिव व पर्यटन मंत्री को पत्र भेजा और व्यक्तिगत मिलकर निर्माण कार्य कराने की मांग की थी। जिसमें पर्यटन विभाग से एक टीम आयी थी। पर्यटन अधिकारी दीपांकर चौधरी, प्रदीप सिंह, संडीला विधायक के निर्देश पर अंगूरी शंकर सिन्हा ने सर्वे कराया। शीतला मंदिर के दस्तावेज राजस्व विभाग से लिए गए और शीतला माता मंदिर व सरोवर तथा जंगली शिव मंदिर भरावन को शासन ने सौंदरयीकरण कराये जाने को मंजूरी दे दी थी। जिला पर्यटन अधिकारी श्री चौधरी ने बताया कि 189 लाख रूपये से शीतला देवी मंदिर का जीर्णोद्वार एवं सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। मंदिर के पास ही सेल्फी पॉइंट का निर्माण भी कराया जाएगा। मार्ग व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही यज्ञशाला का निर्माण भी कराया जाएगा। इसके अलावा सरोवर की बाउंड्रीवाल कराये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। भक्तों को रुकने के लिए भवन निर्माण भी कराया जाएगा। परिसर में सोलर लाइट लगवाए जाने आदि को भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जल्द ही काम भी शुरू करा दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर संडीला के भरावन क्षेत्र मे जंगली नाथ शिव बाबा स्थल का भी लगभग 102.75 लाख से सौंदर्यकरण कराया जा रहा है जो लगभग कार्य पूर्ण होने पर है।



शीतला माता मंदिर परिसर स्थित सरोवर।

## डीएम ने की सामान्य निर्वाचन की बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्टेट सभागार मे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल के सम्बन्ध में निर्माणाधीन कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के सम्बन्ध मे बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मण्डी परिसर मे निर्माणाधीन दुकानों का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाये, ताकि इनका प्रयोग स्ट्रांग रूम के रूप मे किया जा सके। उन्होंने कहा कि मण्डी परिसर मे साफ-सफाई का कार्य कराया जाये। सड़कों की मरम्मत का कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाये। आवश्यकता अनुसार मण्डी प्लेटफार्मो की भी मरम्मत करा ली जाये। बिजली के ढीले तारों को ठीक करा लिया जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्टेट प्रशान्त तिवारी उपस्थित रहे।



### बोर्ड परीक्षाएं कल से, व्यवस्थाएं हुईं चाकचौबंद

**हरदोई, अमृत विचार।** इलाहाबाद बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं व प्रश्न पत्र पहुंच गए हैं। जिले में हाईस्कूल के 54 हजार से अधिक तथा इंटरमीडिएट के 41 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैयार किए गए हैं। सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई हैं। पूरी परीक्षा कैमरे की नजर में रहेंगी। जीआईसी में कंट्रोल व मानीटरिंग सेल की स्थापना कर दी गई है। बताते चलें कि गुरुवार से यूपी बोर्ड की लिखित परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। शासन की मंशानुरूप नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा कक्षों में कैमरे लगातार चलते रहेंगे।

### 18 से मार्च से श्रीराम कथा का आयोजन

**हरदोई।** भक्त प्रहलाद कथा समिति की ओर से 18 मार्च से 22 मार्च तक भक्त प्रहलाद कथा एवं श्रीराम कथा का आयोजन सहकारी क्रय विक्रय समिति परिसर में सायं 3 से 6 बजे तक किया जाएगा । आयोजन को लेकर आयोजन समिति ने मंगलवार को एक बैठक नगर के गांधी भवन के सभाकक्ष में आयोजित की । बैठक में कथा को लेकर समिति सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। कथा की अमृत वर्षा बृज रस प्रवाहक पंडित रमण बिहारी शरण के श्री मुख से होगी।

**इश्तहार**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी0 डिवी0 महोदय, हरदोई
मु0दी0मु0नं0– 22 सन 2024
ता0पेशी–27/2/24
वादी – गजाला रिजवी
बनाम
जायदाद मृतका– रफत रिजवी आदि

गजाला रिजवी पुत्री स्व0 निशात रिजनी, निवासी–मो0खजान्ची टोला, पर0–बंगर तह0 सदर, जि0 हरदोई, जायदाद मृतका रफत रिजवी पत्नवी स्व0 पत्नी स्व0 निशात रिजवी नि0–78, मो0 खजांची टोला पर0–बंगर, तह0सदर, जि0 हरदोई, शाखा प्रबंधक पंजाब नेशल बैंक शाखा रेलवेगंज, हरदोई, शाखा प्रबंधक वास्ते पंजाब नेशल बैंक शाखा प्रेमनगर, कानपुर।

सर्वसाधारण द्वारा जिलाधिकारी हरदोई–विपक्षी

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 372 इण्डियन सक्सेशन एक्ट

मुत0दी0मु0सं0 22मुकदम नम्बर 2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गजाला रिजवी ने प्राप्त कर उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27.02.2024, नियत है। पंजाब नेशल बैंक शाखा रेलवेगंज S.B.A.K.No. 2308000100223199N में जमा धनराशि Rs. 304999.35 पैसे पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रेमनगर कानपुर S.B.A.K.No. 2308000400146633 में जमा धनराशि Rs.16666705.82 पैसे कुल टोटल धनराशि Rs.1971705.17 पैसे अतः जिस किसी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र वास्ते जायदाद.......... .मृतक की बावत कुछ उजर हो इस न्यायालय में दिनांक 27.02.2024 प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में कोई उत्तर नहीं सुना जायेगा। आज दिनांक 06.02.2024 में मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से
सिविल जज
(सी0डिवी0), हरदोई

## ज्वैलरी व किराना दुकान का शटर तोड़कर हुई चोरी

अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम ढिकुन्नी में सोमवार की रात किराना और ज्वैलरी दुकानों का शटर तोड़कर चोरों ने माल और नगदी साफ कर दिया। ज्वैलरी की दुकान में चोरों ने तिजोरी का ताला तोड़ने का प्रयास किया किन्तु ताला टूटा नहीं जिससे ज्वैलर्स का भारी नुकसान बच गया। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर दी।

अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम गोसवा निवासी सन्तोष मिश्रा की ढिकुन्नी नहर पुलिया के पास किराना की दुकान है।और वहीं पर 50 मीटर दूर फुरकान की ज्वैलरी की दुकान है।सन्तोष मिश्रा ने बताया कि सोमवार की शाम को रोजाना की तरह दुकान बन्द करके घर चला गया था। मंगलवार की सुबह छह बजे दुकान के पड़ोसियों ने बताया कि तुम्हारी दुकान का शटर टूटा पड़ा है।तब घर से आकर देखा कि दुकान में अज्ञात चोरों ने लोहे के बेल्चा से शटर तोड़ कर दुकान में घुसे।और उसमें रखा काजू छुहारा कालीमिर्च और नगदी चुरा ले गये हैं।वहीं पड़ोस में 50 मीटर दूर फुरकान की ज्वैलरी की दुकान का भी बेल्चा से शटर तोड़कर उसमें रखे चांदी के सिक्के जेवर और नगदी चोरी कर ले गये। चोर तिजोरी का ताला तोड़ने भी प्रयास किया किन्तु तोड़ नहीं पाये। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर खुलासे के लिए एसओजी और पुलिस की टीम लगायी गयी है।

कार्यक्रम

सीएसएन महाविद्यालय के सभागार में स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

# हिंदी और संस्कृत के संगम थे डॉ . शिव स्वरूप तिवारी

हरदोई

**अमृत विचार।** सीएसएन महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को डॉ शिव स्वरूप तिवारी स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो केके सिंह ने डॉ शिव स्वरूप तिवारी को हिंदी और संस्कृत भाषा का संगम बताया।

उन्होंने कहा कि डॉ तिवारी हिंदी के प्रख्यात मनीषी, संस्कृत साहित्य के शलाका पुरुष व अवधी के मर्मज्ञ थे। नागफनी के दंश, सुहासिका, झरोखे की धूप आदि उनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं जिसमें उन्होंने साहित्य, समाज व राजनीति का यथार्थ चित्रण किया है। साहित्यसेवी डॉ अंशुमान शुक्ला ने उन्हें ज्ञान में वशिष्ठ व तेज में परशुराम के समान बताते हुए उनके साहित्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। पूर्व प्राचार्य प्रो. नरेश चंद शुक्ला ने उन्हें लोक मानस व लोक भाषा का प्रसिद्ध कवि बताया। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष 2022 की एमए हिंदी परीक्षा में सीएसएन महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु छात्रा कुमारी सोनम सिंह को 11000 रुपये व कुमारी अंबालिका देवी को 5000 रुपये का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसी क्रम में वर्ष 2023 की एमए हिंदी की परीक्षा में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने हेतु छात्र मिथिलेश कुमार को रुपया 11000 व छात्रा कुमारी शिखा द्विवेदी को 5000 रुपया का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिया गया।

विदित हो कि प्रत्येक वर्ष यह पुरस्कार स्वर्गीय शिव स्वरूप तिवारी की स्मृति में उनकी पत्नी आशा तिवारी के द्वारा दिया जाता है। प्रो साधना शुक्ला व डॉ. देश दीपक शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन डॉ दीपक कुमार राय व अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर वंशीधर शुक्ल ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण कुश कुमार मिश्रा, मणिपाल सिंह व श्रवण कुमार गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।



प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र लिए छात्र-छात्राएं व साथ में प्राचार्य।

## एक नजर

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाए हुनर

**मल्लावां, हरदोई।** नगर के एमएस ब्राईट एजुकेशन एकेडमी स्कूल का वार्षिकोत्सव बडे ही धूम धाम के साथ मनाया गया। नन्हें मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक और नाटक जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किये। ऐसे में मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कूल मैनेजमेंट द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारम्भ एकेडमी के डायरेक्टर शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ शुरूआत की गई। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की छात्र, छात्राओं ने प्रदेश की लोक संस्कृति पर भाषण से दर्शकों को रूबरू कराया ।

### खेत में पानी लगा रहा युवक नाले में डूबा हुई मौत

**बिलग्राम, हरदोई,अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पसनामऊ गांव में एक 20 वर्षीय युवक खेत में पानी



लगाते समय चक्कर आने से खेत के पास में खुदी गहरी नाली में गिरकर युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक सौरभ 20 वर्ष पुत्र सतीश निवासी ग्राम पसनामऊ मंगलवार की सुबह अपने घर से खेत में पानी लगाने गया था, तभी अचानक युवक को चक्कर आ गया। जिससे वह खेत में पानी से भरी गहरी नाली में गिर गया। पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।मृतक युवक तीन भाइयों में सबसे छोटा है। इस अचानक हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत, हत्या का लगा आरोप

हरदोई

**जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार।** 70 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। नाना की मौत पर उसके नाती ने अपने नाना के भतीजे के ऊपर ज़हर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।



बताया गया है कि हरियावां थाने के मझिगवां निवासी 70 वर्षीय बेंचेलाल की सोमवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसकी एक बेटी अनीता थी, जिसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। जैसा कि बताया गया है कि बेंचेलाल काफी दिनों से बीमार चल रहा था और उसी के चलते उसकी मौत हो गई। इसका पता होने पर गांव पहुंचें उसके नाती विमलेश निवासी देवरिया थाना सुरसा ने नाना के भतीजे पर जहर दे कर मार डालने का आरोप लगाया है।वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। इस बारे में एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज ने बताया कि लगाए गए आरोप की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वर्षों से खराब हैं सीसीटीवी, कैसे होगी नगर की सुरक्षा

दिलीप कुमार, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पंचायत में घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कुछ समय पहले तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, लेकिन वर्तमान समय में वह सब शोपीस बने हुए हैं, जिसकी वजह से नगर में चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

बताते चलें कि नगर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए नगर में जगह-जगह तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरे लगने के बाद अधिकारियों द्वारा सुध नहीं ली जाती, जिस कारण नगर में लगे कैमरे मात्र शोपीस बनकर ही रह गए हैं, ऐसे में नगरवासी अपनी सुरक्षा को लेकर खुद ही चौकन्ना हो रहे हैं, क्योंकि प्रशासन की तीसरी आंख में मोतियाबिंद हो गया है। दूसरी ओर चोरों ने नगर में एक के बाद एक लगातार वारदात कर पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है। जिन सीसीटीवी के भरोसे पुलिस क्राइम और क्रिमिनल्स को काबू करने के दावे करती है, वह महज शोपीस बनकर रह गए हैं। पुलिस को क्राइम की जांच करते समय अक्सर निजी संस्थानों और मकानों के बाहर लगे सीसीटीवी की मदद लेनी पड़ रही है, लेकिन बावजूद इसके प्रशासनिक अधिकारी नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों को ठीक करवाने के लिए गंभीर नहीं है।



शोपीस बना सीसीटीवी कैमरा।

**नगर के लोगों की प्रतिक्रिया**

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल मामले लगाए गए कैमरे काफी समय से खराब पड़े हुए हैं, जिससे नगर मे चोरों ने आतंक मचाया हुआ है और इसी कारण पुलिस भी असमर्थता जाहिर कर रही है, प्रशासनिक अधिकारियों को इस पर संज्ञान लेकर इन्हें ठीक कराना चाहिए। **मुक्ता द्विवेदी, मोहल्ला सिकलिनटोला, बेनीगंज**

नगर पंचायत के द्वारा लगाए गए कैमरे काफी समय से खराब पड़े हुए हैं, जिससें नगर मे अप्रिय घटनाएं बढ़ गई हैं, देखरेख के अभाव में सीसीटीवी कैमरे मात्र शोपीस बनकर रह गए हैं, प्रशासन से अपील है कि इन्हें जल्द से जल्द चालू कराया जाए
**दिलीप वैश्य, निवासी अशराफ टोला बेनीगंज**

काफी समय पूर्व नगर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के खराब होने से नगर में होने वाले क्राइम के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं प्राप्त हो पाती हैं। प्रशासन द्वारा जल्द ही इन कैमरों को ठीक कराया जाना चाहिए। जिससे नगर में हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। कैमरे लगे होने से अपराधियों में कुछ भय रहता है।
**रोहित वैश्य, निवासी नगर पंचायत बेनीगंज**

# मुठभेड़ में बदमाश व दो पुलिस कांस्टेबल घायल

## कोर्ट पेश करने के लिए ले जाते समय ई-रिक्शा लूट व हत्या के अभियुक्त ने किया भागने का प्रयास



अस्पताल में भर्ती घायल बदमाश को देखने पहुंचे एसपी केसी गोस्वामी।

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा लूट और हत्या के आरोपी कोर्ट में पेश करने के लिए ले जात हुए पुलिस को चकमा दे भाग निकला। जिसकी पुलिस के साथ सीधी मुठभेड़ हुई। जिसमे आरोपी गोली लगने से ज़ख्मी हो गया। साथ ही दो कांस्टेबल भी ज़ख्मी हो गए। इसका पता होते ही एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी उस जगह पहुंचें, जहां मुठभेड़ हुई थी। पैर में गोली लगने से जख्मी हुए बदमाश को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि लखीमपुर खीरी के साहू थाना मैंगलगंज निवासी शैलेंद्र पुत्र सुरेंद्र ई-रिक्शा चलाता था। साल 2023 दिसंबर में शैलेंद्र के साथ सचिन पाल निवासी सदर चौकी शाहजहांपुर ने ई-रिक्शा लूट कर हत्या कर दी थी। जिसका केस दिसंबर में ही पिहानी कोतवाली मे दर्ज किया गया था। इस बारे में एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ ने बताया कि उसी मामले में आरोपी सचिन पाल को गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को एसएचओ श्री सिद्धार्थ, इंस्पेक्टर (रिज़र्व) हाकिम सिंह,राजेंद्र यादव, संदीप कुमार, नितिन तोमर,पवन सिंह व प्रमोद मिश्रा आरोपी को कोर्ट में पेश करने के लिए कचहरी ला रहे थे। रास्ते में मंसूर नगर के पास पहुंचते ही आरोपी सचिन पाल पुलिस टीम को चकमा दे कर भाग निकला,पकड़ने के लिए पुलिस टीम उसके पीछे दौड़ी,तभी आरोपी ने गोली चला दी। इधर से पुलिस ने भी गोली चला दी। जिससे पैर में गोली लगने से ज़ख्मी हो कर गिर पड़ा। साथ ही कांस्टेबिल संदीप कुमार व पवन सिंह ज़ख्मी हो गए। सभी को सीएचसी पहुंचाया गया,जहां से आरोपी सचिन पाल को मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। एसपी श्री गोस्वामी ने ज़ख्मी हुए कांस्टेबिल संदीप कुमार व पवन सिंह का हालचाल लिया।

# रामलीला में कलाकारों ने सीता हरण का किया मंचन

हरदोई

**अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार को सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। लीला में दर्शाया गया कि रावण मारीच को सोने का हिरण बना। रावण साधु का भेष बना कर कुटिया के समीप जाकर माता सीता को अकेली देख कर भिच्छा मांगने पहुंच जाता है।

माता सीता को कुटिया से बाहर बुला कर अपने रथ पर चढ़ा कर चल देता है। रास्ते में गिद्धराज को पता चलता है वह रावण को रोकता है, जिस पर उसका रावण से युद्ध होता है। युद्ध में रावण उसे घायल कर आगे बढ़ जाता है। उधर प्रभु श्री राम और लछमण कुटिया पर आते हैं और देखते हैं कि माता सीता कुटिया में नहीं है। दोनों सीता की खोज करने लग जाते हैं। रास्ते में गिद्धराज घायल अवस्था मे पड़े मिलते हैं वह राम को पूरा वृतांत बताते हैं। इसके बाद वह दम तोड़ देते हैं। रात्रि की बेला में सभी सखी मिलकर भगवान कृष्ण को पकड़ने की योजना बनाती है और चोरी करने के लिए अपने घर बुलाती है। इधर भगवान चोरी करने आते है और माखन खाने लगते है, तभी एक सखी आकर प्रभु को पीछे से पकड़ लेती है। भगवान स्वयं सखी को बातो में लगा कर सखी को ही बांध देते हैं।

# जहरीले पदार्थ का सेवन करने से महिला की मौत

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ पी लिया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर पुत्री की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताते चलें बखापुरवा निवासी शिवकुमार की पुत्री नैना 21 वर्ष का विवाह एक वर्ष पूर्व महनेपुर गांव निवासी सीताराम के पुत्र अनिल राजपूत के साथ की थी। मंगलवार को नैना ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखा जहरीला पदार्थ पी लिया। उपचार के लिए उसे परिजन एक निजी अस्पताल में ले गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता ने मल्लावां कोतवाली में तहरीर देकर पुत्री की हत्या का आरोप ससुरालीजनों पर लगाया है। मृतक के दो माह का एक पुत्र भी है। उप निरिक्षक वीरेंद्र पासवान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर जाँच पड़ताल की जा रही है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा कि उसकी मौत कैसे हुई।




जरूरतमंद को नकद धनराशि देतीं बहादुर बेटियां फाउंडेशन की पदाधिकारी। अमृत विचार

## फाउंडेशन ने जरुरतमंद बेटी के विवाह में मदद को बढ़ाया हाथ

**हरदोई, अमृत विचार।** बहादुर बेटियां फाउंडेशन ने एक ऐसी गरीब बेटी की शादी में सहयोग किया। इस युवती के पिता की कुछ पहले मृत्यु हो चुकी है। उसका विवाह सात मार्च को होना है। जिसकी खबर सुनकर फाउंडेशन के सदस्य उसके घर पहुंचे और उसका सहयोग किया। बहादुर बेटियां फाउंडेशन ने बिटिया की शादी में सहयोग के रूप में राशन, कपड़े साड़ी एवं उसकी जरूरत का सामान तथा नगद धनराशि दी। जिसमें विशेष सहयोगी के रुप में फाउंडेशन की संरक्षक डा. चित्रा मिश्रा, स्नेह लता गुप्ता,नीतू गुप्ता रंजना मिश्रा एवं बहादुर बेटियां फाउंडेशन की संस्थापक कुसुम लता गुप्ता रही। सहयोग मिलने पर बिटिया के परिवार वालो ने बहादुर बेटियां फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया । फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारी गीता गुप्ता, आशा बाजपेई, आभा श्रीवास्तव एवं शैलेन्द्री पाल मौजूद रहीं।

## छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** अज्ञात कारणों के चलते छात्र ने घर के अंदर खुदकुशी कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पचदेवरा थाना क्षेत्र के बहरामपुर निवासी दिनेश मिश्रा के पुत्र गौरव ने सोमवार देर रात बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गौरव इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाला था। परिजन घटना के बारे में बताने में असमर्थ रहे। गौरव का बड़ा भाई गोविंद अभी दो वर्ष पूर्व आर्मी में तैनात हुआ है। छुट्टी से वापस अपनी ड्यूटी पर जा रहा था, वहीं भाई की मृत्यु की खबर मिलने पर उसे वापस घर आना पड़ा। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सार-संक्षेप



महिला की गोदभराई की रस्म कराते सांसद जयप्रकाश। अमृत विचार

### हर एक का आशीर्वाद सिर्फ भाजपा के साथ : सांसद

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** विकसित भारत सकंल्प यात्रा लोकसभा के तहत नगर पालिका परिषद साण्डी के मोहल्ला नवाबगंज पहुंची। जहां उसका ज़ोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इस बीच मोदी की गारंटी वाली गाड़ी ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस बीच हुए ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में सांसद जयप्रकाश ने महिलाओं की गोद भराई की रस्म व कई बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार करवाया। उन्होंने मोदी सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हे प्रमाण-पत्र व उज्ज्वला योजना के कनेक्शन वितरित किए। उन्होंने कहा कि मोदी की नीतियों व जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जो विश्वास और दृढ़ता दिख रही है वो साबित करता है कि 2024 में फिर भाजपा प्रचण्ड बहुमत से सरकार बनाएगी। जनता भाजपा को फिर से आशीर्वाद देने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी सत्यप्रकाश, एडीएम प्रियंका सिंह ,साण्डी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रामजी गुप्ता,भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्यामजी शर्मा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजाराम कुशवाहा, साण्डी विस्तारक अभय श्रीवास्तव, प्रदीप पाठक,जितेंद्र सिंह,अमित वर्मा, प्रत्यूष गुप्ता,ईओ साण्डी,डीडी कृषि विभाग,अधिकारी,कर्मचारी और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अविनाश को प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक का प्रभार और मुकुल अम्बुज को सह संयोजक का दायित्व

**हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह 'बब्बन' ने प्रबुद्ध वर्ग व एनजीओ प्रकोष्ठ के दायित्वों की घोषणा की। प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ में ज़िला संयोजक का दायित्व भाजपा नेता अविनाश मिश्रा को सौंपा गया है। ज़िला सह संयोजक का दायित्व युवा भाजपा नेता अम्बुज शुक्ला व अरविंद सिंह को सौंपा गया है।



अविनाश मिश्रा



मुकुल सिंह आशा

वहीं एनजीओ प्रकोष्ठ का ज़िला संयोजक संडीला के पूर्व नगर अध्यक्ष महेंद्र सोनी को व सह संयोजकों का दायित्व पिहानी से पूर्व नगर अध्यक्ष पीयूष शुक्ला व भाजपा नेता मुकुल सिंह 'आशा' को बनाया गया है। साथ ही लाभार्थी प्रमुख अनुराधा मिश्रा व अमित त्रिवेदी 'रानू' तथा मीडिया प्रबंधन प्रमुख प्रियम मिश्रा व परेश लोहिया को बनाया गया है।

### हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बीच रास्ते में रोक कर किए गए हमलें में ज़ख्मी हुए युवक की सोमवार को लखनऊ ट्रामा सेंटर में 17 वें दिन मौत हो गई। इसकी खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। 2 फरवरी को बघौली थाने के मसीत निवासी 28 वर्षीय वारिस पुत्र रज्जाक मढ़िया निवासी श्रीकांत के साथ उसी के गांव गया हुआ था। वहीं से शाम को वापस लौट रहा था,उसी दौरान रास्ते में किए गए हमलें में वारिस के सिर में काफी गहरी चोंट पहुंची। सीएचसी से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया,जहां सोमवार को 17 वें दिन उसकी मौत हो गई।

### कारखाने में उपकरण सहित गृहस्थी का सामान जला



**माधौगंज हरदोई, अमृत विचार।** आटा चक्की कारखाने में अज्ञात कारणों से लगी आग से घर गृहस्थी के समान सहित बिजली के उपकरण जलकर राख हो गया। विकास खण्ड की ग्राम पंचायत शुक्लापुर भगत के मजरा मुड़ेला निवासी बाबूराम के आटा चक्की कारखाने में मंगलवार की सुबह अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गयी।

## आशा बहू के साथ सड़क पर हाथापाई

**हरदोई, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करने पर आशा बहू और एक दूसरी आशा बहू की पुत्री के बीच पहले तो नोंकझोंक हुई उसके बाद उनक्षदोनों के बीच हाथापाई होने लगी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रह है। इस बारे में एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय का कहना है कि फिलहाल ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर आने पर सारे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोमवार की रात को मेडिकल कालेज के सामने आशा बहू और दूसरी आशा बहू की पुत्री के साथ सोशल मीडिया पर किसी पोस्ट को शेयर करने की बात पर नोंकझोंक हो गई। दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। दोनों एक-दूसरे को मारने के लिए ईट-पत्थर उठा लिए।



### न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए हरदोई से लखनऊ जाते कांग्रेस कार्यकर्ता

**हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ में होने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए जिले से सैकड़ों कांग्रेसी रवाना हुए। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में सैकडों कांग्रेसी लखनऊ पहुंचे। न्याय की इस लड़ाई में हरदोई कांग्रेस का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ खड़ा है। मोहब्बत की दुकान खोलकर नफरतवादी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दिया है राहुल गांधी ने। जिला कोषाध्यक्ष महताब अहमद, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनवारुल हसन, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव निर्भान सिंह यादव सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बावन चुंगी पर हुए बवाल में फायरिंग से मची भगदड़

हरदोई

**अमृत विचार।** कहासुनी के बाद हुए बवाल और फायरिंग होने लगी। बीच आबादी में फायरिंग होने से वहां दहशत फैल गई। बवाल करने वालों के खिलाफ गुस्साए लोग सड़क पर आकर नारेबाज़ी करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

बताया गया है कि तीन दिन पहले कोतवाली शहर इलाके के बावन चुंगी निवासी दीपक और रानू शुक्ला के बीच कुछ कहासुनी हो गई थी। जैसा कि दीपक का आरोप है कि उसी बात पर सोमवार कई शाम को रानू शुक्ला उसके मकान पर पहुंचा और उसे गाली-गलौज करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा। कुछ लोगों का कहना है कि कई राउंड फायर किए गए, जिससे वहां दहशत फैल गई। इस तरह से बीच आबादी में फायरिंग करने से गुस्साए लोग सड़क पर आ कर नारेबाज़ी करने लगे। जिससे वहां जाम जैसे हालात हो गए। इसका पता होते ही सीओ सिटी अंकित मिश्रा और एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। उन्होंनें भीड़ को समझाया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उधर एसएचओ श्री पाण्डेय ने कहा कि तहरीर आई है। केस दर्ज किया जा रहा है।

# भाजपा ने की लाभार्थी जनसंपर्क अभियान की कार्यशाला

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान की कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि संजय गुप्ता (क्षेत्रीय मंत्री व मण्डल प्रभारी) रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रमन नितीश जायसवाल ने की।

मण्डल अध्यक्ष रमन नितीश जायसवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक, सांसद, सदस्य विधान परिषद सदस्य, प्रदेश से लेकर मण्डल तक वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी 50 बूथों पर जाकर लाभार्थी से सम्पंर्क करके फोटो लेकर सरल एप्प के माध्यम से फोटो अपलोड करना है।



कार्यशाला में लाभार्थी को सम्मानित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

इस अवसर पर लोक सभा सह संयोजक अतुल तिवारी , जिला उपाध्यक्ष सिद्ध प्रताप मौर्या, ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र रठौर, महामंत्री ॠषभ खन्ना, मण्डल उपाध्यक्ष नरेश अर्कवंशी, सौरभ गुप्ता,शिवम् सिंह, दीपक गुप्ता सहित कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व मण्डल पदाधिकारी अभियान संयोजक व सहसंयोजक,शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ संयोजक मौजूद रहे। संचालन महामंत्री अमित कुमार शर्मा ने किया।

हरियावां संवाददाता के अनुसार ब्लाक सभागार मे भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अनु मोर्चा पीके वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व् श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। श्री वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व् सबका प्रयास के मूलमंत्र से कार्य करती है। पार्टी की विचारधारा को लाभार्थी सम्मेलन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना हम सभी का दायित्व है। भाजपा सरकार ने जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता से किए गए वायदों को पूरा किया है। उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं मंडल पदाधिकारियों से भाजपा सरकार के द्वारा संचालित अभियानों व् जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से संपर्क करने को कहा। बैठक में जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा महिपाल गौतम, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरियावां रामप्रताप सिंह, मंडल महामंत्री इंद्रेश मिश्रा सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे।

## बीमार कांस्टेबल की मौत, साथियों में शोक

**हरदोई, अमृत विचार।** अयोध्या ड्यूटी पर गया कांस्टेबिल वहीं बीमार पड़ गया। वहां से छुट्टी ले कर प्रयागराज अपने घर चला गया,जहां



उसकी मौत हो गई। 2018 के बैच के कांस्टेबिल की बेहटा गोकुल थाने में तैनाती थी। कांस्टेबल रंजीत कुमार की 22 जनवरी को अयोध्या हुए प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ड्यूटी लगी थी। करीब डेढ़ महीने से अयोध्या में ड्यूटी कर रहा कांस्टेबल वहीं बीमार पड़ गया और वहीं से छुट्टी ले कर अपने घर प्रयागराज चला गया था। सोमवार को उसकी वहीं मौत हो गई। इस खबर से बेहटा थाने सहित पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।

## एक नजर

### दिनेश पटेल विधान सभा अध्यक्ष लहरपुर मनोनीत



**लहरपुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के अनुमोदन एवं प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार पाल की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष जय प्रकाश पटेल ने एक बार फिर विधान सभा अध्यक्ष लहरपुर दिनेश पटेल को मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर दिनेश पटेल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अपना दल के संगठन को और अधिक मजबूत करना है। दिनेश पटेल के मनोनयन पर उमेश मल्होत्रा, रवि शाक्य, मोहम्मद रफी, विवेक शुक्ला, विपिन अवस्थी, आकाश पटेल, अंकित अवस्थी, अनूप पटेल, सुनील वर्मा, मोहम्मद रईस, करुणा शंकर पटेल, सुशील वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### खाना बनाते समय दो मकान जल कर राख

**रामपुर मथुरा।** रामपुर मथुरा के ग्राम पंचायत केवड़ा के मजरे बच्चूपुरवा में खाना बनाते समय अचानक आग लग गई। जिससे दो घर जलकर राख हो गये। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से रामलखन पुत्र बृजलाल, दर्शन पुत्र बृजलाल के घर में रखी गृहस्थी गेंहू, चावल, दाल, आटा, कपड़ा व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गांव के लोगों ने पानी डालकर किसी तरीके से आग पर काबू पाया। इस संबध में जब तहसीलदार सुरजप्रताप सिंह से बात की गई तो बताया की राजस्व निरीक्षक को भेजकर जांच करवाकर उचित मुआवजा दिलाया जायेगा।

### संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटकता मिला शव

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के अंतर्गत कोटरा निवासी चंद्रकुमार पुत्र दिनेश कश्यप सोमवार की शाम घर से लापता था। पूरी रात परिजनों ने तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। मंगलवार को उसका शव गांव के बाहर चिलवल के पेड़ पर गमछे से लटकता मिला। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पीएम के लिये भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार वह नशे का आदी भी था। थानाप्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि अभी तक परिजनों की तहरीर नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट के अनुसार विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मनाया कर्तव्य बोध दिवस

**पिसावां।** कस्बे में स्थित बीआरसी पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजीव रावत ने स्वामी विवेकानंद एवं सुभाषचन्द्र बोस की जयंती पखवाड़ा के तहत कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया। आयोजन के माध्यम से शिक्षकों में कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना को जगाने की कोशिश की गयी। इस कार्यक्रम का आयोजन महासंघ द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद एवं सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों की तरह जीवन में अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करते हुए सभी शिक्षक राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह ने कहा ऐसे कार्यक्रमो के आयोजन शिक्षकों में कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना जगाने का कार्य करते है। शिक्षक नेता राजीव गौड़ ने शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होते हैं। इस मौके पर महासंघ के जिला महामंत्री केएम गुप्ता, संरक्षक महेन्द्रपाल शर्मा, ब्लाक महामंत्री सुधाकर यादव, गोपाल कृष्ण गुप्ता, छत्रपाल यादव, राजन, महेंद्र कुमार, धीरजकुमार, कृष्णवीर सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## सिर पर कलश रखकर निकलीं 501 महिलाएं



विकास खंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत मितौरा स्थित बाल ब्रह्मचारी बाबा तपसी दास मंदिर परिसर में आयोजित श्री कृष्ण की रासलीला आयोजन से पूर्व भव्य मनोहारी कलश यात्रा मंदिर परिसर से धूमधाम से निकाली गई। पीत वस्त्रों में 501 महिलाएं सिर पर कलश रखकर मुख्य मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर वापस लौटीं। कलश यात्रा से पूर्व शास्त्री महेश चंद्र ने मुख्य यजमान अवधराम यादव को गौरी गणेश पूजन करवाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि कैप्टन विजय श्रीवास्तव, जयश्री राम चौहान, जितेंद्र यादव, दीपू यादव सहित भक्त बड़ी संख्या में कलश यात्रा में मौजूद रहे। अमृत विचार

# किसानों के समर्थन में निकली ट्रैक्टर रैली

**सीतापुर, अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि यदि 21 तारीख को सरकार और किसान संगठनों की मीटिंग में आंदोलित किसानों की सहमति नहीं बनती है और वहां से दिल्ली कूच की कॉल आती है तो हम सब लोग तैयार हैं।

किसान नेत्री अल्पना सिंह ने बताया कि सरकार और किसान संगठनों के बीच चार राउंड की वार्ता हो चुकी है, लेकिन अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है। देश के किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर हरियाणा बॉर्डरों पर बैठे हुए आंदोलित किसानों का समर्थन कर कहा कि यदि केंद्र सरकार से किसान संगठनों का समझौता नहीं हुआ तो दिल्ली जाने के लिए भी तैयार है। सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरपाल सिंह ने कहा यदि किसानों को फसलों पर एसपी मिलती है, तो इसमें आम जनमानस को भी लाभ मिलेगा। एसपी की गारंटी ना होने के कारण किसान से औने पौने दाम पर फसल खरीद कर व्यापारी उसको स्टॉक करके चार गुना दामों पर बाजार में बेचते हैं।



किसानों के समर्थन में ट्रैक्टर-ट्रॉली रैली निकालते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य। अमृत विचार

# सीएम योगी का नैमिष आगमन आज मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में होंगे शामिल

## मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर भी होंगे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य में सूबे के मुख्यमंत्री आज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्कंदाश्रम स्थित जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में मंदिर प्रणा प्रतिष्ठा कार्यक्रम में एमपी के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी पूजन में शामिल होंगे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर एडीजी अमरेंद्र कुमार और आईजी तरुण गाबा सहित डीएम-एसपी ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधीनस्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को आईजी और एडीजी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थल को तैयार करने और सभी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत आईजी और एडीजी ने देवालय पहुंचकर आश्रम पीठाधीश स्वामी षणमुखानंद पुरी महाराज से शिष्टाचार मुलाकात की। उच्चाधिकारियों ने आयोजन मंडल पदाधिकारियों से कार्यक्रम के बारे में चर्चा कर सीएम के आगमन से लेकर मंदिर में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में वार्ता की। इसके साथ मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीजी और आईजी ने निरीक्षण के उपरान्त कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों के साथ ब्रीफिंग कर कार्यक्रम की जानकारी साझा की।



मंदिर प्राण प्रतिष्ठा स्थल का जायजा लेते एडीजी लखनऊ व मौजूद अफसर। अमृत विचार

### 1:25 पर पहुंचेंगे सीएम

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी प्रोटोकॉल के अनुसार सीएम आज दोपहर 1:25 पर हैलीकॉप्टर से नैमिषारण्य आएंगे। इस दौरान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम स्कंदाश्रम में सीएम पूजन में शामिल होंगे। इस दौरान मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी सीएम के साथ मौजूद रहेंगे। आयोजन स्थल के निरीक्षण व व्यवस्थाओं की देखरेख में सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## गांव में गंदगी देखकर सीडीओ नाराज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर नेवादा व गौरिया प्रहलादपुर का मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने विकासखंड क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर नेवादा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय का तहसील में समाधान दिवस में आते समय औचक निरीक्षण किया, उन्होंने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से बातचीत कर पढ़ाई की जानकारी ली। साथ ही विद्यालय में बन रहे मिड डे मील की जांचकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उसके उपरांत उन्होंने तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में भाग लिया। समाधान दिवस के उपरांत उन्होंने क्षेत्र के ग्राम गौरिया प्रहलादपुर में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया, और गांव में गंदगी देखकर नाराजगी व्यक्त कर तत्काल प्रभाव से साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी, एडीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान वसीम बानो, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अब्दुल मोईन सहित ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### सैकड़ों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



भाजपा की सदस्यता लेने वाले लोग व चुनाव प्रभारी नीरज वर्मा झल्लर।

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के बेचू लॉन में लाभार्थी संपर्क अभियान मंडल कार्यशाला कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व महमूदाबाद लोकसभा चुनाव प्रभारी नीरज झल्लर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान करीब 100 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि ने भाजपा की नीतियों और सुविधाओं के बारे में सभी को अवगत कराते हुए कहा कि मोदीजी और योगीजी के नेतृत्व में विकास तेजी से हो रहा है। हम सभी को इस अहम बदलाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी है। नए शामिल हुए सदस्यों को उनके द्वारा पटका पहना कर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान बीजेपी के जिला मंत्री एवं विधानसभा प्रभारी सुधीर सिंह, नगर अध्यक्ष रमाशंकर वर्मा, रामकुमार वर्मा, संजय वर्मा, नमन वर्मा, रवि अवस्थी, लेखा गुप्ता, मृगांक वर्मा, चंदन सोनी, अजय वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### बजरंग दल का हंगामा, एसआई लाइन हाजिर

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** करीब दो माह पूर्व थाना क्षेत्र की ग्राम सभा रिहार मजरा लोधनपुरवा निवासी लक्ष्मण पाल की गन्ना लदी ट्राली सड़क के किनारे खड़ी थी। जिसमें नेपाल से सेउता देवी मंदिर जा रहे कार सवार अंधेरे में सड़क पर खड़ी ट्राली में टकराकर चार लोग चोटिल हो गये थे। जिन्होंने तंबौर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में वांछित आरोपी के बीती रात एस आई ने उसके घर पर दबिश देकर लक्ष्मण पाल को पकड़ कर थाने लाये। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि एसआई ने उसकी पिटाई की जिससे उसका सर फट गया। बजरंगदल कार्यकर्ता एकत्र होकर बिसवां तहसील दिवस पहुंचकर ज्ञापन दिया। मामले से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई मणि कांत श्रीवास्तव को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### स्वयं सहायता समूह की दो महिलाओं से जालसाजी

**सिधौली।** ग्राम गनेशपुर के गौरी स्वयंसहायता समूह की दो महिलाओं ने आर्यावर्त बैंक शाखा गोपालपुर के कार्यालय में एक व्यक्ति द्वारा उनसे हजारों रूपये लेकर फर्जी अदेय प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाने की शिकायत की है। मजरे गनेशपुर की निवासिनी नीती और सुमन ने बताया कि वे गौरी स्वयं सहायता समूह की सदस्या हैं। एक वर्ष पूर्व उनके पास एक व्यक्ति आया और उसने अपने आप को आर्यावर्त बैंक शाखा गोपालपुर से आया हुए बताते हुए अपना बकाया चुकता करने को कहा। वे अगले दिन आर्यावर्त बैंक शाखा गोपालपुर गई जहां उन्हें वह व्यक्ति मिला और उनसे रुपये ले लिए। अगले दिन उसने उनको अदेय प्रमाण पत्र भी दे दिया। बाद में उन्हें बैंक से पता लगा कि उनकी धनराशि जमा ही नहीं की गई है और अदेय प्रमाणपत्र फर्जी है। महिलाओं ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### सभासद पर मुकदमा दर्ज, सफाईकर्मी काम पर लौटे

**महमूदाबाद।** बीते दिन सभासद व सफाईकर्मी के बीच तीखी नोक-झोंक का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें सफाईकर्मी ने वार्ड सभासद पर गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाया था। जिसको लेकर अक्रोषित समस्त सफाईकर्मी धरने पर बैठे थे। ऐसे में सफाई का कार्य भी बाधित हो रहा था। सफाईकर्मी संतोष ने महमूदाबाद कोतवाली में इसकी लिखित शिकायत भी की थी। जिसके चलते मोहल्ला बीबीपुर वार्ड कटरा के सभासद इस्लाम पर पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सभासद पर मुकदमा पंजीकृत हो जाने से समस्त सफाईकर्मचारी पुन: अपने काम पर लौट गए।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 121 शिकायतों में 11 का निस्तारण

**सीतापुर।** जनपद की सभी सात तहसीलों में मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 121 शिकायतों में से 11 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सदर में प्राप्त 27 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 63 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 33 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 23 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील लहरपुर में प्राप्त 74 प्रार्थना-पत्रों में से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

## बाइक को टक्कर मारकर पुल की रेलिंग पर लटका ट्रक



रामनगर पुल की रेलिंग तोड़कर लटका अनियंत्रित ट्रक। अमृत विचार

▶▶ हरदोई-सीतापुर मार्ग पर लगा जाम, रुट डायवर्जन के बाद पुलिस ने खुलवाया मार्ग

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामनगर पुल पर सोमवार की शाम हरदोई से सीतापुर जा रहे एक ट्रक ने सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। हादसे के बाद अनियंत्रित ट्रक पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे लटक गया। गनीमत रही कि ट्रक पुल से नीचे नहीं गिरा। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक से नियंत्रण खोते ही चालक मौके से कूदकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची रामकोट पुलिस ने बेहोसी की हालत में घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद पुल पर ट्रक के फसते ही दोनों तरफ का मार्ग जाम हो गया। पुलिस ने हरदोई से आ रहे वाहनों को कनवाखेड़ा मार्ग पर डायवर्जन कराकर कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। सड़क हादसे में घायल व्यक्ति के बेहोश होने से उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

## वाहन की टक्कर से पिता की मौत पत्नी व पुत्र घायल

**पिसावां।** इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र के माधवपुर निवासी हारून उम्र 27 सोमवार की शाम अपनी पत्नी सोफिया उम्र 25 व पांच वर्षीय बेटे आर्यन के साथ बाइक से थानाक्षेत्र के बरगावां बहन के घर दावत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। जल्लापुर चौराहे के पास बाइक पहुंची, उसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता, पुत्र व पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने हारून को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल पत्नी व बेटे की हालत गम्भीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां दोनो का उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# बिना ब्याज जमा करें गृहकर व जलकर




बैठक में सभासदों के प्रस्तावों को सुनतीं पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी व ईओ वैभव त्रिपाठी।

**सीतापुर, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद सीतापुर में नपा अध्यक्ष की अध्यक्षता में मंगलवार को बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बोर्ड बैठक में नगर वार्ड के सभी सभासद सम्मिलित हुए। बैठक में सभासदों की तरफ से गृह कर व जलकर पर ब्याज माफ करने का प्रस्ताव नपा अध्यक्ष नेहा अवस्थी के समक्ष रखा गया। जिसको उन्होंने स्वीकार किया और मार्च 2025 तक बिना ब्याज के गृह कर व जल कर जमा करने की अनुमति प्रदान की। स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत सफाई इत्यादि विभिन्न कार्यों के बायलॉज बनाए जाने पर विचार किया गया, जोकि शासन द्वारा पहले से ही नियम बने हुए हैं। इसके अतिरिक्त कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदु नपा अध्यक्ष की सहमति से सदन में रखकर उनको जनहित में लागू करने की बात की गई। इस अवसर पर नपा प्रतिनिधि नमीन्द्र अवस्थी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी, सभासद व नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

**तैयारी** — समाजवादी पीडीए पदयात्रा के सातवें दिन जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# भाजपा सरकार की नीतियों से बढ़ी गैर बराबरी : आनंद

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी पीडीए पदयात्रा सातवें दिन धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में हैदरपुर में सपा नेता लाल सिंह यादव के आवास से प्रारंभ हुई, विधानसभा महोली में प्रवेश करते ही विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला व देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पदयात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। पदयात्रा घूरेखेड़ा से तिहार मोड, कंचनपुर रावतपुर, सहरोई, डल्लुपुर, जंगना, नौब्बा अंबरपुर, सहादत नगर होते हुए काजीकमालपुर पहुंची।

रास्ते में जगह-जगह स्वागत हुआ, पदयात्रा का घूरेखेड़ा में देवेंद्र सिंह ने, तिहार मोड पर गुड्डू प्रधान ने, रावतपुर में रमेश कुमार, सतीश कुमार व छोटू ने, सहरोई में कालीचरण गौतम, सरोजनी देवी व इंद्र कुमार राजवंशी ने डल्लूपुर में लालता प्रसाद ने, जंगना में ओमकार वर्मा, मदनलाल वर्मा व भगवानदीन कोरी पूर्व प्रधान ने, नौब्बा अम्बरपुर में धनंजय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, सहादत नगर में सतीश सिंह, फैयाज खान पूर्व प्रधान, काजीकमालपुर में राजकुमार मिश्रा, नन्हे वर्मा, उमाशंकर वर्मा, असलम, शेर सिंह, सलीम खान, फखरुद्दीन, शाहरुख खान, उत्तम कुमार पूर्व प्रधान व त्रिभुवन वर्मा ने स्वागत किया।



यात्रा के दौरान हाथ मिलाकर अभिवादन स्वीकार करते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया।

आनंद भदौरिया ने काजीकमालपुर पहुंच कर राजा सल्लीह सिंह अर्कवंशी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान रक्षा की शपथ ली। आनंद भदौरिया ने युवा नौजवान और किसानों को संबोधित करते हुए कहाकि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी बढ़ी है। गरीब और गरीब हो रहा है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। हालत यह है कि देश की 80 करोड़ जनसंख्या सरकारी राशन पर निर्भर है। महंगाई, बेरोजगारी से आम जनता का जीवन त्रस्त है। देश की सम्पत्ति के बड़े हिस्से पर कुछ पूंजीपतियों का कब्जा है। पूंजीपतियों की सम्पत्ति अंधाधुंध बढ़ रही है जबकि गरीब की हालत बिगड़ती जा रही है। किसान कर्जदार हो रहा है तो व्यापारी उत्पीड़न के शिकार हैं। भाजपा सरकार के दस साल में देश में गरीबी और आर्थिक तंगी से एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं। समाजवादी पीडीए पदयात्रा में प्रमुख रूप से क्षत्रपाल यादव जिला अध्यक्ष सीतापुर, लखीमपुर खीरी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, सुरेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, शिवम श्रीवास्तव, अरुण दीक्षित मोनू, जगन्नाथ सिंह, अमित शुक्ला, सतीश द्विवेदी, मनोज यादव, इंद्री यादव, गुड्डू अंसारी, रमेश शुक्ला विधानसभा अध्यक्ष, छात्र सभा अध्यक्ष प्रवीण यादव सहित सैकड़ों ने पदयात्रा में हिस्सा लिया।

# 'मंडलायुक्त तक जाकर थक चुका हूं... मेरी भूमि कब्जामुक्त करा दें'

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** महमूदाबाद तहसील सभागार में ग्राम पंचायत गुड़ैचा के धुरिया गांव से आए दो फरियादी भाइयों हरिनाम और आशाराम ने एसडीएम शिखा शुक्ला को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी गांव स्तिथ भूमि गाटा है। भूमि के बीच में से पीडब्ल्यूडी द्वारा रेउसा-महमूदाबाद रोड निकलने से भूमि दो हिस्सों में पूरब और पश्चिम दिशा में बंट गई। आरोप है कि पूरब तरफ वाली भूमि जिसपर उनके द्वारा पहले से ही बांस के पेड़ लगाए गए थे। बावजूद इसके उस पर पास के गांव गोपालपुरवा के निवासी रामनरेश, कैलाश, राजेश, गेंदाराम उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की नियत से पक्का निर्माण कर रहे हैं। किसी भी समय उनकी व उनके परिवार के लोगों की हत्या हो सकती है। लेखपाल तमाम सी शिकायतों के बाद भी मौके की स्थिति का जायजा लेने एक बार भी नही आए हैं। जबकि फरियादी भाइयों कि मानें तो वो लोग लखनऊ मंडलायुक्त से लेकर डीएम और एसडीएम तक शिकायतें कर चुके हैं।



समाधान दिवस में एसडीएम से अपनी फरियाद करते पीड़ित भाई। अमृत विचार

### अन्य लेखपालों की टीम बना कर करायेंगे पैमाइश: एसडीएम

एसडीएम ने शिकायतकर्ता को बताया कि वो अगर संतुष्ट नहीं हैं तो धारा 24 के तहत पक्की पैमाईश करा लें। उसमे क्लियर रिपोर्ट चली जायेगी कि उनकी भूमि पर अन्य लोगों का कब्जा है या नहीं। अगर धारा 24 के अंतर्गत प्रार्थना पत्र देते हैं तो क्षेत्रीय लेखपाल को छोड़कर वो अन्य लेखपालों की टीम गठित कर पैमाईश करवाएंगी।

पातितोऽपि कराघातै–रुत्पतत्येव कन्दुक: ।
प्रायेण साधुवृत्तानाम–स्थायिन्यो विपत्तय: ॥

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है।

## संपादकीय

# विकास की राह पर घाटी

जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने देश के अन्य हिस्सों के लिए करीब 13,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया उनमें बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किमी) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच रेलवे लाइन शामिल है। उन्होंने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान व बारामूला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। बनिहाल-संगलदान खंड कश्मीर घाटी को उत्तर भारत के रेलवे नेटवर्क के और करीब लाएगा। 12.77 किलोमीटर की देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी खारी-सुम्बर खंड के बीच में स्थित है। सभी की निगाहें प्रधानमंत्री की जम्मू की सार्वजनिक रैली पर थीं। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जिसमें अकेले जम्मू और कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

बड़ी बात है कि पहली बार सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की यह दूसरी यात्रा थी। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सर्दियों में हिमपात और बरसात में भूस्खलन के कारण अक्सर बाधित हो जाता है तथा कभी-कभी कई दिनों तक रास्ता बंद हो जाता है। रेलवे लाइन का अधिकांश भाग सुरंगों में होने के कारण यह हर मौसम में निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी। ट्रेनों की कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लोग बिना किसी कठिनाई और रुकावट के देश के अन्य हिस्सों की यात्रा कर सकेंगे। घाटी के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के लिए परिवहन का सस्ता और तेज रफ्तार विकल्प मिलने से उनकी तरक्की के रास्ते आसान होंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और सुरक्षा बलों की रसद एवं सामरिक साजोसामान की आपूर्ति भी त्वरित गति से निर्बाध हो सकेगी और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत होगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई प्रधानमंत्री की इस यात्रा को अहम माना जा सकता है। यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बल मिलने की संभावना है।

# विद्यासागर जी के संदेश देश को प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है।

पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक



प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवनभर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं। इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे, ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया, जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्र हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।' इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं, ऐसे में कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफ' है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी, देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह न सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## प्रसंगवश

# वरिष्ठ होने के अपने लाभ


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हिंदी में लिखने वाले वरिष्ठ होने के लिए उसी तरह प्रतीक्षारत बने रहते हैं जैसे कोई जूनियर अफसर प्रमोशन का रास्ता ताकता है। लिखने वाले का वरिष्ठ होना उस कष्ट के बिल्कुल विपरीत होता है जैसा एकांत लिफ्ट में मिली किसी युवा कन्या के अंकल कह कर पुकारने पर महसूस होता है। लिफ्ट में बूढ़ा होने से इंकार करने वाला हिंदी लेखक लिखने में वरिष्ठ कहलाने से खुश होता है, यही उसके जीवनभर का पारिश्रमिक है।

अपने वरिष्ठ होने का पता तब चलता है जब आपको किसी हिंदी गोष्ठी, सम्मेलन में अतिथि, मुख्य अतिथि होने योग्य मान लिए जाए। कोई लेखिका आपसे अपनी नई किताब का विमोचन करवाने के लिए तैयार हो। भले आप खुद कभी कायदे का कुछ नहीं लिख पाए हो, इसके बावजूद आपका किसी और की लिखी किताब का विमोचन करने योग्य होना या योग्य मान लिया जाना आपकी वरिष्ठता की तस्दीक है। वरिष्ठ होने के अपने लाभ हैं। ये मंचासीन होने का अवसर है। आप इस अवसर पर खेत से लेकर खलिहान तक की बातें कर सकते हैं और सबसे बड़ी बात, ऐसे मौके पर बोलने वाले तमाम वक्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वो मन मार कर ही सही पर आपकी तारीफ करें। हिंदी का लेखक संतोषी जीव होता है। वह तारीफ से ज्यादा किसी चीज की अपेक्षा नहीं करता। इससे अधिक की अपेक्षा इसलिए भी नहीं करता है, क्योंकि वो जानता है कि उनका पूरा होना नहीं है। हिंदी लेखकों की एक आचार संहिता है। वे एक दूसरे के बारे में जो भी राय रखे। सामने वाले को कितना भी हल्का और मामूली गिने पर आमने-सामने मिलने पर वे एक दूसरे की तारीफें ही करते हैं। इन तारीफों को एक दूसरे की पीठ खुजाने जैसा मामला ही समझिए। अचानक सभी विख्यात और प्रतिष्ठित हो जाते हैं। एक दूसरे को यशस्वी और प्रतिभाशाली बताते हुए गले सूखते है सबके। यह जानते हुए भी कि सामने वाला उसकी दी हुई किताब कभी नहीं पढ़ेगा।

ऐसे अवसर पर किताबों का आदान-प्रदान किया जाता है। संग-साथ फोटो खिंचवा ली जाती है ताकि उनका सदुपयोग फेसबुक पर चिपकाकर किया जा सके। वरिष्ठ होने का एक और लाभ है। चाय नाश्ते वाला सबसे पहले आपको परोसता है। दूसरों के पहले नाश्ते का पात्र होना भी एक महत्वपूर्ण सुख है। विमोचन कार्यक्रम के आयोजक यदि समझदार हो तो ऐसे कार्यक्रम शाम को होते हैं और इस तरह ये गला तर करने का भी सुअवसर हो सकता है।

वरिष्ठता का निर्धारण होता कैसे है? वरिष्ठ होने के किसी नवोदित लेखिका की पुस्तक के विमोचन योग्य मान लिए जाने के दो ही तरीके है। पहला आप क्वॉलिटी की परवाह किए बिना लगातार लिख रहे हो। आपकी लिखे की मार की चपेट में आकर दुनिया बेहाल हो चुकी हो। किसी को सूझ न रहा हो कि आपसे छुटकारा कैसे पाया जाए? ऐसे में आपको वरिष्ठ घोषित करने के अलावा और कोई रास्ता दुनिया के सामने नहीं बचता। आप इस कारण भी वरिष्ठ घोषित कर दिए जाते हैं कि शायद वरिष्ठ होकर ही आप कुछ संयम बरतें और दुनिया में शांति स्थापित हो। दूसरा तरीका ज्यादा आसान है। संयोग और किस्मत भी बहुत बार आपको वरिष्ठ घोषित करवा देते हैं। यदि आयोजक मित्र हो आपके या आप फूल मालाओं और नाश्ते का खर्च उठाने के लिए तत्पर हो, तब भी आपको अनायास वरिष्ठता का तमगा हासिल हो जाता है। किसी और की लिखी किताब पर चढ़ा रंगीन कवर का लाल फीता खोलने के लिए हिंदी का वरिष्ठ लेखक सदैव उतना ही प्रफुल्लित बना रहता है जैसे प्राइमरी स्कूल का बच्चा अपने बर्थ डे पर मिलने वाले गिफ्ट पैकेट्स का रैपर उतारते वक्त होता है। विमोचन होता है सरकारी कार्यक्रमों जैसा। वैसा ही औपचारिक। सबको पता होता है कि अब क्या होगा, बोलने वाला क्या बोलेगा। सब आपस में बतियाते हैं, चहकते हैं, उबासियां लेते हैं, झपकते हैं और इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि मंच से बोल रहे बंदे को पूरी तरह अनसुना कर दिया जाए।

विमोचन करने के बाद हर भले गृहस्थ की तरह सीधे घर लौटता है हिंदी लेखक। पत्नी देखती है शाल और श्रीफल को। अपने पति के बारे में अब तक बनाई अपनी राय को तात्कालिक रूप से थोड़ा बहुत नरम करती है। इसके बाद शाल को लड़के की शादी मौके पर ननदोई को देने के लिए सुरक्षित रख लेती है और नारियल की चटनी बना लेती है। विमोचन कार्यक्रम की अगली सुबह नारियल की चटनी के साथ डोसे मिल जाना हिंदी लेखक का बतौर वरिष्ठ होने के नाते सर्वोच्च सम्मान है। यही उपलब्धि है उसके जीवन की और इसी कारण वो वरिष्ठ होना चाहता है।

# राष्ट्र निर्माण में मातृभाषा का महत्व


डॉ. साकेत सहाय
भाषा एवं संचार विशेषज्ञ

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है, परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास हेतु यह जरूरी है कि भारतीय समाज में विद्यमान नैसर्गिक बौद्धिकता को मजबूती दी जाए। भारत के ग्रामीण बच्चों में न केवल प्रतिभा है, बल्कि ग्रामीण बच्चे भारतीय शहरी बच्चों की तुलना में अधिक मेधावी हैं। परंतु इन बच्चों की प्रगति के मार्ग में गणित की अपेक्षा अंग्रेजी बड़ी बाधा है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी से तालमेल बिठाना बेहद कठिन होता है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी विवशता एवं बाध्यता है। हालांकि वर्तमान सरकार द्वारा इस दिशा में बदलाव हेतु प्रयास किए जा रहे है। देशी भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की शुरुआत इस दिशा में बड़ा कदम है।

दुनियाभर के सफल एवं समृद्ध देशों में बच्चों को विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा उनके देश की प्रमुख भाषाओं में ही दी जाती है। ये सभी देश भारत की तुलना में अधिक सफल हैं, क्योंकि वहां समूची जनसंख्या की प्रतिभा को स्थानीय भाषाओं में निखारा गया है। बावजूद इसके ये इस प्रतिस्पर्धी विश्व में अपनी शर्तों, प्रतिभा के बल पर टिके हुए हैं। भारत में स्वीकृत अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता निश्चित रूप से दोषपूर्ण है। देश में आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण अंग्रेजी भाषा के प्रति हमारा अंध मोह हैं। हालांकि वर्तमान सरकार इस दिशा में थोड़ी प्रयासरत है, पर इस प्रकार के और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत में यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि गीत, संगीत, नृत्य, फिल्मों, चुनाव प्रचार आदि के लिए तो देशी भाषाएं ठीक हैं, लेकिन विज्ञान, तकनीक, व्यावसायिक शिक्षा आदि के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। पश्चिमी शिक्षा के समर्थक तो इस बात पर दिन-रात बल देते रहते है। आजादी के इस अमृत काल में व्यवस्था को यह विचारने की आवश्यकता है कि देश की समृद्धि हेतु देशी भाषा के वातावरण में विकसित अधिकांश भारतीय बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उनकी अपनी भाषा में समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। एक मजबूत लोकतांत्रिक भारत इसी आधार पर निर्मित हो सकता है।

भाषाओं का भी अपना अर्थशास्त्र होता है। यह सब कुछ अंग्रेजी का आधिपत्य देखकर समझ आता है। आज ऐसी धारणा बन गई है कि भारत की वर्तमान आर्थिक प्रगति में अंग्रेजी भाषा का विशेष योगदान है। जबकि ऐसा नहीं है। दुनिया के 20 धनी राष्ट्रों में सरकारी कामकाज की भाषा (एवं सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम) स्थानीय जनभाषा से भिन्न नहीं है। इस देश में भाषिक विभेद का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि जिन उच्च वर्ग के लोग अंग्रेजी/विदेशी भाषा के स्कूलों में जाते हैं और वहां की शब्दावली तथा विचारों से प्रभावित होकर वे वैसे ही व्यवहार करते हैं जिसके अंतर्गत वे स्वयं को श्रेष्ठ व स्थानीय भाषा के लोगों को हेय दृष्टि से देखते है। भारत में उच्च शिक्षा अंग्रेजी पर केंद्रित होने से अपनी जनसंख्या का बहुत कम भाग बौद्धिक रूप से विकसित हो पाता है। हमारे देश में यह स्थिति अंग्रेजी की अनिवार्यता के कारण नहीं, बल्कि हमारी दोषपूर्ण शिक्षा नीति की वजह से हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि आप भारतीय भाषाओं से परीक्षा देकर सेना में एक सैनिक या जवान तो बन सकते हैं, परंतु एक अधिकारी होने के नाते आपको परीक्षा अंग्रेजी में देनी होगी। इससे अंग्रेजी एक ऐसी भाषा के रूप में उभरकर सामने आती है, जो भारत की प्रगति के बजाय पिछड़ेपन का कारण बनकर हमारे सामने उपस्थित होती है।

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है, परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है। यह सत्य है कि भारत में जैसे विशाल एवं विविधता वाले देश में किसी भी भाषा का विरोध उचित नहीं। परंतु भाषाई रूप से इस समृद्ध देश में द्वितीय या तृतीय भाषा के रूप में ही अंग्रेजी का शिक्षण उपयुक्त हो सकता है प्रथम भाषा के रूप में कदापि नहीं। उच्च शिक्षा, न्यायालय एवं शासन हेतु भारतीय भाषाओं पर रोक एवं अंग्रेजी को अपनी प्रथम भाषा बनाने से इस देश में अनेक असुविधाएं सामने आती हैं। अधिकतर विद्यार्थियों को मजबूरीवश अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। इस व्यवस्था से देश में अनेक भाषाई विकलांग पैदा होते जा रहे हैं, जो किसी भी भाषा में प्रवीण नहीं होते। जबकि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की प्रमुख भाषा एवं उनकी स्थानीय भाषा में ही विकसित होने की छूट होनी चाहिए, बाद में भले अन्य भाषाएं सीखी जा सकती हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कुछ प्रयास हुए है, परंतु अभी मीलों आगे जाना है।

## सोशल फोरम

# इतने निरीह क्यों हैं हम


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

दुनिया के लगभग सभी धर्म यह मानते हैं कि सृष्टि से इतर कोई ऐसी ईश्वरीय सत्ता है जिसने हमारी और इस विराट ब्रह्मांड की रचना की और इसका संचालन करता है। मतभेद इस बात का रहा है कि ईश्वर के साथ हमारे रिश्ते कैसे होने चाहिए? ईसाई धर्म में ईश्वर से हमारा पिता और पुत्र का रिश्ता है, लेकिन यह रिश्ता सीधा नहीं है। इस रिश्ते का स्वरुप ईश्वर के पुत्र जीसस के माध्यम से तय होता है। इस्लाम में सूफियों और हिंदुओं में प्रेममार्गी पंथ के अनुयायियों की थोड़ी सी संख्या है जिनके लिए ईश्वर और हमारा रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका का, पति-पत्नी का, प्रेम का, समझदारी का, भरोसे का और अभय का है। उनके अलावा सभी धर्मों ने ईश्वर के साथ हमने जो रिश्ता बनाकर रखा है वह आमतौर पर स्वामी और दास का है। हम ईश्वर के अंश या कृति हैं तो उसके साथ हमारे रिश्ते इतने लिजलिजे क्यों होने चाहिए? क्यों वह सब कुछ है और हम कुछ भी नहीं? हमने कभी यह क्यों नहीं सोचा कि परमपिता परमेश्वर तो क्या संसार का कोई भी पिता अपनी संतान को इस कदर बेचारा, कातर, रीढ़विहीन, दयनीय, भयातुर, पराजित, अंधभक्त और याचक की तरह हर समय अपने चरणों में झुका हुआ नहीं देखना चाहता। हर पिता की ख्वाहिश होती है कि उसकी संतान विनम्र, लेकिन आत्मविश्वास से लबरेज स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो। ऐसा व्यक्तित्व जो जरूरत पड़ने पर उसकी आंख से आंख मिलाकर सवाल भी पूछ सके। हम क्यों अपना व्यक्तित्व अपने सर्जक में विलीन कर आजीवन अकिंचन बने रहें? आभार, कृतज्ञता और श्रद्धा तक तो ठीक है, लेकिन उस पर हमारी इस कदर भावनात्मक निर्भरता हमसे हमारा व्यक्तित्व और स्वाभिमान छीन लेगी। क्यों हम उसके आगे भीख का कटोरा लिए हर समय याचक की तरह खड़े रहें? उसने यह खूबसूरत दुनिया और उसके सुव्यवस्थित संचालन के लिए बुद्धि-विवेक हमें सौंप रखे हैं। वह किसी को वरदान या दंड, स्वर्ग या नर्क नहीं आबंटित करता। यह अपने कृत्यों से हम इसी जीवन में अर्जित करते हैं। ईश्वर को अपनी सृष्टि से प्यार है। उस तक पहुंचने का कोई भी रास्ता जड़ता, दासता, अकिंचनता से होकर नहीं जाता।

-फेसबुक वॉल से

# पाकिस्तान में हो क्या रहा है


सचिदानंद सिंह
मुंबई

इमरान खां कैद में हैं और एक न्यायालय के आदेश ने उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को उसके चुनाव चिन्ह (क्रिकेट का बल्ला) से वंचित कर रखा है। इमरान के कई सहयोगी भी गिरफ्तार हैं और कुछ गिरफ्तारी टाल सकने के लिए फरार हैं। अव्यवस्था और बेतरतीबी के ऐसे हालात में पार्टी का नेतृत्व अभी एक अपेक्षाकृत अनजान गौहर अली खां संभाल रहे हैं। 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई ने कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को समर्थन दिया था। चुनाव के दिन पाकिस्तान में सुरक्षा के विचार से मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गई थीं। चुनाव में धांधली की आशंका शुरू से थी, सेवा बंद किए जाने पर लोग और अधिक सशंकित हो उठे थे। एक तरह से चुनाव पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) और 'अन्य' के बीच लड़ा जा रहा था। लोग मान बैठे थे कि पीएमएल-एन विजयी रहेगा, क्योंकि नवाज को सेना का समर्थन है और पाक सेना, कहते हैं, जंग भले कभी न जीती हो, चुनाव कभी नहीं हारी है।

चुनाव के दिन लग रहा था पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार बड़ी संख्या में जीतने वाले हैं। मतों की गिनती शुरू होने के बाद भी वैसा ही लगता रहा। कुछ समय तक नवाज और उनके भाई शाहबाज दोनों बहुत पीछे चल रहे थे। शाहबाज नेशनल असेंबली और प्रोविंशियल असेंबली दोनों के लिए लाहौर से लड़ रहे थे और दोनों जीत गए। नवाज दो जगहों से नेशनल असेंबली के लिए लड़ रहे थे, एक जगह जीते। चुनाव के नौ दिनों के बाद रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत चट्ठा ने एक संवाददाता सम्मेलन में खुलासा किया कि उन्होंने अपने मातहतों के मार्फत पीएमएल-एन की जीत के लिए बहुत धांधलियां कीं। यहां तक कि पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार जो सत्तर हजार मतों से जीत रहे थे, उन्हें पराजित दिखा कर नवाज की पार्टी के उम्मीदवार को विजयी दिखाया। कुछ नाटकीय ढंग से उन्होंने अपने लिए सजा-ए मौत उचित ठहराया, बस अपने लिए नहीं, उन्होंने कहा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा और मुख्य चुनाव आयुक्त (मुचुआ) सिकंदर सुलतान राजा को भी सजा-ए मौत दी जानी चाहिए। जज साहब ने साक्ष्य की कमी कहते हुए उनकी बात को खारिज कर दिया। मुचुआ ने जांच शुरू कर दी है। सभी रिटर्निंग ऑफिसर्स से सवाल जवाब किए जा रहे हैं। पाक सरकार ने चट्ठा को हिरासत में ले लिया है। नवाज की पार्टी कह रही है चट्ठा पीटीआई के एजेंट हैं और देश में अराजकता फैलाने के लिए उन्होंने ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। पीटीआई वाले कुछ लोगों ने एक प्रिंटिंग प्रेस के वीडियो पोस्ट किए हैं, जहां किसी क्षेत्र के बैलट पेपर छापे जा रहे थे। नवाज की पार्टी के लोगों ने चट्ठा और इमरान के नजदीकी रिश्तों की बात की है-कैसे इमरान की बहन उज्मा खां को डेरा गाजी खां में चट्ठा ने, जो उस समय वहां कमिश्नर थे, छह सौ करोड़ रुपयों (पाक रुपये) की जमीन बस तेरह करोड़ में दिला दी। चट्ठा को पाकिस्तान के एक समय के जासूस-ए आज़म फैज हमीद का नजदीकी भी बताया जाता है। यह बात तो खैर गौर करने लायक है ही कि चट्ठा की अंतरात्मा नौ दिनों तक चुप क्यों बैठी रही? मीर तकी मीर से माफी मांगते हुए, फ़ौज़ी चुनाव है रोता है क्या/ आगे आगे देखिए होता है क्या।

# मोदी का चौथा कार्यकाल


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदी साहित्य के इतिहास का रीतिकाल सुंदरियों के नख शिख वर्णन और नृप यश कीर्तन के लिए प्रसिद्ध है। हम यहां नायिका भेद और नख शिख वर्णन की बात न करके 'नृप यश कीर्तन' की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरबारी कवि राजाओं के आश्रय में रहते थे और भारी भरकम अतिशयोक्तियों के द्वारा उनकी प्रशंसा और स्तवन करते थे, जैसे भूषण कवि ने शिवाजी की प्रशंसा करते हुए लिखा कि 'आपके यश विस्तार से सब कुछ सफेद हो गया है जिससे जो मुख्य-मुख्य श्वेत वस्तुएं थीं, वह अब ढूंढे नहीं मिल रही हैं, यानी खो गई हैं। क्योंकि साहित्य में यश का रंग सफेद माना गया है। उदाहरण स्वरूप इंद्र को उनका ऐरावत हाथी (श्वेत वर्ण) नहीं मिल रहा है।

भगवान विष्णु क्षीर सागर खोज रहे हैं, शंकर जी हिमालय और पार्वती जी शिव को, क्योंकि वे भी कर्पूर गौर हैं। आजकल राजनीति के क्षेत्र में भी लगता है रीतिकाल आ गया है और मोदी की धूम है। अब देखिए राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेता ने कहा है कि मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में देश का विकास बुलंदियों पर होगा। उन्होंने मोदी को विश्व के राजनीतिक व्योम का अतिशय देदीप्यमान सितारा भी कहा। जबकि चुनाव देश में होता है, दुनिया में नहीं। हम यह कहना चाहते हैं कि अभी तो तीसरे कार्यकाल का ही चुनाव होना बाकी है, फिर चौथे कार्यकाल में भी मोदी को चुना हुआ घोषित कर देना और तत्कालीन उपलब्धियां बता देना या तो कवित्वपूर्ण उक्ति वैचित्र्य है या मसखरी। यह जनता के साथ मजाक ही है, क्योंकि अभी उन्होंने तो अपने प्रतिनिधि चुने ही नहीं हैं। वे जिन्हें चुनेंगे, तब वे अपना नेता चुनेंगे। फिर चौथा कार्यकाल तो 2029 से 2034 तक होगा।

इतने लंबे भविष्य की दृष्टि तो संभवतः ज्योतिषियों और ऋषियों के पास भी नहीं होती है। यह 'विधि हाथ' है, 'राजनाथ के हाथ' नहीं। जनता के मजाक के साथ-साथ किसी व्यक्ति विशेष का नाम पीएम या सीएम पद के लिए प्रायोजित करना असंवैधानिक भी है, क्योंकि इसकी संविधान में व्यवस्था ही नहीं है। निर्वाचन के बाद चयनिति प्रतिनिधियों को अपना नेता चुनने का अधिकार होता है। फिर राष्ट्रपति अपने विवेक का प्रयोग करके प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं तथा अपनी 'सहायता और सलाह देने' के लिए सरकार गठित करते हैं।

# समान नागरिक विधेयक पारित करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य : धामी

## दर्शन-पूजन के बाद रामलला को अर्पित किया ब्रह्मकमल व भोज पत्र | अगले चुनाव में रामभक्तों को मिलेगा रामलला का आशीर्वाद

अयोध्या कार्यालय


कैबिनेट मंत्रियों के साथ मंदिर परिसर में जय श्रीराम का उद्घोष करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। अमृत विचार


रामलला को साष्टांग प्रणाम करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी कैबिनेट के साथ मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। रामलला का दर्शन करने के बाद बोले कि चुनाव में रामभक्तों को रामलला का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने दर्शन-पूजन के बाद रामलला को ब्रह्मकमल व भोज पत्र अर्पित किया। इस दौरान वे बोले कि समान नागरिक विधेयक पारित करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बना है।

उन्होंने कहा कि एक लंबी प्रतीक्षा और लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अयोध्या और उत्तराखंड का बेहद गहरा नाता रहा है। उत्तराखंड से बड़ी संख्या में रामभक्त यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। उनकी सुविधा के लिए यहां 4700 वर्ग मीटर में राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। अयोध्या में जमीन उपलब्ध कराने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से प्रभु श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

### रामलला का आशीर्वाद लिया और खिंचवाई परिसर में फोटो

अपनी कैबिनेट के साथ महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से उनका स्वागत किया। उन पर फूल बरसाए और तिलक किया। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट से उनका काफिला रामनगरी पहुंचा। जहां वीवीआईपी गेट नंबर -11 से श्रीरामजन्मभूमि परिसर में उन्हें प्रवेश दिया गया। परिसर में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सभी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने रामलला को साष्टांग प्रणाम किया। अपनी कैबिनेट के साथ रामलला का आशीर्वाद लिया और परिसर में फोटो खिंचवाई।

### समान नागरिक संहिता भी रामराज्य

समान नागरिक संहिता लागू करने वाले देश के पहले राज्य का गौरव प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यही रामराज्य है। इस विधेयक से महिलाओं को उनके अधिकार मिलेंगे। बच्चों, बुजुर्गों सभी के हक व हितों की रक्षा होगी। सभी को उचित सम्मान मिलेगा।


एयरपोर्ट पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देतीं महिला कलाकार।

# जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारण करें : साकेंद्र

महमूदाबाद, सीतापुर



आशीर्वाद समारोह के दौरान मौजूद कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा व अन्य।

**अमृत विचार।** जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारण, समर्पित भाव, दृढ़ संकल्प अति आवश्यक है। यदि किसी ने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संकल्प कर लिया तो दुनिया की कोई भी शक्ति उसे सफलता प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। विगत वर्ष हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में परचम लहराने वाली छात्रा प्रियांशी सोनी के चैलेंज को स्वीकार कर उसे तोड़ने का प्रयास करें।

सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के परिसर में मां शारदे, स्वामी विवेकानंद एवं महेंद्र शास्त्री 'सरल' की मूर्ति अनावरण एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के आशीर्वाद समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने दीप प्रज्जवलन, भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमें उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरणा का काम करती हैं। महापुरुषों के द्वारा बताए गए मार्ग को अपनाकर हमें जीवन में कभी असफलता नहीं मिलेगी। इससे पूर्व सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आर के वाजपेयी विरल, दिनेश वाजपेयी, मिथिलेश वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आञ्जनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर ने मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, केदारनाथ शुक्ल, आराध्य शुक्ल, रामचंद्र वर्मा, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, अरुण पांडेय, राजेंद्र वाजपेयी, विनोद गुप्त, राजकुमार गुप्त, चक्रसुदर्शन पांडेय शिवदास गुप्त, रमा शंकर शुक्ल, एबीवीपी के कुलदीप गुप्त, अनिल गुप्त ज्योति, श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, मूलचंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र वर्मा का स्वागत बैज अलंकरण, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। विद्यार्थियों को कॉलेज के शिक्षक वीरेंद्र मिश्र, अखिलेश शर्मा, उमेश वर्मा, शिवसेवक मिश्र, आयुष वर्मा एसपी त्रिपाठी, यशपाल वर्मा अरुण वर्मा, सत्य प्रकाश यादव, अंबरीश वर्मा, अभिषेक मौर्य, आदर्श जायसवाल, शशांक शुक्ल, रोहित वर्मा आदि ने परीक्षा में सफलता का मंत्र देते हुए संबोधित किया। कॉलेज परिसर में मां शारदे, स्वामी विवेकानंद एवम महेंद्र कुमार शास्त्री सरल की मूर्तियों एवम इंटरमीडिएट विद्यार्थियों के आशीर्वाद समारोह के तहत कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ वीर रस के वरिष्ठ रचनाकार केदारनाथ शुक्ल ने मां शारदे की वंदना से किया। लटूरी लट्ठ, श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, अनिल गुप्त ज्योति, विनोद गुप्त ने कविता पाठ कर उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों जे साथ अभिभावकों को आनंदित किया।

# अतिक्रमण से बाजार में लग रहा जाम

सिधौली, सीतापुर


बाजार में अतिक्रमण की वजह से लगा जाम।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सिधौली की हर गली और बाजार अतिक्रमण की चपेट में है। कभी कभार अभियान चला, लेकिन उसका कोई भी असर नही दिखा। इसी अतिक्रमण के चलते सिधौली जाम की गिरफ्त में रहता है। वाहन रेंगते है, फुटपाथ खत्म हो गए हैं। सड़कों पर होती है पार्किंग और जिम्मेदार सो रहे हैं। सिधौली में पग-पग पर अतिक्रमण है, लोगों की दुकानें व आवास है, लेकिन सीढ़ियां व घरों के छज्जे सड़क पर निकले हैं। ठेले खोमचे वाले फुटपाथ पर दुकान सजा लेते हैं।

स्थाई व्यवसायियों का सारा सामान इन्हीं फुटपाथों पर फैला रहता है। ऐसे में लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार है। नगर पंचायत सिधौली के नालों पर भी अतिक्रमण है। जिम्मेदारों की सांठगांठ की वजह से अतिक्रमण हटाने का अभियान महज खानापूर्ति ही होती है। जिसका खामियाजा नगर पंचायत सिधौली के लोग भुगत रहे हैं। कभी-कभार चलने वाला अभियान सभी इलाकों में नहीं चलाया जाता है। इक्का दुक्का सड़क से अतिक्रमण हटाया जाता है और बाद में इसी बीच में ही रोक दिया जाता है। पूर्व में सिधौली व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी सिधौली से तहसील रोड को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग कर चुके हैं।

## फाइनल प्रतियोगिता : जिया क्लब ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट


क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में मौजूद पालिकाध्यक्ष हाजी जावेद खां व अन्य।

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** पिछले चार दिनों से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला जिया ब्राइट क्लब सीतापुर व नेशनल स्कूल तंबौर के मध्य खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेशनल क्लब की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 121 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जिया क्लब सीतापुर की टीम ने 8 ओवर में 122 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। विजेता टीम को लहरपुर चेयरमैन हाजी जावेद अहमद व समाजसेवी विवेक सिंह तुलसी ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर झब्बन बेग, अजीज गौरी, जियाउल हक, जनीर बेग, डॉ. शाहनवाज, विशाल रस्तोगी, फराज अहमद, उस्मान, अकमल खान, आफताब बॉस, आजम बेग, शिवपूजन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कथा व्यास ने शिव और पार्वती प्रसंग की सुनाई कथा

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** श्यामानंद फलाहारी बाबा की पुण्य स्मृति में श्री दुर्गा धाम राही में चल रहे 47वें, श्री शतचंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन में अयोध्या धाम से पधारे आचार्य अर्जुन तिवारी यज्ञाचार्य ने विधि विधानपूर्वक हवन पूजन एवं समस्त देवी देवताओं की आराधना की। उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर विश्व कल्याण के लिए आहुतियां डालीं। पंडित रामजी मिश्रा ने श्री राम कथा की महिमा का वर्णन किया। जिसके सुनने मात्र से मनुष्य भी दुखों से मुक्त हो जाता है। अंबिका देवी मानस मर्मज्ञ ने सत्कर्म करते हुए सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। रोहित कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम ने श्रीमद् भागवत के प्रथम श्लोक के माध्यम से विस्तार सहित कथा श्रवण कराई। हरदोई की मीनाक्षी तिवारी कथा व्यास ने भगवान शंकर और पार्वती प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा सती मैया के मन में शंका करने कि भगवान राम भगवान हैं या नहीं और उनकी परीक्षा लेने की कथा का वर्णन किया्। श्री राम कथा का रसपान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन रामगोपाल त्रिवेदी ने किया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार यज्ञ आचार्य अर्जुन तिवारी ने कराया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश शुक्ला, बाबा भयंकराचार्य महाराज, विजय शुक्ला, मनोज त्रिवेदी, रामचंद्र त्रिवेदी, राज किशोर त्रिवेदी, रमाकांत मिश्रा, गंगा प्रसाद त्रिवेदी, प्रभाकर शुक्ला, सुखदेव प्रसाद वाजपेई, राकेश बाजपेई, मुरारी लाल त्रिवेदी, अरुण शुक्ला सहित संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन

**भदफर सीतापुर, अमृत विचार।** विधानसभा हरगांव के मंडल शाहपुर के राजकुमार शिक्षण संस्थान में मंगलवार को लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वर्तमान जिला उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल मंडल अध्यक्ष संतोष मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंगल कार्यसमिति सदस्य संयोजक मोर्चा के अध्यक्ष सोशल मीडिया संयोजक आईटी संयोजक लाभार्थी अभियान के संयोजक सहसंयोजक कार्यशाला में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि राहुल जायसवाल एवं मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं सहित पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक सहकारिता तरुण मिश्रा, सत्यप्रकाश मिश्रा, मयंक शेखर पांडे, विनोद शुक्ला, हरे राम दीक्षित, गीता मौर्य, विश्वनाथ तिवारी, आलोक पांडे, नीरज शुक्ला, छन्नूलाल मौर्य, प्रधान राजकुमार गौतम व सत्येंद्र मौर्य आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र शिविर में 267 लोगों की आंख का परीक्षण


लोगों की आंख की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

**कुतुबनगर, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बा स्थित कुमारी रागनी सिंह सरस्वती शिशु मंदिर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के सैकड़ों मरीजों ने आंख से संबंधित आंख का लाल होना, आंख से पानी गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद आदि जांच की गईं। साथ ही चश्मों की भी जांच कराई गई। नेत्र शिविर का आयोजन आंख अस्पताल सीतापुर की ओर से किया गया था। कैम्प मैनेजर रामकिशोर शुक्ल ने बताया कि यह कैम्प सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा लगाया गया है। कैम्प में 267 लोगों की आंखों की जांच की गई। कैम्प में मौजूद डॉक्टर अभिषेक त्रिपाठी, रंजना शुक्ला, माधव, संध्या पाल सहित शीतल प्रसाद, गंगाराम, शिवकली, रामप्रसाद, रामदेवी आदि मौजूद थे।

# दिसंबर 2024 तक तैयार होगा राम मंदिर

**बैठक में निर्माण कार्यों को पूरा करने की समय सीमा तय**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर दिसंबर-2024 तक पूरा बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर और परकोटे के निर्माण संबंधित समस्त कार्य पूरे कर लिए जाएगा। परकोटे के निर्माण का कार्य को प्रारंभ करने में अभी चार दिन और लगेंगे। प्रथम तल पर लगाए की खम्भों में भी मूर्तियों को उकेरे जाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। वहीं यात्री सुविधा केंद्र और परिसर में फैले सड़कों के जाल को भी जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में मंगलवार को पहले दिन निर्माण कार्यों में गति देने पर मंथन किया गया। समीक्षा बैठक में राम मंदिर के सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक से पहले मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दर्शन के लिए कई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बैठक में अलग-अलग कार्यों को क्रम के अनुसार आगे बढ़ाने और समय से पूरा करने के लिए समय सीमा तय की गई है। डॉ. मिश्र ने बताया कि बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत कार्यदाई संस्था के इंजीनियर भी मौजूद रहे।

### जन्मभूमि पथ पर सात स्थानों पर लगेंगे एलईडी स्क्रीन

राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालु को जन्मभूमि पथ से ही रामलला को भी देख सकेंगे। इसके लिए ट्रस्ट की ओर से जन्मभूमि पथ पर सुग्रीव किला से लेकर सुरक्षा प्वॉइंट तक और यात्री सुविधा केंद्र में एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की बैठक में इसको लेकर मंथन किया गया। जल्दी ही सात स्थान पर एलईडी स्क्रीन लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### बढ़ाई जा रही श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं

मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही राम जन्मभूमि परिसर में आने वाली श्रद्धालुओं की सुविधाओं को भी बढ़ाये जाने का कार्य शुरू कर दिया गया। राम जन्मभूमि मंदिर तक जाने के लिए सुग्रीव क्लासिक मंदिर तक जूट के कारपेट बिछाये जा रहे हैं। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 121 स्थानों पर पानी की टोटियां लगाई जा रही हैं।

# झरेखापुर मंडल: गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से मुलाकात करें कार्यकर्ता

झरेखापुर, सीतापुर


नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को पटका पहनाकर सम्मानित करते जिला मंत्री।

**अमृत विचार।** हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मंडल में भाजपा की लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य वक्ता जिला मंत्री सुनील मिश्रा व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवनीश सिंह ने मौके पर मौजूद सभी पदाधिकारियों को लाभार्थी सम्पर्क अभियान के बारे विस्तारपूर्वक बताया और गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से मुलाकात करके कार्यक्रम को सफल बनाए जाने की अपील की। साथ ही काम के बलबूते झरेखापुर मंडल को जिले में नम्बर एक पर पहुंचाने की बात कही।

जिला मंत्री सुनील मिश्रा ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह को पटका पहनाकर बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष बाबूराम विश्वकर्मा, रामनन्दन राना, अमित राजपूत, युवा भाजपा नेता अनुज शुक्ला, किसान मोर्चा अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, रामनरेश सिंह, सचिन सिंह, तेजपाल सिंह, अभय सिंह, सरवन सिंह, चरनजीत सिंह तथा सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

**यूपी बोर्ड व सीबीएसई की परीक्षाएं** | मनोचिकित्सकों के सुझाव, विद्यार्थी न लें तनाव एवं मन को शांत रखें

# परीक्षा की घड़ी में नींद से न करें समझौता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** परीक्षा की घड़ी चल रही है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से होने जा रही हैं। स्वाभाविक तौर पर परीक्षाएं मानसिक तनाव बढ़ा देती हैं। इस दौरान कम नींद लेना भी हानिकारक साबित हो सकता है। विद्यार्थी तनाव बिल्कुल भी न लें। विद्यार्थियों को ये सुझाव जिले के मनोचिकित्सकों ने दिए हैं। उनका कहना है कि परीक्षाओं के दौरान आप अच्छा कर सकें, इसलिए जरूरी है कि मन को शांत रखा जाए। तनाव की स्थिति न सिर्फ आपके प्रदर्शन पर असर डालती है बल्कि कई प्रकार की दीर्घकालिक मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है।

### बच्चों के लिए टिप्स-

- जागते रहने और पढ़ने के दौरान चाय-कॉफी के अत्यधिक सेवन से बचें।
- रोजाना थोड़ी वॉक-एक्सरसाइज जरूर करें। इससे मन स्वस्थ रहता है।
- मन में कोई कठिनाई-समस्या या नकारात्मक विचार हो तो उसे अपने दोस्तों-माता-पिता से जरूर साझा करें।



### नींद की कमी से याददाश्त की दिक्कत



मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार का कहना है कि परीक्षा की घोषणा होते ही बच्चे रात में देर तक जगकर पढ़ना शुरू देते हैं। ये आदत ठीक नहीं है। परीक्षा के दौरान अच्छी नींद लेना जरूरी है। नींद की कमी से फोकस और याददाश्त की दिक्कत हो सकती है।

### टाइम-टेबल बनाकर करें पढ़ाई



साइकोलॉजिस्ट व काउंसलर डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार और शिक्षकों की उम्मीदें भी कई बार बच्चों में तनाव का कारण बन जाती है। बच्चों को यह समझ नहीं आता है कि वह कहां से शुरुआत करें। इसलिए परीक्षा की तैयारी करने से पहले एक टाइम टेबल जरूर बनाएं। परीक्षा से पहले विद्यार्थी को रिवीजन का काफी समय मिल जाता है। परीक्षा से होने वाले तनाव को दूर रखने के लिए समय का उपयोग करते हुए रिवीजन शुरू कर दें।

### माता-पिता भी विशेष ध्यान रखें, मोबाइल इस्तेमाल न करें



जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. शिशिर वर्मा का कहना है कि परीक्षा के दौरान मोबाइल से दूरी बनाकर रखने की जरूरत है। स्क्रीन टाइम कम होने से नींद अच्छी आती है और प्रदर्शन अच्छा रहता है। बच्चों पर अच्छे नंबर लाने, सामाजिक प्रतिष्ठा का दबाव होता है। अत्यधिक तनाव की स्थिति बच्चों की मूल प्रदर्शन क्षमता को कम कर सकती है। इसलिए जरूरी है कि न सिर्फ बच्चे, उनके माता-पिता भी कुछ बातों पर विशेष ध्यान रखें। परीक्षाओं के दौरान घर को वॉर रूम में न बदलें। घर का माहौल शांत रखें, बच्चों पर अतिरिक्त दबाव न बनाएं।

### पढ़ाई के दौरान थकान पर अनुलोम-विलोम करें



जिला अस्पताल के आयुर्वेद फिजिशियन डॉ. डीके द्विवेदी ने बताया कि पढ़ाई के दौरान थकान की भी समस्या सामने आती है। ऐसे में मस्तिष्क को आराम भी जरूरी है। नींद से समझौता बिल्कुल न करें। आप जितनी सहजता के साथ परीक्षा के लिए जाएंगे, प्र8दर्शन उतना ही अच्छा रहेगा। थकान पर अनुलोम विलोम करें। तली-भुनी चीजों से बचें। मौसमी फल खाएं और आंवले का मुरब्बे को भी उसमें शामिल करें। कपालभाति और भ्रामरी स्मरण शक्ति को बढ़ाता है।

# बेटी से मारपीट में पिता को एक साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेटी से मारपीट में कोर्ट ने पिता को दोषी पाते हुए एक साल के कारावास और 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अभिषेक बगड़िया की अदालत से मंगलवार को हुआ। कोर्ट ने पिता को अश्लील हरकत और पॉक्सो एक्ट के तहत लगाए गए आरोप से दोष मुक्त कर दिया।



पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि घटना 31 अगस्त 2022 की है। इनायतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में मेड़ई यादव पर उसकी बेटी ने आरोप लगाया था कि उसके पिता ने उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध पर मारा-पीटा। मां बचाने आई तो उसे भी मारा। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने लिखाई थी और अदालत में आकर दोनों पक्षद्रोही हो गए।

इस पर कोर्ट ने मारपीट में सजा दी जबकि अन्य आरोप से पिता को दोष मुक्त कर दिया। मेड़ई घटना के समय से ही जेल में है, उसे सजा सुनाए जाने के बाद फिर जेल भेज दिया गया।

# बोर्ड परीक्षा के लिए बच्चों का बढ़ाएं हौसला, तनाव से दूर रखना भी जरूरी

अमेठी कार्यालय

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं का खौफ छात्रों पर इस कदर हावी रहता है कि जब तक बच्चा बड़ा होता है, उसके दिमाग में कूट-कूटकर भर जाता है कि ये बहुत ही जरूरी पेपर होते हैं। जाहिर हैं जरूरी हैं तो इनमें स्कोर करना और भी जरूरी हो जाता है। तब बच्चों के मन में कई सारे सवाल उपजने लगते है कि मार्क्स कैसा होगा...? टॉप में आऊंगा या नहीं..? किसी सब्जेक्ट में फेल तो नहीं हो जाऊंगा...? घरवाले क्या कहेंगे...? स्कूल में सब क्या सोचेंगे...? अच्छे कॉलेज में एडमिशन मिलेगा या नहीं...? ऐसी बहुत सारी बातों का तनाव स्टूडेंट झेलता रहता है। कुछ बच्चे इस प्रेशर को आसानी से डील कर लेते हैं, कुछ कठिनाई से तो कुछ डील नहीं कर पाते। इस बात में कोई शक नहीं कि दुनिया का कोई भी एग्जाम बच्चे की सेहत और जिंदगी से बढ़कर नहीं होता। ऐसे में अगर आप भी बोर्ड परीक्षाओं के पहले और बाद में बच्चे में ये लक्षण देखें तो चौकन्ने हो जाएं।

गुरुवार से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में अमेठी में कुल 83 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में कुल 49080 परीक्षार्थियों को शामिल होना है। हाई स्कूल में 28127 व इंटरमीडिएट में 20953 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों पर सचल दल प्रभारी, मानीटरिंग सेल प्रभारी, कंट्रोल रूम प्रभारी, सेक्टर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट की निगरानी रहेगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8 बजकर 30 मिनट से 11 बजकर 45 मिनट व दूसरी पाली की परीक्षा 2 बजे से 5 बजकर 15 मिनट के बीच होगी। जिसके लिए अमेठी में 12 राजकीय विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय 22 व 49 वित्त विहीन विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बोर्ड परीक्षा हेतु केंद्र व्यस्थापक 83, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक 83, जोनल मजिस्ट्रेट 4, सेक्टर मजिस्ट्रेट 13, स्टेटिक मजिस्ट्रेट 83 बनाये गए हैं। परीक्षा केंद्रों की वेबकास्टिंग द्वारा मानीटरिंग की जाएगी। परीक्षा समाप्त होने के दो घंटे के भीतर स्ट्रांग रूम राजकीय बालिका इंटर कालेज गौरीगंज में कापियां पहुंचाना होगा।

### इस वजह से होता एग्जाम के वक्त स्ट्रेस

किसी भी परीक्षा से पहले उसमें होने वाले अपने प्रदर्शन को लेकर तनाव होने वाली स्थिति को एग्जाम स्ट्रेस कहा जाता है। अपनी तैयारी को कम आंकने, परीक्षा में रिजल्ट को लेकर अनिश्चितता होने, किसी तरह का मेंटल स्ट्रेस होने, परिवार या शिक्षकों से परीक्षा को लेकर अत्यधिक दबाव पड़ने पर स्टूडेंट्स को एग्जाम स्ट्रेस होता है। इस पर अभिभावकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### परीक्षा के दिन क्या करें

एक अभिभावक होने के नाते सुनिश्चित करें कि बच्चा परीक्षा के दिन अच्छी नींद ले, अच्छा नाश्ता करे और परीक्षा के लिए आवश्यक हर चीज के लिए एक चैकलिस्ट रखे। इसके अलावा, अपने बच्चे को किसी भी चीज से अधिक प्रोत्साहित करें और उन्हें बताएं कि आपको उनके प्रयासों पर गर्व है। उन्हें अगली परीक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन गलतियों पर ध्यान न दें, जिन्हें उन्होंने महसूस किया है या उन्होंने बताया है। इस तरह के टिप्स अपनाकर बच्चों के डर को भगाया जा सकता है।

### दबाव देने में अभिभावकों की होती है भूमिका

एग्जाम को लेकर छात्रों पर दबाव डालने में अभिभावकों की सबसे अधिक भूमिका होती है। बच्चे पर दबाव बनाने के बजाय माता-पिता को चाहिए कि बच्चों से बातचीत करें, उनका सहयोग करें और उन्हें सहज महसूस कराएं। थोड़ा-बहुत प्रेशर जिसे पॉजिटिव प्रेशर कहते हैं, वो ठीक है लेकिन हद से ज्यादा तनाव को हावी न होने दें। अगर तनाव हावी होता है तो बच्चों की पढ़ाई पर इसका असर पड़ता है।

### बच्चा अकेला रहने लगे तो...

अगर आपका बच्चा अचनाक पढ़ाई कम कर देता है और मोबाइल या टीवी से ज्यादा चिपकने लगता है। अगर वो सोने ज्यादा लगता है तो इसे उसकी बदमाशी में काउंट न करें। अगर आपका होशियार बच्चा अचानक ऐसे काम कर रहा है तो समझ लीजिए वह अपने मन में चल रही उलझनों से भागने के लिए अपना दिमाग डायवर्ट करने के तरीके तलाश रहा है। इससे बचाव के लिए उससे बात करें, उसे आपकी मदद चाहिए, ऐसे में उसे आप बिल्कुल भी डांटें नहीं, बल्कि उसे समझाने का प्रयास करें।

### बच्चों में इन लक्षणों के दिखने पर हो जाए सतर्क

लक्षणों की बात करें तो अगर आप अपने बच्चे के व्यवहार में किसी तरह का बड़ा बदलाव देखें जैसे वो अचनाक चुप रहने लगे, लोगों से मिलना-जुलना बंद कर दें, कम बोले, खाना-पीना न खाए, दोस्तों से मिलना या बात करना भी अवॉइड करे तो समझ जाएं कुछ गड़बड़ है। अपने पसंदीदा कामों में भी रुचि न दिखाए, स्लीपिंग पैटर्न में बदलाव हो (इसमें ज्यादा सोना और कम सोना दोनों शामिल हैं), नॉर्मल रूटीन बदल जाए, पढ़ाई करना बंद कर दे, उसे घबराहट हो, पूरे समय मोबाइल चलाता रहे तो भी उससे बात करें।

### बच्चों के लिए टिप्स

- परीक्षा की टेंशन न लें, खुद पर भरोसा रखें।
- पढ़ाई का एक टाइम टेबल बनाएं। कठिन चीजों को अलग कर लें।
- सात-आठ घंटे की नींद जरूरी है। जिससे याददाश्त को बढ़ावा मिलेगा।
- चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक व तले भोजन से बचें।
- प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर डाइट लें।
- तनाव कम करने को योग करें व लाइट म्यूजिक सुनें।
- बच्चों की बात सुनें, मित्र जैसा व्यवहार रखें।
- बच्चों को संतुलित आहार दें।

## एक नजर

### पत्र भेजकर सांसद ने व्यक्त की शोक संवेदना

**अमेठी, अमृत विचार :** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के गुलालगढ़, डेहरा निवासी कन्हैया बक्स सिंह की 31 जनवरी 2024 को आकस्मिक निधन हो गया था। खबर सुनकर अमेठी सांसद स्मृति ईरानी द्वारा उनके परिजन हरिनारायण सिंह ने ग्राम गुलालगढ़, डेहरा थाना संग्रामपुर को शोक संवेदना पत्र भेजकर परिवार के दुख बांटा।

### बिजली का लोड बढ़ाए नहीं तो होगा जुर्माना

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार :** बिजली का उपयोग ज्यादा और कनेक्शन का लोड कम है तो बिना देरी किए लोड बढ़वा ले। मंगलवार को सिंहपुर भवानी प्रसाद का पुरवा में जेई सरोज राजभर की टीम ने राकेश कुमार, राम चंद्र, संतोष साहू, पवन कुमार, गुरु बार्दान सहित 12 से ज्यादा कनेक्शन काटे। टीजीटू बीरेंद्र राज भर ने कहा कि कहीं ऐसा न हो कि जुर्माने की बिजली आप पर ही गिर जाए। अब बिजली की चोरी करने वालों की खैर नहीं होगी। कागज पर कम लोड दिखा कर अधिक खापत कर रहे उपभोक्ता पर विद्युत विभाग की तिरछी नजर है। उपभोक्ता स्वयं अपने हिसाब से लोड बढ़वा लें, ताकि जांच के दौरान जुर्माना न भरना पड़े।

### छात्र-छात्राओं को कराई गई शपथ ग्रहण

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार :** राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय में सोमवार से वार्षिक खेल कूद एवं सांस्कृतिक सप्ताह उड़ान-2024 की शुरुअता हुई। समारोह की शुरुआत छात्र-छात्राओं के शपथ ग्रहण से की गई। समारोह में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एयरपोर्ट ऑपरेशंस, बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीजज और बीएफएफसी के छात्रों को समेकित कर चार हाउस में निभाजित किया गया। समारोह के अंतिम दिन एक हाउस को उसके प्रदर्शन के आधार पर उड़ान चंपियन 2024 की ट्रॉफी मिलेगी। समापन 23 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। इस दौरान एसएल.हरि कुमार कुलसचिव, केआर अभिलाष, देवेंद्र कुमार मिश्रा, डीपी सिंह, प्रज्वल डिसूजा आदि रहे।

# राहुल ने यात्रा रोक किया सरेंडर, मिली जमानत

## कोर्ट से वापस आने के बाद कांग्रेस सांसद अमेठी की यात्रा रद कर काफिले के साथ कूच कर गए रायबरेली

अमेठी कार्यालय

**अमृत विचार :** रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार की सुबह कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संवाद के बाद सुबह करीब पौने 10 बजे कार से सुल्तानपुर न्यायालय के लिए राहुल गांधी रवाना हो गए थे। सोमवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद राहुल गांधी देर शाम करीब पौने 7 बजे अकेलवा चौराहे पर मलिक मोहम्मद जायसी खेल मैदान में रात्रि विश्राम के लिए रुके थे। मंगलवार की सुबह फुरसतगंज के रास्ते रायबरेली होते हुए सुल्तानपुर के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकलनी थी। लेकिन सोमवार को ही सुल्तानपुर न्यायालय में पेशी पर हाजिर होने के लिए सम्मन मिला था। सम्मन एक मानिहानि से संबंधित था। जिसे एक भाजपा नेता ने 2018 में न्यायालय में वाद दाखिल किया था। सुल्तानपुर न्यायालय से वापस आने के बाद मंगलवार को निकलने वाली अमेठी के फुरसतगंज से भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम रद्द कर सीधे रायबरेली के लिए कूच कर गए।

सुल्तानपुर न्यायालय में पेश होने के लिए राहुल गांधी पहले इंदिरागांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी से हेलीकॉप्टर से जाने वाले थे। सुबह राहुल गांधी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संवाद कर ही रहे थे। लेकिन राहुल गांधी ने ऐन वक्त पर फैसला बदलकर बाई रोड़ कार से निकल गए। न्यायालय में पेश होने के बाद जमानत मंजूर होने पर सुल्तानपुर के अमहट से हेलीकॉप्टर से राहुल गांधी अमेठी के नहर कोठी स्थित इंदिरागांधी राष्ट्रीय उडान अकादमी में उतरे। सुल्तानपुर से फ्लीट में शामिल गाड़ियां अकादमी पहुंचने पर फुरसतगंज से शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को रद्द कर सीधे रायबरेली की ओर काफिले के साथ कूच कर गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। विशेष मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने उनकी जमानत पर हुई सुनवाई के बाद जमानत मंजूर कर न्यायालय से ही रिहाई का आदेश दे दिया। न्यायालय में पहुंचे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी अपने अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल के साथ विशेष कोर्ट में हाजिर हुए। विशेष कोर्ट ने उनकी जमानत 25 हजार रुपए के दो जमानतदार व व्यक्तिगत बंधपत्र पर मंजूर कर न्यायालय से ही रिहाई का आदेश दे दिया। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य के लिए अगली तारीख नियत की है। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमान गंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का केस 4 अगस्त 2018 में दर्ज कराया था। कोर्ट ने साक्ष्य के लिए की तारीख नियत की है। सांसद राहुल गांधी की पेशी के दौरान दीवानी न्यायालय की कड़ी सुरक्षा चाक चौबंद रही। मीडिया प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायबरेली से शुरू की जाएगी।



सुल्तानपुर कोर्ट के लिए अकेलवा से निकलता राहुल गांधी का काफिला व स्वागत में खड़े सेवा दल के लोग। अमृत विचार




नहर कोठी चौराहे पर अंश गुप्ता को टॉफी देते राहुल गांधी। अमृत विचार

### नहर कोठी चौराहे पर राहुल का हुआ स्वागत

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार :** सुल्तानपुर से वापस हेलीकॉप्टर से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उडान एकादमी एयर पोर्ट फुरसतगंज दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर उतरे। उसके बाद एयरपोर्ट से राहुल गांधी का काफिला 2 बजकर 24 मिनट पर नहर कोठी जैसे ही पहुंचा तो वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इन्द्र प्रसाद माली, पवन शुक्ला, समर यादव, राजू गुर्जर के नेतृत्व में सैंकडों कार्यकताओं के साथ ढोल नगाड़े के साथ पुष्प की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान छोटे बच्चे अंश गुप्ता को देख राहुल गांधी ने टॉफी दी। स्वागत के दौरान राजीव गांधी अमर रहे, राहुल गाधी जिंदाबाद के नारे लगाये गये। उसके बाद राहुल गांधी का काफिला रायबरेली की ओर निकल गया। इस मौके पर पवन यादव, सलीम, माइकल, छोटे लाल पाल, गंगा तिवारी, शाह मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

### फिर उम्मीदों पर फिरा पानी

## अमेठी से राहुल के चुनाव लड़ने पर असमंजस

रमन पांडेय, अमेठी

**अमृत विचार :** उम्मीदों की आश लगाये बैठे अमेठी वासियों को एक बार फिर निराशा हांथ लगी लगी है। लोक सभा चुनाव से पहले पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अमेठी की जनता टकटकी निगाहें लगाए बैठी थी कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने का ऐलान कर सकते है। बाबूगंज स्थित टोल प्लाजा के पास सोमवार को हुए जन सभा में उम्मीदों की टकटकी निगाहें लगाये बैठे कांग्रेस प्रेमी व कार्यकर्ता राहुल गांधी के संबोधन पर हर बिंदु में यही सुनने की आस लगाये थे कि कब अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा करेंगे। जन सभा में राहुल गांधी के 27 मिनट के संबोधन में मन चाही आवाज सुनने को आतुर कार्यकर्ता व नेता आखिर में मायूस ही दिखे। एक मात्र यही आस लगाये बैठे कांग्रेस पदाधिकारियों को पूरी उम्मीद थी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अमेठी लोक सभा से चुनाव लड़ने की घोषणा राहुल गांधी करेंगे। सोमवार को रात्रि विश्राम में भी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अमेठी से चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। मंगलवार की सुबह सुल्तानपुर जाने से पहले अकेलवा चौराहे पर कैम्प पहुंचकर डॉ. संजय सिंह ने अपने सहयोगी संजय पाठक, कलीम अली, अनुराग सिंह, राम नारायन कनौजिया के साथ राहुल गांधी से मिले, और अमेठी से चुनाव लड़ने के लिए आग्रह करते हुए मांग पत्र दिया है।

# लोकसभा चुनाव से पहले बसपा ने किया फेरबदल

**तिलोई, अमेठी, अमृत विचार:** लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत बहुजन समाज पार्टी ने अयोध्या मंडल के संगठन में आंशिक फेर बदल किया है। प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल और पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार के साथ 10 सीनियर लीडर मंडल के संगठन के काम की निगरानी में लगाए गए हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिनेश गौतम की जिला प्रभारी के रूप में सांगठनिक जिम्मेदारी बरकरार रखी गई है। उनके साथ अमेठी विधानसभा के राम अभिलाष बौद्ध को भी जिला प्रभारी के पद पर कांटीन्यू रखा गया है।

अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, बाराबंकी और अम्बेडकर नगर में जिला कमेटियों के काम की निगरानी के साथ बूथ और सेक्टरवार कैडर कैम्प आयोजित कराने की जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार और छोटे लाल मौर्य को दी गई है। रवि प्रकाश मौर्य, जिया लाल त्यागी, राजकुमार गौतम और गया शंकर कश्यप को अमेठी, सुल्तानपुर और बाराबंकी जिले में संगठन का काम दिया गया है। दिलीप कुमार विमल, महेंद्र प्रताप आनंद और बलराम निषाद को अयोध्या और अम्बेडकर नगर जनपद में पार्टी संगठन का काम सौंपा गया है।

## सार-संक्षेप

### धरा का भार उतारने के लिए धरा पर अवतरित हुए श्री कृष्ण

**भेटुआ, अमेठी, अमृत विचार :** घटमापुर (गंगहुआ) गांव में शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने भागवत कथा में प्रभु श्री कृष्ण के जन्म तथा आचरण एवं विचारों का बड़ा ही मार्मिक दृश्य कथा के रूप में प्रस्तुत किया, और यह भी कहा कि अर्थात कथा के चौथे दिन भी बड़ी संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। अयोध्या से पधारे कथा व्यास डॉ. रोहित शरण महाराज ने भागवत का महात्म्य सुनाते हुए कहा कि भागवत श्रवण करने से जीवन की सारी व्यथा और कष्ट दूर हो जाते है। यह श्रीमद् भागवत कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। श्रीमद्भागवत कथा हमें ये प्रेरणा देती है कि हम धर्म और न्याय के मार्ग पर ही चले। कथा सुनने मात्र से बड़े बड़े पाप मिट जाते हैं और मनुष्य के लिए मोक्ष का मार्ग खुल जाता है। कथा में राष्ट्रीय संगीत कलाकार पंडित जितेंद्र कुमार के भजन को सुनकर लोग भाव विभोर हो गए। कथा यजमान देवता दयाल पाण्डेय ने श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राघवेंद्र पाण्डेय, कृपा शंकर पांडे, माधव प्रसाद पांडेय, पवन, शेर बहादुर सिंह निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख भेटुआ, बृजेश पाण्डेय, अजीत सिंह, ऋषि राम पाठक, राम अचल, संतोष, दिनेश तथा डॉ. घनश्याम द्विवेदी के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



कथा के दौरान आनंद लेते श्रोता।

### किसान नेता ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा में साथ चल रहे किसान नेता योगेन्द्र यादव ने फुरसतगंज स्थित शहीद स्मारक पर माथा टेक सहीदो को नमन किया और कहा कि किसान के बारे में सरकार नहीं सोच रही है। उसकी नजर में उद्योगपति ही सब कुछ है। किसान सरकार से गुड मांगता है तो सरकार उसे पटाखा पकडाती है। इस मौके पर उनके साथ बहादुरपुर के तमाम किसान मौजूद रहे।



किसानों को श्रद्धांजलि देते किसान नेता योगेंद्र यादव।

### भाजपा कार्यकताओं ने निकाली रैली

**फुरसतगंज, अमेठी, अमृत विचार :** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों कार्यकताओ के साथ फुरसतगंज कस्बे के बालाजी माकेट से श्रीराम का झंडा लेकर और जय श्रीराम का नारे लगाते हुए कस्बे में भ्रमण किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र गिरि, राहुल शर्मा, मनोज जायसवाल, हरिशंकर सविता, विधा शंकर तिवारी आदि सैकडो कार्यकता मौजूद रहे।



फुरसतगंज में रैली निकालते जिला उपाध्यक्ष व अन्य।

### बैठक में एजेंडे पर बिंदुवार हुई चर्चा

**अमेठी, अमृत विचार :** मंगलवार को जिला पंचायत, अमेठी के सभागार में राजेश कुमार अग्रहरि जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इसमें बैठक एजेंडा बिंदु के अनुसार अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अमेठी द्वारा गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाया, जिसकी पुष्टि उपस्थित सदस्यों द्वारा की गई। इसके उपरान्त अध्यक्ष की अनुमति से जन सुनवाई व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रस्तावों को सदन में रखा गया। इसके उपरान्त जिला पंचायत के मूल बजट वर्ष 2024-25 4514 लाख रुपये अनुमोदित किया गया, साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी) 3170 .20 लाख रुपये का अनुमोदन प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त सदस्यगणों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के जिलास्तीय अधिकारियों के साथ चर्चा की, जिससे आमजन की मूलभूत सुविधाओं से लाभांवित हो सकें। जिला पंचायत की बैठक में जिला पंचायत के सदस्य व जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# गंभीरता से लें शिकायतें, लंबित न रखी जाए: डीएम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से मंगलवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में समाधान दिवस आयोजित हुआ।

जिलाधिकारी ने शिकायत कर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाए, शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। तहसील गौरीगंज में 38 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मुसाफिरखाना में 46 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 2 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 18 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 2 का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में 110 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 3 का निस्तारण किया गया। शेष के निस्तारण को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।



गौरीगंज में समाधान दिवस पर समस्याओं को सुनती डीएम व एसपी।

# रामलला के दर्शन को जत्था रवाना

**अमेठी, अमृत विचार :** संसदीय क्षेत्र अमेठी के लोगों को अयोध्या धाम की श्रवण यात्रा कराने की जिम्मेदारी उत्थान सेवा संस्थान ने उठाई है। मंगलवार को भी संस्थान की ओर से उपलब्ध कराई गई बस को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने अयोध्या के लिए रवाना किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि दीदी स्मृति ईरानी अपने क्षेत्र की जनता को निःशुल्क अयोध्या की श्रवण यात्रा करा रही हैं, ऐसा पहले किसी भी सांसद ने नहीं किया। जनता की सेवा के लिए उन्होंने मेंदन मवई में अपना आवास बनवा लिया है। आज तक अमेठी के किसी सांसद ने ऐसा नहीं किया। दीदी स्मृति ईरानी ने विकास को जनता के द्वार तक पहुंचाने के साथ भारतीय राजनीति में जनसेवा और विकास का आदर्श प्रस्तुत किया है।

**आयोजन** चौपाल में नाली, खड़ंजे, आवास, पेंशन और बिजली बिलों में गड़बड़ी के प्रार्थना-पत्र सबसे अधिक आए

# गर्म सियासी पारे के बीच स्मृति की जनसंवाद विकास यात्रा जारी

भेंटुआ, अमेठी

**अमृत विचार :** समर्थन, विरोध और बयानबाजी से गर्म हुई जिले के सियासी पारे के बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति की जन संवाद विकास यात्रा मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। दूसरे दिन स्मृति ने अमेठी और भेंटुआ विकास खंड की एक दर्जन ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनी। सीडीओ सूरज पटेल, एसडीएम प्रीति तिवारी और बीडीओ विनय कुमार वर्मा के साथ जिले के एक दर्जन से अधिक अधिकारी स्मृति के साथ मौजूद रहे।

लोहरता में पंचायत भवन में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से बिजली विभाग की ओर से जारी विद्युत बिल में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ठीक करने की शिकायत की है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से जांच करके सभी उपभोक्ताओं का विद्युत बिल ठीक करने के निर्देश दिए हैं। एक दर्जन से अधिक गरीब परिवार के लोगों ने मकान न होने के कारण सांसद स्मृति ईरानी से आवास की मांग की है। उन्होंने मौके पर मौजूद मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल से लाभार्थियों को पीएम या सीएम आवास दिलाने के निर्देश दिए हैं। स्मृति ईरानी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग से महाराजपुर मार्ग को चौड़ीकरण के प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। इस दौरान भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, महामंत्री सुधांशु शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी के साथ बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे। नरैनी में चौपाल के दौरान भी आवास की मांग सम्बन्धी कई प्रार्थना पत्र आए। स्मृति के इशारे पर पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया ने नरैनी और लोहरता में इंटर लाकिंग निर्माण और सोलर लाइट लगवाने के काम क्षेत्र पंचायत निधि से कराने की घोषणा की। स्मृति ने बीडीओ आवास सम्बन्धित सभी प्रार्थना पत्रों की जांच कराकर रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश दिए और कहा कि भारत सरकार से बजट जारी होने पर सभी पात्र लोगों को आवास दे दिए जाएं। भेंटुआ संवाद के अनुसार स्मृति ईरानी ने भेंटुआ, अमेयमाफी, हीरापुर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की शिकायती सुनी और संबंधित विभाग को यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ सूरज पटेल, सीएमओ डा. अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, डीएसओ नीलेश उत्पल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण शैलेन्द्र कुमार, एसडीएम प्रीति तिवारी, खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार, सीडीपीओ संजय सिंह एसएचओ श्रीराम आदि अधिकारी अपने स्टाफ के साथ पूरे समय खड़े रहे।



लोहरता में फरियादियों की शिकायत सुनती स्मृति ईरानी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सांसद खेल स्पर्धा का समापन आज, आएंगी स्मृति ईरानी

**कुण्डा / कौशाम्बी। अमृत विचार :** कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के द्वारा आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा का समापन बुधवार को है। बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी समापन करेंगी। नवाबगंज में दोपहर एक बजे केंद्रीय मंत्री का स्वागत सांसद विनोद सोनकर के साथ भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। इसके बाद आलापुर बाजार के रास्ते लेहदरी पुल से कौशाम्बी में प्रवेश करेंगी। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल स्पोर्ट्स स्टेडियम टेवा मंझनपुर कोशाम्बी पहुंचेंगी। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने दी है।

### उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त करने को सौंपा ज्ञापन




**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सिपाही भर्ती की 17 व 18 फरवरी की सम्पन्न परीक्षा को निरस्त करने के लिए हजारों युवाओं की भीड़ कुण्डा में जुटी। पेपर के दिन ही पेपर लीक होने का दावा करते हुए युवाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को कुंडा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस चल रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, सीआरओ राकेश गुप्ता, एसडीएम कुण्डा भरत राम समेत अधिकारी जनसुनवाई कर रहे थे। इसी बीच यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर रद्द करने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में युवक - युवतियां नारे लगाते हुए तहसील पहुंचे। परीक्षा रद्द करने के लिए तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी करने लगे। युवाओं ने सरकार को सम्बोधित सामूहिक ज्ञापन एसडीएम भरत राम को सौंपा।

### रोजगार मेले में 259 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ चयन



रोजगार मेले की शुरूआत करते सदर विधायक राजेन्द्र।

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** वृहद रोजगार मेले का आयोजन सदर ब्लॉक के माधेगंज स्थित निजी आईटीआई कालेज और मंगरौरा में हुआ। सदर ब्लॉक के रोजगार मेले का शुभारंभ सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य व मंगरौरा की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष कोहंडौर शीतला प्रसाद कोरी ने की। दोनों स्थान पर रोजगार मेले में 518 प्रशिक्षणार्थियों ने पंजीकरण कराया। इसमें से 308 साक्षात्कार में शामिल हुए। निजी कंपनी के प्रतिनिधियो ने साक्षात्कार के आधार पर 259 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया। रोजगार मेले में नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई कालेज के प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने विभिन्न ट्रेडों के बारे में जानकारी दी। जिला कौशल प्रबंधक वंदना सिंह, रवीन्द्र, शिवम, दीपक, अरुण, भाजपा नेता सुनील गोयल, विजय आदि शामिल रहे।

### अतीक के मददगार पर कसेगा शिकंजा, चलेगा बुलडोजर

**प्रयागराज। अमृत विचार :** माफिया अतीक भले ही अब इस दुनिया में नही है लेकिन उसके कारनामो के किस्से अभी भी चर्चा में है। पुरामुफ़्ती के सल्लाहपुर में पचास करोड़ से अधिक की सम्पत्ति के मामले में अतीक की मदद करने वाले गुर्गो के खिलाफ योगी सरकार बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। मालूम हो कि प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर गांव बने रहने वाले माफिया अतीक अहमद के खास करीबी शेख अब्दुल समद और शेख करीम बख़्श ने वक्फ बोर्ड की करोड़ों की बेशकीमती जमीन को लीज पर दिलाने का काम किया था। मुतवल्ली मोहम्मद असियम के खिलाफ पहले से ही मुकदमा दर्ज है। वह फरार चल रहा है। मुतवल्ली आशियम ने माफिया अतीक अहमद के दबाव में तकरीबन पचास करोड़ रुपए कीमत की सात बीघा जमीन उसके परिवार वालों को अवैध तरीके से लीज पर दिया था। इस जमीन पर आलीशान मकान और कई दुकानें भी बनाई गई थी। पुलिस ने पुरामुफ्ती थाने में माफिया अतीक के भाई अशरफ की पत्नी ज़ैनब फातिमा, दो साले ज़ैद व सद्दाम, मुतवल्ली मोहम्मद असियम, उसकी पत्नी ग्राम व ग्राम प्रधान रहे सिबली और उसके करीबी तारिक के खिलाफ बीते वर्ष नवंबर माह में नामजद मुकदमा दर्ज किया इस। इस सम्पत्ति पर अवैध तरीके से बनाये निर्माण के ध्वस्तीकरण के लिए पीडीए कई एक नोटिस जारी किया था।

### शिक्षक को पितृशोक, शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** पीबीपीजी कालेज सिटी में प्राचार्य प्रो .अमित कुमार की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें शिक्षक डा .नीरज त्रिपाठी के पिता अधिवक्ता राममूर्ति त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। संचालन डा .राजीव कुमार सिंह ने किया। प्रो . ब्रम्हानंद प्रताप सिंह, प्रो .उपेंद्र सिंह, रश्मि सिंह, प्रो . रामराज, डा .सीपी पांडेय, डा .केके सिंह, अजीत सिंह, अवनीश सिंह, विनोद मौर्य, धीरेंद्र सिंह, संकल्प सिंह आदि मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा कल से, 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थी होंगे शामिल

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** 22 फरवरी से शुरु होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यह परीक्षा नौ मार्च तक चलेंगी। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं प्रदेश के 8265 केंद्रों पर आयोजित होंगी।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्रो को निर्धारित कर दिया है। 22 फ़रवरी से शुरु होने जा रही यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं की परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ी व्यवस्था की है। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा को कराने के लिए सारे इंतजाम कर दिये है। 22 फ़रवरी से शुरु हो रही दो पाली की परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए परीक्षा केंद्र पर कड़ी व्यवस्था की गयी है। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकान्त शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 566 राजकीय विद्यालय 3479 सवित्त और 4220 वित्त विहीन विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। जिसमें हाईस्कूल की परीक्षा में 1571184 छात्र और 1376127 छात्राओं को मिलाकर 29 लाख 47 हजार 311 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके साथ ही इंटरमीडिएट की परीक्षा में 1428323 छात्र और 1149674 छात्राओं को मिलाकर 25 लाख 77 हजार 997 परीक्षार्थी शामिल होंगे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया इस प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर कंट्रोल रूम बनाये गये है। जहां से परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओ पर कक्ष के अंदर निगरानी की जायेगी। किसी प्रकार कि कोई गड़बड़ी पाए जाने पर केंद्र व्यवस्थापक व प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**स्ट्रांग रूम से होगी निगरानी**

#### पुस्तिका पर लगा है क्यूआर कोड

बोर्ड परीक्षा में इस बार परीक्षा पुस्तिका में क्यूआर कोड लगाया गया है। साथ ही अनुक्रमांक दर्ज रहेगा। दिव्यकान्त शुक्ला ने बताया इस कापियां बाहर ना जाने पाए साथ पुस्तिका के साथ किसी प्रकार का कोई खिलवाड़ न हो इसके लिए कापियों पर क्यूआर कोड लगाया गया है।

#### केंद्रों पर सीसीटीवी से लाइव मानिटरिंग के निर्देश

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की 22 फरवरी से शुरु रही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा से पहले परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर 24 घंटेलाइव मानिटरिंग करने के निर्देश दिया गया हैं। नकल विहीन बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और गोपनीयता के देखते हुए प्रश्नपत्रों के स्ट्रॉगरूम की ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाएगी। इसके लिए इस साल पहली बार सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों एवं मुख्यालय में अलग से एक-एक कमांड व कंट्रोल रूम भी स्थापित किये गये है।



## शुआट्स विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने फिर किया हंगामा

**संवाददाता, नैनी/ प्रयागराज। अमृत विचार :** शुआट्स विश्वविद्यालय में मंगलवार को शिक्षक और कर्मचारियों ने फिर हंगामा किया। सभी निदेशक प्रशासन के पद पर डॉ रमाकांत दुबे को बनाए जाने को लेकर विरोध जताया गया। बाद में कार्यवाहक कुलपति के ऑफिस में हुई बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई और सभी शिक्षक कर्मचारी अपने वेतन की मांग पर अड़े रहे। सभी ने डॉ रमाकांत दुबे को विश्वविद्यालय का डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन बनाये जाने को अवैध बताया। कहा गया कि जब हमारे विश्वविद्यालय में कुलपति नहीं है और कुलाधिपति भी नहीं है, किसके आदेश के तहत यह नियुक्ति गई। इसको लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत किया गया। इसी विषय को लेकर कार्यवाहक कुलपति के ऑफिस में उनके नियुक्ति को रीवोक करने के लिए कर्मचारी डटे रहे। बताया जाता है कि नियुक्ति कैंसिल करने के लिए लेटर भी बन गया था फिर अचानक कार्यवाहक कुलपति ऑफिस छोड़कर चले गए और डॉक्टर रमाकांत दुबे भी अपना ऑफिस छोड़कर चले गए। वहीं बकाया वेतन देने सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन जारी रहा। शुआट्स विश्वविद्यालय के सैकड़ो टीचर व स्टाफ ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा गया कि शुआट्स प्रशासन द्वारा लगातार विधि विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। डॉ रमाकान्त दुबे पर कई आपराधिक केस दर्ज हैं। ऐसे अपराधिक मुकदमे के आरोपी को विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रशासनिक निदेशक का पद दे दिया।

## अनियंत्रित कार पलटी एक की मौत, चार घायल

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** महेशगंज थाना क्षेत्र के कुशहा निवासी हिमांशु तिवारी (25 )पुत्र सूबेदार मंगलवार की देर शाम अपने कुछ मित्रों के साथ वैगन आर कार से निमंत्रण डेरवा गए थे। रात में करीब 8 :30 बजे वापस लौटते समय महेशगंज के लाल का पुरवा के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। जिससे कार सवार हिमांशु तिवारी निवासी कुशहा, आकाश पांडेय (24) निवासी पूरे हरिदत्त राजापुर, सौरभ (26) निवासी राजापुर, अभिषेक निवासी बलीपुर कटरा थाना लीलापुर, बुगुला पांडेय (25) निवासी राजापुर को चोटें आईं। हीरागंज की तरफ से लौट रहे सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों को महेशगंज सीएचसी भेजवाया। हालत गंभीर देख हिमांशु को एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचते ही हिमांशु की मौत हो गई। हिमांशु घर का इकलौती संतान थे। दो माह पूर्व दिसंबर में ही उसकी शादी हुई थी। युवक की मौत से परिजन रो रो कर बेहाल हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। चार अन्य घायलों का इलाज अभी सीएचसी में में चल रहा है।




## उग्र छात्रों ने आयोग अध्यक्ष आवास के सामने किया हंगामा

संवाददाता, प्रयागराज



**आरओ/एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा**

▸▸ छात्र गुटों ने निकाला कैंडल मार्च, किया विरोध

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी व उत्तर प्रदेश पुलिस में पेपर लीक को लेकर छात्रों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। सुबह आयोग गेट के सामने धरना प्रदर्शन और रात में आयोग अध्यक्ष के आवास के सामने सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर बवाल शुरु कर दिया। हंगामे और बावल की सूचना पर कई थाने की फोर्स मौके पहुंच गयी। छात्रों की भीड़ के आगे पुलिस उग्र छात्रों को समझाने में नाक़ामयाब रही। वही इविवि के छात्रों ने सलोरी डेलीगेसी से गोविंदपुर डेलीगेसी तक निकाला प्रतिरोध मार्च निकलकर विरोध जताया।

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले इस कई दिनों से छात्रों का प्रदर्शन और हंगामा जारी है। मंगलवार को सुबह से ही शहर के अलग अलग चौराहों पर छात्र गुट एक होकर प्रदर्शन और हंगामा कर रहे थे। उन्हे सिर्फ आश्वासन की घूटी पिलाई जा रही थी। मंगलवार रात करीब नौ बजे सैकड़ो की संख्या में छात्र एकजुट होकर लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष के आवास के बाहर जुटने लगे। थोड़ी दर में सैकड़ो छात्रों ने गेट के सामने हंगामा शुरु कर दिया। हंगामा होता देख मौके पर कई थाने की फोर्स और अधिकारी मौके पर पहुंच गये। पुलिस अधिकारियों ने हंगामा कर रहे छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन छात्रों का कहना था कि उन्हे पेपर लीक के बाद से सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। कोई सार्थक जवाब नही दिया गया है। छात्रों को समझाने के मामले में पुलिस पूरी तरस से नाक़ामयाब रही। उधर इविवि के छात्रों ने ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज से लेकर गोविंदपुर सब्जी मंडी तक निकाला प्रतिरोध मार्च निकालकर विरोध जताया और मेडिकल चौराहे को जाम कर दिया।

लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राघवेंद्र यादव का आरोप है कि परीक्षा के मामले में पेपर "लीक" है, सरकार बिलकुल "वीक" है, पिछले दिनों हुई समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी व उत्तर प्रदेश पुलिस कि परीक्षा में जिस प्रकार से परीक्षा शुरू होने से पहले लोगों के व्हाट्सएप पर सोशल मीडिया पर पेपर वायरल हो रहा था इससे यह जाहिर होता है कि सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर खिलवाड़ कर रही है। छात्रों की मांग है कि परीक्षा को निरस्त कर पुनः परीक्षा कराई जाए। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भर्ती लीक पेपर को निरस्त कर परीक्षा की नई तिथि निर्धारित की जाए। अगर जल्द से जल्द परीक्षा की नई तिथि निर्धारित नहीं की गई तो उत्तर प्रदेश में छात्रों का विरोध सड़क पर उतरेगा। छात्रों का आंदोलन जारी है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर छात्रों का हंगामा

**संवाददाता, थरवई, प्रयागराज। अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में आंदोलन शुरू हो गया है। इसी क्रम में शहर से बीस किलोमीटर दूर फाफामऊ थाना क्षेत्र में मंगलवार को स्थानीय कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों ने फाफामऊ बाजार पर हंगामा करते हुए चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फाफामऊ पुलिस ने काफी प्रयास के बाद छात्रों को शांत कराया और चक्का जाम समाप्त कराया। मालूम हो कि समीक्षा अधिकारी और सहायक समय समीक्षा अधिकारी के पेपर लीक का मामला थमा नहीं था। वही पुलिस भर्तीपरीक्षा का पेपर भी लिखे हो गया था। जिसके बाद लगातार प्रदर्शन का दौर जारी है। पेपर लीक के मामले को लेकर मंगलवार को फाफामऊ क्षेत्र में स्थानीय कोचिंग के छात्रों नेक्षेत्र में स्थानीय कोचिंग के छात्रों में सड़क पर उतरकर जमकर बवाल किया और सड़क जाम कर दिया। उनकी मांग थी कि पुलिस भर्ती परीक्षा को दोबारा कराया जाए। छात्रों का कहना था कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उनकी मेहनत पर सरकार पानी फेर रही है। हंगामा की सूचना पर फाफामऊ थाना प्रभारी शांतनु चतुर्वेदी ने मौके पर पहुंचकर छात्रों को समझने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपनी बातों पर पड़े रहे। घंटो चले हंगामा के बाद किसी तरह थाना प्रभारी ने छात्रों को आश्वासन दिया और हंगामे को शांत करने हुए चक्का जाम खत्म कराया।




## किशोरी के साथ दरिंदगी कर गला रेतने वाले दो दोषियों को आजीवन कारावास, अर्थदण्ड

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** अपनी नानी के यहां रह कर पढ़ाई कर रही किशोरी को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने व गला रेत कर मार डालने का प्रयास करने वाले दो दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश आलोक द्विवेदी ने सख्त सजा सुनाई है। सामूहिक दुष्कर्म, जानलेवा हमले के आरोप में दोषी पाते हुए विकास यादव व साहिल उर्फ अमित यादव निवासीगण पुरे सुखदेव थाना जेठवारा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास (जो उसके शेष प्राकृतिक जीवन काल तक) व प्रत्येक को 50 - 50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदण्ड की राशि एक लाख रूपया पीड़िता को प्रदान की जाएगी।

वादी मुकदमा पीड़िता के अनुसार उसकी पुत्री जेठवारा थाना क्षेत्र में अपनी नानी के यहां रहकर पढ़ाई करती थी। कक्षा 10 की छात्रा थी, 3 जुलाई 2017 शाम पांच बजे उसे मोबाइल पर सूचना मिली कि उसकी पुत्री के साथ अप्रिय घटना घटित हुई है। वह जब अपने ससुराल पहुंचा तो देखा कि उसकी पीड़िता पुत्री का गला किसी धारदार हथियार से रेता गया था, उसके मस्तक और हाथ में भी घाव के निशान मिले, जिससे खून बह रहा था। लड़की चारपाई पर बेहोश पड़ी थी। उसे तत्काल उठाकर गाड़ी से अस्पताल ले गया और दवा इलाज के पश्चात जब उसे होश आया तो उसने रो रो कर आप बीती बताई। पीड़िता ने कोर्ट में उपस्थित होकर बताया कि 2 जुलाई 2017 को वह घर में अकेली थी उसकी नानी का पैर टूट गया था। रात को घर का दरवाजा बंद करके वह सो रही थी तभी 12 बजे विकास और अमित छत के खपड़े तोड़कर कमरे में आ गए। विकास ने उसका मुंह दबा दिया और अमित ने उसे खाट पर बांध दिया, फिर दोनों ने उसके साथ रेप किया। उसके बाद विकास ने चाकू से गला काट दिया फिर दोनों उसे मरा समझ कर छोड़ कर चले गए। वहीं उक्त मामले में उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया था कि जिला जज प्रत्येक मासिक मीटिंग में प्रगति की समीक्षा करें व एसपी प्रत्येक तिथि पर गवाह की उपस्थिति सुनिश्चित करें, साथ में जून 2024 तक मामले का निस्तारण किया जाय। न्यायालय द्वारा चार माह पूर्व ही विचारण को पूर्ण कर लिया। अभियोजन की तरफ से 9 गवाहों को पेश करके अभियोजन का पक्ष रखा गया। अभियुक्त गण द्वारा भी चार गवाहों को पेश किया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।

## पीसीएस 2024: 220 पदों के लिए साढ़े पांच लाख आवेदन

**प्रयागराज। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के द्वारा कराई गयी समीक्षा अधिकारी( आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की भर्ती परीक्षा 2023 का पेपर लीक होने के मामले आयोग पूरी तरह से सख्त है। पीसीएस 2024 की होने वाली आगामी प्रारम्भिक परीक्षा 17 मार्च को आयोजित होगी। इससे पहले पेपर लीक होने को लेकर आयोग के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। बता दें कि 17 मार्च से पीसीएस 2024 की प्रारम्भिक परीक्षा को लेकर आयोग ने अपनी कमर कस ली है। इस परीक्षा में 220 पदों के लिए साढ़े पांच लाख आवेदन आये है। मालूम हो कि कुछ दिन पहले ही आरओ व एआरओ गई भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। इससे पहले भी पेपर लीक के मामले ने तूल पकड़ा था। अब ऐसे में 17 मार्च को होने वाली पीसीएस 2024 की प्रारम्भिक परीक्षा को लेकर हह बड़ा सवाल कड़ा हो रहा है कि इस बार होने वाली परीक्षा को आयोग कितना सुरक्षित करायेगी। यह परीक्षा आयोग के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रही है।

## वर्ग पहेली-349

**बाएं से दाएं**

1.1. बैठने की एक प्रकार की चार पाए वाली लंबी चौकी 2. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों के बैठने का स्थान 3. पत्थर आदि का बना हुआ पाश्चात्य ढंग का आसन 4. सरकारी न्यायालय के न्यायकर्ता।

3.1. कोई चीज़ तोड़ने में किसी को प्रवृत्त करना, तुड़ाना 2. बड़े सिक्के को उतने ही मूल्य के छोटे-छोटे सिक्कों में बदलवाना।

5.1. चांद्रमास के कृष्ण या शुक्ल पक्ष की छठवीं तिथि 2. बच्चे के जन्म के छठे दिन होने वाला उत्सव या ऊबना

6. वह स्थान जहां अपराधियों को सजा की अवधि समाप्त होने तक रखा जाता है, बंदीगृह, जेलख़ाना, कारागार।

7.1. पत्थर तराशने की छेनी, नक्काशी करने वालों का एक औज़ार 2. छोटा टकुआ।

8.1. वनौषधि, बूटी 2. वह औषधि जिसकी जड़ दवा के काम लाई जाए।

**ऊपर से नीचे**

2.1. 'घड़-घड़' आवाज़ होने का भाव 2. गाड़ी चलने का स्वर।

4.1. पुराने समय में प्रचलित एक प्रकार का बाण जो बांस की नली में रखकर चलाया जाता था, तुफ़ंग 2. भाला 3. कमल-दल, कमल-नाल 4. कमंडल।

5. छली, कपटी, छल करने वाला।



### वर्ग पहेली - 348 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | प | ना | 2 श | क | |
| प | | | व | | 3 नो |
| शो | | 4 ओ | दा | र | ना |
| ध | | | ह | | |
| न | | | गृ | | 5 ती |
| | | 6 स | ह | चा | र |
| 7 के | था | | | | थ |

## सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 11.27 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 14.18 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** - आज किसी परिजन को लेकर परेशानी हो सकती है। खान-पान में सावधानी रखनी चाहिए। अपने विचारों को लेकर किसी पर दबाव न बनायें। अधूरे काम समय पर पूरे होने के योग बन रहे हैं। कारोबार को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं।

**वृष** - आज अपने विचारों और सिद्धांतों से लोगों को काफी प्रभावित करेंगे। डिजिटल मार्केटिंग के करियर से जुड़े लोगों को अच्छे प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। नई संपत्ति खरीद रहे हैं तो आपको बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**मिथुन** - आज वरिष्ठ अधिकारी आपके अनुकूल नहीं है। कोर्ट-कचहरी के विवाद बढ़ सकते हैं। आप महंगे आभूषणों के शौकीन हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में धीरे-धीरे बदलाव होगा। परिजनों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

**कर्क** - आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यापार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। बड़ी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

**सिंह** - आज आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने से आपको परेशानी होगी। मन में अज्ञात भय का भाव रहेगा। दूसरों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। लवमेट्स को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। नए अनुबंध करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**कन्या** - आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह लेने से आपको लाभ मिलेगा। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। जॉब के बढ़ियां प्रपोजल आपको मिल सकते है। पारिवारिक रिश्तों में अच्छा सामंजस्य रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** - आज रुके हुए काम आपके बनने के योग बन रहे हैं। दोस्त आपकी काफी मदद करेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा चल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। अपनी व्यक्तिगत बातों को सार्वजनिक न होने दें।

**वृश्चिक** - आज किसी पुराने लोन की किश्त भरने में धन खर्च कर सकते हैं। अधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। विदेश यात्रा को लेकर दिन काफी अच्छा है। विद्यार्थी पढ़ाई में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी भी काम को जल्दबाजी में न करें।

**धनु** - आज यात्राओं में समय और धन बर्बाद होगा। आप लोगों की मदद करेंगे आपको उसके लिए सम्मान नहीं मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। आपका मूड अचानक से बदल सकता है। इसलिए आज बड़े निर्णय लेना उचित नहीं है।

**मकर** - आज सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होसकती है।

**कुंभ** - आज व्यापार में ग्राहक बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण कर सकते हैं। परिवार के लिए आप समय निकालेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

**मीन** - आज पूजा-पाठ और धार्मिक विषयों की तरफ आप काफी आकर्षित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कुछ अनबन हो सकती है। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
भीष्मा - सुबह : 10.00
दानवीर - रात : 07.00

**SONY PIX**
ब्राइटबर्न - सुबह : 11.24
रैमपेज - रात : 08.45

**SONY MAX**
पटेल की पंजाबी शादी - सुबह : 10.57
सत्यमेव जयते 2 - रात : 10.01

**ZEE CINEMA**
बुलंदी - सुबह : 10.30
आचार्य - रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
द बॉडी - दोपहर : 01.51
तनु वेड्स मनु - रात : 09.33

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों का नाम बताओ ?
सोनू -मेंढक
टीचर-वाह, बाकी चार भी बताओ
सोनू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई।

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो।
लड़की-कुछ नहीं है बाबा, माफ करो
भिखारी- कुछ नहीं तो अपना मोबाइल नंबर ही दे दो,
बाबा दुआ भी करेगा और मैसेज भी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# निजी पूंजीगत व्यय से वृद्धि को मिलेगी गति

## भारतीय रिजर्व बैंक ने बुलेटिन जारी करके अगले चरण के लिए जताई उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई वृद्धि की रफ्तार को बरकरार रखा है और कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर से वृद्धि के अगले चरण को गति मिलने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में मंगलवार को यह बात कही गई।

बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया-हाल के महीनों में यह धारणा मजबूत हुई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में उम्मीद से अधिक मजबूत वृद्धि हासिल करेगी और जोखिमों को व्यापक रूप से संतुलित किया गया है। लेख के मुताबिक, उच्च आवृत्ति संकेतकों के आधार पर



कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई गति को बरकरार रखा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया-कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर की उम्मीद से वृद्धि के अगले चरण को बढ़ावा मिलने की संभावना है। जिन परियोजनाओं के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने ऋण स्वीकृत किए हैं, उनकी कुल लागत अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान 2.4 लाख करोड़ रुपये थी। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर इस साल अब तक निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के निवेश इरादे सकारात्मक रहे हैं।

लेख में कहा गया कि केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। लेख में कहा गया कि स्थिर और चार प्रतिशत की मुद्रास्फीति जीडीपी वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए आधार तैयार करती है।

### आरबीआई ने भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात पर आईएमएफ के तर्क को खारिज किया

आरबीआई के एक लेख में देश के सामान्य सरकारी ऋण के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज किया गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में इस बात पर जोर दिया गया कि ऋण-जीडीपी अनुपात अनुमान से काफी कम हो सकता है। 'राजकोषीय समेकन के अनुकूल वृद्धि का आकार' शीर्षक वाले लेख में कहा गया है कि अनुभव से मिले निष्कर्षों से पता चलता है कि विवेकपूर्ण राजकोषीय समेकन और वृद्धि के बीच मध्यम अवधि की पूरकता अल्पकालिक लागत से अधिक हैं। लेख के मुताबिक, सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे, जलवायु कार्यवाही, डिजिटलीकरण और श्रमबल को कुशल बनाने पर किए जा रहे खर्च का दीर्घकाल में फायदा मिल सकता है।

# गन्ना की 3 नई प्रजाति बढ़ाएंगी मिठास

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- शाहजहांपुर ने एक और लखनऊ संस्थान ने विकसित की दो किस्म
- गन्ने की अन्य प्रजाति से उत्पादन और चीनी परता होगा अधिक

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गन्ने की नई 3 प्रजाति आच्छादन, गन्ना उत्पादन के साथ चीनी का उत्पादन बढ़ाने में सहायक होंगी।

नवविकसित प्रजाति में शीघ्र होने वाला कोयम्बटूर शाहजहांपुर (को.शा) 18231 शामिल है। इसे गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने शोध और परीक्षण कर विकसित किया है। यह फसल प्रदेश भर में की जाएगी। जबकि भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने अधिसूचित अगेती गन्ना प्रजाति कोयम्बटूर लखनऊ (को.लख) 16202 व 15206 मध्यदेर को विकसित किया है। यह प्रजाति प्रदेश के मध्य एवं पश्चिमी उप्र में की जाएगी। इन प्रजातियों को विकसित करने में आठ से 10 साल लगे हैं।

मंगलवार को तीनों प्रजाति को



आयुक्त गन्ना एवं चीनी पीएन सिंह की अध्यक्षता में हुई बीज गन्ना एवं गन्ना किस्म स्वीकृति उपसमिति की बैठक में स्वीकृति दी गई है। पैदावार के लिए किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई से बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

**सभी में चीनी परता ज्यादा, दिया गया प्रस्तुतीकरण:** नवविकसित प्रजाति यह उच्च गुणवत्तायुक्त अधिक रोगरोधी हैं। यह अन्य प्रजाति से अधिक मीठा है। बैठक में प्रजातियों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

18231 के शोध व परीक्षण आंकड़ों के अनुसार उपज 90.16 टन/हेक्टेयर पाई गई। जो प्रमाप की तुलना में 11.36 व 27.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें 18231 में रस में शर्करा प्रतिशत व पोल प्रतिशत इन केन भी प्रमाप की तुलना में अधिक बताया गया और भी खूबियां बताई गईं। सीसीएस टन/हेक्टेयर की दृष्टि से 11.89 प्रमाप को. 0238 की तुलना में 13.84 प्रतिशत अधिक पाई गई। सभी में चीनी परता ज्यादा है। उपसमिति ने आंकड़ों का विस्तृत तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद सम्पूर्ण प्रदेश के लिए स्वीकृत किया। इसी तरह इसी तरह 16202 (शीघ्र) व 15206 (मध्यदेर) को पश्चिम व मध्य के लिए स्वीकृत किया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500-47,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

## ईपीएफओ ने दिसंबर में 15.62 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मंगलवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उनसे दिसंबर 2023 में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय के अनुसार, पिछले महीने की तुलना में दिसंबर 2023 के दौरान सदस्यों की संख्या मं 11.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक निकाय ने दिसंबर में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। यह दिसंबर 2022 की तुलना में 4.62 प्रतिशत की वृद्धि है।

## भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा

**मुंबई, एजेंसी**

- नैसकॉम-बीसीजी ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद

भारत का कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार सालाना 25-35 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसके 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि उद्यम प्रौद्योगिकी खर्च में वृद्धि, भारत के बढ़ते एआई प्रतिभा आधार तथा एआई निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि सहित कई कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट का शीर्षक 'एआई पावर्ड टेक सर्विज : ए रोडमैप फॉर फ्यूचर रेडी फर्म्स, एआई एंड जनएआई रोल इन टर्बोचार्जिंग द इंडस्ट्री' है।

बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम रिपोर्ट मंगलवार को यहां नैसकॉम टेक्नोलॉजी एंड लीडरशिप फोरम 2024 के मौके पर जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर एआई में निवेश में 2019 से 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई है। 2023 में 83 अरब डॉलर के करीब निवेश हुआ था। अधिकतर निवेश डेटा एनालिटिक्स, जेनएआई और एमएल एल्गोज़ और मंच में किए गए थे।

## प्याज निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च तक जारी रहेगा

**नई दिल्ली।** प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च तक जारी रहेगा। सरकार की कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिश जारी है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह जारी है। मौजूदा स्थिति में कोई भी बदलाव नहीं है।

## सेंसेक्स 349 अंक चढ़ा, निफ्टी का फिर बना नया रिकॉर्ड

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 349 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 349.24 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,057.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 74.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 22,196.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 22,215.60 अंक तक गया। निजी बैंकों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार नुकसान से उबर गया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बुजुर्ग की मौत पर उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को मुंबई हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर की अनुपलब्धता के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति (80) की मौत के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस दिया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों का स्वतः संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में बिचौलिया गिफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाले विद्यालयों में 'शिक्षक भर्ती घोटाले' मामले में बिचौलिया होने के संदेह में ट्रैवल एजेंसी के मालिक प्रसन्ना रॉय को 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्र मंगलवार को यह जानकारी दी। शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं में धन के लेन-देन की जांच कर रही ईडी ने यहां स्थित अपने कार्यालय में पूछताछ करने के बाद सोमवार रात रॉय को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अगस्त 2022 में द्वारा जारी उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रॉय जमानत पर थे।

# कांग्रेस देश का कभी विकास नहीं कर सकती

## गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया

**जयपुर, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया तथा कहा कि वह देश का कभी विकास नहीं कर सकती। शाह ने उदयपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-कांग्रेस पार्टी परिवारवाद पार्टी है, इतना ही नहीं यह दिशाविहीन पार्टी है।

उन्होंने कहा-भारत का विकास कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। गरीबों का कल्याण कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत को सुरक्षित यह कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत का गौरव कांग्रेस पार्टी नहीं बढ़ा सकती।' शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले एफिडेविट देते हैं कि राम का अस्तित्व भी नहीं है। उन्होंने कहा,' कांग्रेस देश का विभाजन करने पर तुली है। उनके नेता उत्तर भारत और दक्षिण भारत दो हिस्सों में बांटने की मांग करते हैं। लेकिन अब किसी की हिम्मत नहीं है कि राजस्थान या देश में दंगे कर सके। हम भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे, ये भारतीय जनता पार्टी सरकार का वादा है।' भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को अटकाकर रखा।

शाह ने कहा-हमने वादा किया था कि हम मंदिर बनाएंगे। करोड़ों लोगों के आराध्य भगवान राम एक टेंट में अपमानित होकर, अपना स्थान गंवाकर बैठे थे।...कांग्रेस ने प्रभु श्रीराम के मंदिर के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर व भटकाकर रखा। कहीं पर भी इनकी मंशा नहीं थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दस साल में देश के पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया। गरीबों को घर दिया, गैस सिलेंडर दिया, बिजली दी, प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया, पांच लाख तक की दवा का खर्च आज मोदी सरकार उठा रही है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है।

### इंडी गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल



भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा-मोदी जी के नेतृत्व में राजग एक विकास करने वाला एलायंस है जबकि यह घमंडिया, इंडी गठबंधन यह सात परिवारों का परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समुदाय को सम्मान देने का काम किया है और द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाया है। शाह ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की भी अपील की। इससे पहले शाह राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर बीकानेर पहुंचे। उन्होंने वहां आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बीकानेर क्लस्टर में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया।

# एमएसपी पर कानून लाने के लिए 1 दिन का संसद सत्र बुलाए केंद्र सरकार : पंधेर

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- किसान नेता सरवन ने प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार को फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून लाने के वास्ते एक दिन का संसद सत्र बुलाना चाहिए। उन्होंने केंद्र से कृषि ऋण माफी समेत किसानों की अन्य प्रमुख मांगों को स्वीकार करने को भी कहा।

उनका यह बयान 'दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने वाले किसान नेताओं द्वारा पांच साल के लिए एमएसपी पर दालों, मक्का और कपास की खरीद के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज किए जाने के एक दिन बाद आया है। किसान नेताओं ने कहा है कि केंद्र का प्रस्ताव किसानों के पक्ष में नहीं है। रविवार को किसान नेताओं के साथ चौथे दौर की बातचीत में तीन केंद्रीय मंत्रियों की समिति ने प्रस्ताव दिया



था कि किसानों के साथ समझौता करने के बाद सरकारी एजेंसियां पांच साल तक दालें, मक्का और कपास एमएसपी पर खरीदेंगी।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। मंगलवार को पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर पत्रकारों से बातचीत में किसान मजदूर मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने वाले पंधेर ने कहा-हमारी मांग है कि एमएसपी की गारंटी का कानून लाया जाए। अगर प्रधानमंत्री के पास इच्छाशक्ति होगी तो संसद का एक दिन का सत्र बुलाया जा सकता है। कोई भी विपक्षी दल इसका विरोध नहीं करेगा। उन्होंने कहा-मैं मांग करता हूं कि सभी विपक्षी दल अपना रुख स्पष्ट करें।

### 177 सोशल मीडिया खातों, वेब लिंक ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े करीब 177 सोशल मीडिया खातों और वेब लिंक को अस्थायी रूप से 'ब्लॉक' करने का आदेश दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह आदेश इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के अनुरोध पर आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) अधिनियम की धारा 69ए के तहत 14 और 19 फरवरी को जारी किए।

## राजस्थान में जेईएन पेपर लीक मामले में पटवारी सहित चार लोग गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा एसओजी ने कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) पेपर लीक मामले में एक पटवारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी सरकारी कर्मचारी हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस एवं एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा का आयोजन छह दिसंबर 2020 को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण की जांच में पेपर लीक पाये जाने पर बोर्ड ने परीक्षा रद्द कर दी थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान के दौरान 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## विधानसभा में हंगामे पर कांग्रेस के 10 सदस्य निलंबित

**गांधीनगर, एजेंसी**

- गुजरात के सदन में कर रहे थे नारेबाजी, कुल संख्या 15 हो गई

पिछले साल गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में सामने आए एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय के खुलासे और सिंचाई परियोजनाओं के लिए धन की हेराफेरी के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामे और नारेबाजी के बाद मंगलवार को विपक्षी कांग्रेस के 10 सदस्यों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों की कुल संख्या 15 है लेकिन हंगामे के वक्त उसके पांच विधायक सदन में नहीं थे। चालू बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान, कांग्रेस विधायक तुषार चौधरी ने जानना चाहा कि सरकार ने उन लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जिन्होंने छोटा उदयपुर जिले में एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय खोला था और आदिवासी क्षेत्र में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकारी धन की हेराफेरी की थी। जनजातीय विकास मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि उदयपुर जिले में ऐसा कोई कार्यालय नहीं पाया गया और इसलिए कार्रवाई के बारे में कोई सवाल ही नहीं उठता।

## मराठों को 10 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित विधेयक महाराष्ट्र में पारित

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल ने शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण पर विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सदन में महाराष्ट्र राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र की कुल आबादी में मराठों की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि बड़ी संख्या में जातियां और समूह पहले से ही आरक्षित श्रेणी में हैं।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने संबंधी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय मंत्रालय व दिल्ली सरकार के खिलाफ नोटिस जारी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने की अनुमति देने वाले कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिक पर केंद्र और दिल्ली सरकार से मंगलवार को जवाब तलब किया।

याचिका में कहा गया है कि ऐसे प्रावधान हाथ से मैला उठाने वाले और सुरक्षात्मक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए मैला उठाने वाले लोगों के बीच 'अतार्किक विभेद' पैदा करते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि संबंधित कानून हाथ से मैला उठाने की "अमानवीय" प्रथा



को खत्म करने में विफल रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किए। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तारीख तय की। याचिका में "हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013" की विभिन्न धाराओं को निरस्त करने की मांग की गयी है, साथ ही इस आमनवीय प्रथा को अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) और अनुच्छेद 23 का उल्लंघन बताया गया है।

## हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में यहां ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया गया है।

# स्थिति भयावह होने के साथ-साथ पूरी तरह अराजक

**कोलकाता, एजेंसी**

**संदेशखालि मामला**

- हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद क्षेत्र पहुंचे भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी बोले

कलकत्ता उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद मंगलवार को दोपहर बाद पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने संघर्षग्रस्त क्षेत्र की स्थिति को भयानक तथा अराजकता का स्पष्ट उदाहरण बताया। एक अन्य विधायक शंकर घोष के साथ पहुंचे अधिकारी ने महिलाओं सहित स्थानीय लोगों से बात की।

महिलाओं ने फरार चल रहे शाहजहां शेख सहित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं द्वारा दिए गए अपने दर्दनाक अनुभवों को



साझा किया। भाजपा नेता नाव से कालिंदी नदी पार कर संदेशखालि पहुंचे, जहां महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा-स्थानीय लोगों द्वारा साझा किये गये अनुभव बेहद दर्दनाक हैं। उनकी जमीनें हड़प ली गईं और महिलाओं का शोषण किया गया। सब कुछ पुलिस और प्रशासन की मदद से हुआ। स्थिति पूरी तरह से भयावह है और इलाके में अराजकता का स्पष्ट उदाहरण है। अधिकारी ने संदेशखालि में घरों का दौरा करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बात की। वह 2007-08 में नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण-विरोधी आंदोलन के दिनों में तत्कालीन विपक्षी नेता ममता बनर्जी के करीबी विश्वासपात्र थे।

### शाहजहां की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने जताई हैरानी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को संकटग्रस्त संदेशखालि गांव का दौरा करने की अनुमति दे दी लेकिन साथ ही इस बात पर आश्चर्य जताया कि मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को अब तक राज्य पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा-यह काफी आश्चर्य की बात है कि जिस व्यक्ति को इस समस्या का मूल कारण बताया जा रहा है उसे अभी भी पकड़ा नहीं जा सका है और वह कानून तोड़कर भागा हुआ है। पीठ ने कहा कि अदालत को नहीं पता कि उसे संरक्षण प्राप्त है या नहीं, तथ्य यह है कि उसे पकड़ा नहीं गया है। एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, "इसका मतलब यह हो सकता है कि राज्य के पुलिस तंत्र के पास उसे पकड़ने के साधन नहीं हैं या (वह) राज्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# नीदरलैंड पर दबदबा बरकरार रखने को उतरेगा भारत

## एफआईएच प्रो लीगः पांच में दो मुकाबले जीते, नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर अंक किए हासिल

**राउरकेला, एजेंसी**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ इस टीम पर अपना दबदबा बनाए रखने पर होंगी। प्रो लीग में भारत ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने पांच में से अपने दो मुकाबले नियमित समय में जीते जबकि नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर बहुमूल्य बोनस अंक भी हासिल किए।

टीम ने एकमात्र मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गंवाया है लेकिन उसमें भी भारतीय टीम जीत दर्ज करने की स्थिति में थी। भारत अभी पांच मैच में 10 अंक के साथ प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है। नीदरलैंड्स नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। अर्जेंटीना के आठ मैच में 13 जबकि ऑस्ट्रेलिया के चार मैच में 12 अंक हैं। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को हालांकि दुनिया की 12वें नंबर की टीम आयरलैंड और आठवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जूझना पड़ा था। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने गुरजंत सिंह के अंतिम मिनट में दागे गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज की और फिर मैराथन शूट आउट में स्पेन को 8-7 से हराया। भारत और स्पेन 60 मिनट के नियमित समय के बाद 2-2 से बराबर थे। भारत को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में जीत दर्ज करके तीन अंक जुटाने हैं तो अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। पिछले तीन मुकाबले में प्रदर्शन भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा हो लेकिन उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भुवनेश्वर में 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद भारत ने शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की थी। मिडफील्डर हार्दिक ने कहा, पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा लेकिन दूसरे हाफ में हमने जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में खींचा। हम तब से अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त थे, विशेषकर यह देखते हुए कि हमारे पास अच्छे गोलकीपर हैं।

# हुसैन ने डकेट से कहा, बैजबॉल से नहीं जायसवाल ने कड़ी मेहनत से सीखा

**लंदन, एजेंसी**





पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजकोट टेस्ट में यशस्वी जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी को इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति से प्रभावित बताने वाले बेन डकेट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मेहमान टीम को इस बल्लेबाज से सीख लेने की जरूरत है। राजकोट में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद डकेट ने जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित करने का श्रेय इंग्लैंड की वर्तमान टीम को जाता है। इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी करने की 'बैजबॉल' रणनीति इस मैच में नहीं चल पाई और उसे 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने डकेट की टिप्पणी पर कहा कि जायसवाल को लेकर डकेट की टिप्पणी की उसने हमसे सीखा, मैं उसके बारे में बात करने जा रहा हूं। उसने (जायसवाल) आपसे नहीं सीखा है बल्कि उसने अपनी परवरिश और कड़ी मेहनत से सीखा है। उसने आईपीएल से सीखा है। हुसैन ने पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के साथ चर्चा के दौरान कहा कि अगर कुछ भी हो मैं उसे देखकर सीख लूंगा। हुसैन ने रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आत्ममंथन करने की सलाह भी दी। वे सार्वजनिक या ड्रेसिंग रूम में जो कुछ कह रहे हों, उन्हें असल में अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

## खेल डायरी

### स्पेन को हराकर भारतीय महिला टीम विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में

**बुसान, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 की जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में शीर्ष स्थान पर रहा। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में इकलौती हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमशः सुन यिंग्सा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है।

### 'लेन उल्लंघन' से गुलवीर ने गंवाया स्वर्ण पदक

**तेहरान, एजेंसी।** भारत के गुलवीर सिंह ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक गंवा दिया, क्योंकि उन्हें 'लेन उल्लंघन' से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुलवीर ने सोमवार को 3000 मीटर के फाइनल में 8 मिनट 07.48 सेकेंड का समय लेकर पहला स्थान पाया था। यह स्पर्धा ओलंपिक में शामिल नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देर रात इसके खिलाफ अपील दायर की लेकिन उसे भी नामंजूर कर दिया गया। टीम के साथ गए एक कोच ने कहा, हां, यह फैसला सुनाया गया कि गुलवीर ने लेन का उल्लंघन किया था। एएफआई ने विरोध भी दर्ज कराया लेकिन उसे नामंजूर कर दिया गया।

### ला लीगा में एथलेटिक्स बिलबाओ से हारा गिरोना

**मैड्रिड, एजेंसी।** दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना ने एथलेटिक्स बिलबाओ के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की बढ़त को कम करने का मौका गंवा दिया। गिरोना के पास रीयाल मैड्रिड की बढ़त को तीन अंक तक सीमित करने का मौका था लेकिन एलेक्स बेरेनगुएर ने दो और इनाकी विलियम्स ने एक गोल दागकर बिलबाओ की जीत सुनिश्चित की। गिरोना की ओर से विक्टर सेहानकोव और एरिक गार्सिया ने गोल किए। गिरोना की हार से ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की छह अंक की बढ़त बरकरार है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के इतने ही मैच में 56 अंक हैं।

### सिंगापुर के भारतीय मूल के 8 साल के लड़के ने पोलैंड के ग्रैंडमास्टर को हराया, बनाया रिकॉर्ड



**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ साल के अश्वथ कौशिक रविवार को स्विट्जरलैंड में बर्गडोर्फर स्टेडथॉस ओपन टूर्नामेंट में पोलैंड के शतरंज ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराकर क्लासिकल शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्वथ ने 37 साल के स्टोपा को हराया। पिछला रिकॉर्ड कुछ ही हफ्ते पहले बना था जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने बेलग्रेड ओपन में बुल्गारिया के 60 साल के ग्रैंडमास्टर मिल्को पोपचेव को हराया था। इवानोविच की उम्र अश्वथ से कुछ महीने अधिक है। फिडे विश्व रैंकिंग में दुनिया के 37,338वें नंबर के खिलाड़ी अश्वथ 2017 में सिंगापुर आ गए थे। उन्होंने कहा, मुझे अपने खेल पर और मैंने जैसा प्रदर्शन किया उस पर गर्व है, विशेषकर तब जब मैं एक समय बहुत खराब स्थिति में था लेकिन वहां से वापसी करने में कामयाब रहा। सिंगापुर के ग्रैंडमास्टर और सिंगापुर शतरंज महासंघ के सीईओ केविन गोह ने अश्वथ की उपलब्धि की सराहना करते हुए 'एक्स' पर लिखा, उसके पिता ने काफी समर्थन किया, लड़का समर्पित है, स्कूल ने लचीलापन दिखाया और निश्चित रूप से उसमें नैसर्गिक प्रतिभा है। उन्होंने लिखा, यह देखना बाकी है कि वह कितनी दूर तक जा सकता है क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लड़के की रुचि बदल सकती हैं। फिर भी हम आशांवित हैं।

# भारत के खिलाफ गेंदबाजी करने पर विचार कर रहे हैं स्टोक्स

## दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान को विचार करने पर किया विवश

**राजकोट, एजेंसी**



भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में वापसी पर विचार करने को मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है।

मैकुलम ने कहा कि यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पेल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा। इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। मैकुलम ने कहा, हमें देखना होगा कि खतरा कहां है और उसे इससे दूर करने की कोशिश करनी होगी, लेकिन यह एक अच्छा संकेत है। राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा शृंखला में गेंदबाजी नहीं करेंगे। लेकिन रविवार को तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं। मैं ज्यादातर चीजों के बारे में हमेशा आशावादी रहता हूं। मेडिकल टीम के साथ विस्तृत बातचीत होगी कि मुझ पर काम का कितना बोझ है, जिससे कि मुझे कोई बड़ा खतरा नहीं हो। राजकोट टेस्ट के दौरान स्टोक्स ने शत प्रतिशत क्षमता से ट्रेनिंग की थी और स्वीकार किया था कि उन्हें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभ्यास के एक दिन शत प्रतिशत क्षमता के साथ गेंदबाजी करने में सफल रहा, जिससे मुझे अच्छा महसूस हुआ। मुझे लगा कि मैं मैच में गेंदबाजी कर सकता था लेकिन यह बेवकूफी होती। शृंखला का पहला मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लैंड को विशाखापत्तनम में 106 रन से हार मिली, जिसके बाद राजकोट में सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और शृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। अगर यह ऑलराउंडर दोबारा गेंदबाजी करना शुरू कर दे तो इंग्लैंड की टीम को काफी फायदा होगा।

### अंपायर कॉल को हटा देना चाहिएः बेन

**रांची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे हटाया जाना चाहिए। स्टोक्स ने कहा कि मेरी निजी राय यह है कि अगर गेंद स्टंप्स से टकरा रही है, तो मैं पूरी ईमानदारी से कहूं तो अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए, लेकिन मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता, क्योंकि तब यह ऐसा लगेगा कि हम इसलिए बिलबिला रहे है कि हम हारे हैं, इसीलिए हम केवल मन मसोसकर रह गए हैं। सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद स्टोक्स ने राजकोट टेस्ट के अंत में डीआरएस पर स्पष्ट किया कि इंग्लैंड की हार का कारण उनकी तकनीक नहीं थी। अंपायर्स कॉल पर पहले भी कई खिलाड़ियों ने असंतोष व्यक्त किया है। 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जताई थी और अपनी टीम के खिलाफ ऑपयर द्वारा लिए फैसले को गलत ठहराया था। उस समय भी इस तकनीक को लेकर गर्मागरम बहस छिड़ी थी।

# रूट को नैसर्गिक तरीके से खेलना चाहिएः चैपल

**मेलबर्न, एजेंसी**





ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी।

सीनियर बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है। वह इस दौरान ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को खासकर भारत के मौजूदा दौरे पर इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है।

चैपल ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' को 'बेहद खराब रणनीति' करार देते हुए कहा कि अपने स्वाभाविक खेल से जो रूट का रिकॉर्ड कमाल का रहा है। वह अपने नैसर्गिक खेल से भी अपेक्षाकृत तेजी से रन बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह अपने खेल में इतना बदलाव क्यों कर रहा है। मैं कभी भी पहले से निर्धारित कर के शॉट खेलने की वकालत नहीं करूंगा।

### बुमराह की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने पर हुई आलोचना

टेस्ट में 11,000 से ज्यादा रन बनाने वाले जो रूट को तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलने पर आलोचना का सामना करना पड़ा था। रूट इस प्रयास में स्लिप में कैच दे बैठे। उनके आउट होते ही इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गयी। इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 224 रन था और टीम ने 95 रन के अंदर अपने आखिरी आठ विकेट गंवा दिये। इंग्लैंड इस मैच को 434 रन से हारा जो 1934 के बाद रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है।

# कड़ी मेहनत करके इस स्तर तक पहुंचा हूंः आशुतोष

**मोहाली, एजेंसी**



आईपीएल की टीम पंजाब किंग्स के नए खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने कहा कि मौका मिलने पर वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन करना चाहते हैं। आशुतोष ने कहा कि उन्होंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और खेल में गलती होने पर पर खुद को घरेलू काम करने की सजा देते हैं। मध्य प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी के चार मैचों में एक शतक लगाने वाले आशुतोष को पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी में 20 लाख की बोली के साथ टीम में शामिल किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम के आशुतोष को आर्थिक तंगी से निपटने के लिए अंपायरिंग का सहारा लेना पड़ा था। आशुतोष ने कहा कि मैंने जब क्रिकेट में करियर बनाने के लिए घर छोड़ा था तब मेरे पास ज्यादा पैसे नहीं थे। मैं शिविर में जाता था और दोपहर के खाने के लिए अंपायरिंग शुरू कर दिया था। परिवार में कमाई के सीमित संसाधन थे और खुद के बूते सब कुछ करना काफी मुश्किल था।

# आईपीएल 22 मार्च से शुरू करने की योजनाः धूमल

**नई दिल्ली, एजेंसी**





इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है। धूमल ने कहा हि हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल के पूरे सत्र का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। 2019 के आम चुनावों के दौरान इस लीग का आयोजन देश में ही हुआ था। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनजर आईपीएल के फाइनल का आयोजन 26 मई को हो सकता है। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस टूर्नामेंट का आगाज एक जून को अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगा। आमतौर पर आईपीएल का उद्घाटन मैच पिछले साल के विजेता और उपविजेता के बीच होता है।

# बॉलीवुड हलचल

## धनुष की 'रायन' का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सन पिक्चर्स ने धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक एक्स पर शेयर किया है। इस फिल्म को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन धनुष के करियर की 50 वीं फिल्म है। फिल्म रायन के पोस्टर में धनुष एप्रन पहने और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। एक हाथ में उन्होंने पेचकस पकड़ा हुआ है। फिल्म रायन का संगीत ए.आर. रहमान तैयार कर रहे हैं। फिलहाल 'रायन' के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म रायन को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।

## 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण ने वरुण तेज-मानुषी छिल्लर की फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच किया। वरुण तेज की एरियल एक्शन फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को हिंदी और तेलुगु में शूट किया गया है, जहां हिंदी ट्रेलर सलमान खान ने जारी किया. वहीं, तेलुगु ट्रेलर का अनावरण राम चरण ने किया। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज और मानुषी छिल्लर एक वायु सेना पायलट और एक रडार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' देश की वायु सेना के नायकों के अदम्य साहस और देश की रक्षा के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स द्वारा निर्मित और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट (वकील खान) और नंदकुमार अब्बिनेनी द्वारा सह-निर्मित है।

## शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया सरन वेबसीरीज शो टाइम में अभिनेत्री के किरदार में नजर आएंगी। श्रिया सरन इन दिनों शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। श्रिया सरन ने इस शो में अभिनेत्री का किरदार निभाया है। श्रिया सरन ने बताया कि मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहती थी जो मेरे बेहद करीब हो। शो में मैं एक अभिनेत्री हूं जो एक अभिनेत्री की भूमिका निभाती है। मैं करण से कई बार मिली हूं और वह बहुत प्यारे इंसान हैं। व्यावसायिक रूप से, मेरे लिए, इस प्रोजेक्ट पर धर्मेटिक्स के साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। श्रिया सरन ने इमरान हाशमी के साथ वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म आवारापन में काम किया है। श्रिया सरन लंबे अरसे के बाद इमरान हाशमी के साथ शो टाइम में नजर आएगी। श्रिया सरन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हमें एक साथ शोटाइम करने का मौका मिला। मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर भाग्यशाली हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं और कैमरे पर अविश्वसनीय दिखते हैं। मैं शो देखने के लिए उत्सुक हूं। यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है, इसमें बहुत सारे आर्क हैं, मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## शांतनु ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम के अनुभव को किया साझा



**मुंबई।** अभिनेता शांतनु माहेश्वरी ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में शांतनु माहेश्वरी ने अफसान की भूमिका निभाई। शांतनु ने हजारों फैंस और आलोचकों का दिल जीत लिया और उन्हें नीली आंखों वाला लड़का कहा जाने लगा। शांतनु माहेश्वरी ने कहा, ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि 'गंगूबाई काठियावाड़ी' दो साल की हो गई है, ऐसा लग रहा है जैसे कुछ दिन पहले ही मैं संजय सर के साथ शूटिंग कर चूका हूं और सेट पर उनसे सीख रहा था। हर कोई मुझे अफसान का किरदार निभाने के लिए याद करता है। सेट पर संजय सर जैसे किसी व्यक्ति के साथ रहना और उन्हें अपने सामने अपनी जादू की छड़ी घुमाते हुए देखना बहुत संतुष्टिदायक अनुभव था। मैं सभी कौशलों को हमेशा याद रखूंगा। शांतनु अब नीरज पांडे की फिल्म 'औरों में कहां दम था' के साथ-साथ बंगाली सिनेमा में चलचित्र से डेब्यू करते नजर आएंगे।

## फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को होगा रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता संग्राम सिंह पटेल और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर की आने वाली फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को अवध गंगा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में सचिन यादव के निर्देशन में की गई है। इस फिल्म में संग्राम सिंह पटेल, प्रतिष्ठा ठाकुर के बॉडी गार्ड के किरदार में नज़र आएंगे। अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन है। संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' बेहद खास और अन्य फिल्मों से अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका मनोरंजन हो। वे और लोगों को फिल्म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्म भी बेहद खास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### डब्ल्यूटीओ में निवेश पर चीन के प्रस्ताव पर भारत की आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में निवेश सुविधा मामले में प्रस्ताव को आगे बढ़ाने को लेकर चीन जैसे कुछ देशों के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उसका कहना है कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर का मामला है। यह मुद्दा अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में उठेगा। चार दिन की यह बैठक 26 फरवरी से शुरू होगी। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। चीन के नेतृत्व वाला 130 देशों का समूह विकास के लिए निवेश सुविधा (आईएफडी) प्रस्ताव को आगे बढ़ा रहा है। समूह इस प्रस्ताव को डब्ल्यूटीओ के समझौते से जुड़े अनुबंध-चार के माध्यम से लाना चाहता है। इसके तहत यह प्रस्ताव केवल हस्ताक्षरकर्ता सदस्यों के लिए बाध्यकारी होगा न कि उन लोगों के लिए जो इसका विरोध कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया अपनी नौसेना में युद्धपोतों को करेगा दोगुना

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने देश की नौसैना में युद्धपोतों की संख्या दोगुना से ज्यादा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलियी रक्षा मंत्री, उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने मंगलवार को इस बड़े बदलाव की घोषणा की। योजना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अपने युद्धपोतों के बेड़े को वर्तमान 11 से बढ़ाकर 26 तक विस्तारित करेगा। ऑस्ट्रेलिया भविष्य में युद्धपोतों की डिलीवरी में तेजी लाने के लिए अगले दशक में अतिरिक्त 11.1 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (7.2 अरब अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगा। मार्ल्स और कॉनरॉय ने कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा विस्तार होगा।

### बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत

**हिसार।** रोडवेज बस में बनाये गये रैन बसेरे में सोमवार रात एक बुजुर्ग की संभवत: बीड़ी सुलगाने से गद्दे में लगी आग में जलने से मौत हो गयी। पॉलिक के अनुसार मृतक की शिनाख्त उमरा गांव निवासी प्रेम (60) के रूप में हुई जो दिन में यहां हिसार बस स्टैंड पर ही रहते थे और रात में रैन बसेरे में चले जाते थे। घटना के समय प्रेम बस में अकेले ही थे। इसलिए वास्तव में क्या हुआ, बताना मुश्किल है, पर संभवत: आग प्रेम के बीड़ी सुलगने से लगी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने रैन बसेरा बस से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने बस स्टैंड चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में लगी आग को बुझाया। आग की चपेट में आने से प्रेम बुरी तरह जल गये थे, और उनकी मौत हो गयी थी।

# देश में विकसित डिजिटल कंप्यूटर प्रणाली के साथ तेजस ने उड़ान भरी

## लड़ाकू विमान उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में है सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, स्वदेशी रूप से विकसित 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' को हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एकीकृत किया गया है जो एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्वदेश निर्मित तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में सक्षम है। इसे हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' (डीएफसीसी) को प्रोटोटाइप एलएसपी-7 में एकीकृत किया गया। 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ान का संचालन किया गया। 'तेजस-एमके1ए' संस्करण के लिए डीएफसीसी को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी महत्वपूर्ण मानक और प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। कहा कि पहली उड़ान का संचालन राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र से संबद्ध विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह केएमजे (सेवानिवृत्त) ने किया।



● हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से किया डिजाइन

भारतीय वायुसेना पहले ही 'तेजस एलसीए एमके1' का संचालन शुरू कर चुकी है। विमान के उन्नत संस्करण 'तेजस एमके1ए' में उन्नत मिशन कंप्यूटर और उच्च-प्रदर्शन डिजिटल उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (डीएफसीसी एमके1ए) सहित कई आधुनिक प्रणालियां हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए इस महत्वपूर्ण प्रणाली के विकास एवं सफल उड़ान परीक्षण में शामिल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), वायुसेना, एडीए और उद्यमों की की सराहना की। सिंह ने इसे 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। तेजस विमान भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनने के लिए तैयार है जिसमें शुरुआती संस्करण के लगभग 40 तेजस पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।

## बच्चा गोद लेने का अधिकार मौलिक नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चा गोद लेने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता और इसके इच्छुक माता-पिता के पास यह चुनने का कोई अधिकार नहीं है कि किस बच्चे को गोद लेना है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने उस नियम को बरकरार रखा, जिसके तहत दो या दो से अधिक बच्चों वाले दंपति को केवल विशेष जरूरतों वाले या ऐसे बच्चों को गोद लेने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें अधिक लोग गोद लेने के इच्छुक नजर नहीं आते। अदालत ने कहा कि इस प्रक्रिया में बच्चों के कल्याण को तरजीह दी जाती है, और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के अधिकारों को इस पर तवज्जो नहीं दी जा सकती।

उच्च न्यायालय ने एक हालिया आदेश में कहा, गोद लेने के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता है और न ही इसे उस स्तर तक बढ़ाया जा सकता है जिससे पीएपी को यह विकल्प मिले कि किसे गोद लेना है। गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह बच्चों के कल्याण के आधार पर संचालित होती है। न्यायाधीश ने कहा कि गोद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है और कई निःसंतान दंपति और एक बच्चे वाले माता-पिता हैं, जो सामान्य बच्चे को गोद लेना चाहेंगे, ऐसे में विशेष जरूरतों वाले बच्चे को गोद लेने की संभावना बहुत कम हो जाती है, इसलिए उपरोक्त नियम का उद्देश्य केवल यही है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विशेष आवश्यकता वाले अधिक से अधिक बच्चों को गोद लिया जाए।

## सेवानिवृत्ति के पांच माह बाद सुनाया फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

● न्यायालय ने कहा - सेवानिवृत्ति के बाद मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य

उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में एक पंक्ति का आदेश सुनाने और सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद विस्तृत फैसला जारी करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की आलोचना की है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पांच महीने तक मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि आदेश का मुख्य अंश 17 अप्रैल, 2017 को सुनाया गया था।

इसमें कहा गया है कि न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख तक तर्क-सहित निर्णय जारी करने के लिए पांच सप्ताह का समय उपलब्ध था। पीठ ने कहा, हालांकि, 250 से अधिक पृष्ठों का विस्तृत निर्णय न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख से पांच महीने के बाद सामने आया है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि न्यायाधीश ने पद छोड़ने के बाद भी कारण बताए और निर्णय तैयार किया। पीठ ने कहा, हमारे अनुसार, सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद तक मामले की फाइल अपने पास रखना न्यायाधीश की ओर से घोर अनुचित कार्य है। इस मामले में जो किया गया है, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति टी. मथिवनन 26 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे और मामले में विस्तृत निर्णय उसी वर्ष 23 अक्टूबर को उपलब्ध कराया गया।

पीठ ने फैसले को रद्द करते हुए कहा, हम ऐसे अनुचित कृत्यों का समर्थन नहीं कर सकते हैं और इसलिए, हमारे विचार में, इस अदालत के लिए एकमात्र विकल्प विवादित फैसले को रद्द करना और मामलों को नये फैसले के लिए उच्च न्यायालय के पास वापस भेजना है। इसमें कहा गया है, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमने विवाद के गुण-दोष पर कोई निर्णय नहीं दिया है और सभी मुद्दों को उच्च न्यायालय द्वारा तय किए जाने के लिए खुला छोड़ दिया गया है।

## मातृभाषा दिवस



कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवक रंगोली तैयार करते हुए। ● एजेंसी

## भारत ने दिया 10 लाख डॉलर का योगदान

**संयुक्त राष्ट्र।** गरीबी और भूखमरी से निपटने के उद्देश्य से स्थापित किये गये एक कोष में भारत ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। इस कोष को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने गरीबी और भूखमरी उन्मूलन कोष (आईबीएसए कोष) के लिए योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) के निदेशक दिमा अल-खतीब को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंबोज ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

# श्रीनगर में हुई मौसम की दूसरी बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में यातायात बाधित

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कई स्थानों पर मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को सर्दी के मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 48 घंटों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में रविवार से भारी बारिश हो रही थी जिसके बाद आज दिन के शुरुआती हिस्से में मध्यम बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कम से कम 228 सड़कें अवरुद्ध हो गईं। गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल और घाटी के अन्य पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं जिसके परिणामस्वरूप घाटी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं से टिन की छतें उड़ने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि बारामूला जिले में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 फुट ताजा बर्फबारी हुई है।



उत्तरी कश्मीर के तंगमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी सड़क।

● हिमाचल में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 228 सड़कें अवरुद्ध

# गाजा में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत

गाजा, एजेंसी

● फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने दी जानकारी

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में इजरायल की ओर से किए जा रहे लगातार हमलों के कारण कई दिनों तक बिजली गुल होने और ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने सोमवार को दी।

अल-कैला ने कहा कि इजरायली हमले के कारण नासिर अस्पताल में उपचार करवा रहे अन्य रोगियों के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बिस्तर पर पड़े मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया और दावा किया कि इजरायली सैन्य ट्रकों द्वारा उन्हें अस्पताल से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि इजरायली बलों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल की दक्षिणी दीवार को ध्वस्त करने के बाद उस पर धावा बोल दिया। उधर, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को कहा कि उसने इजरायली सुरक्षा एजेंसी बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में सैकड़ों आतंकवादियों और अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो अस्पताल में छिपे हुए थे और कुछ चिकित्सा कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे।

## सिखों को मुसलमान समझने की भूल संबंधी पोस्ट पर मांगी माफी

**लंदन।** बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को हटाते हुए माफी मांगी है। इस पोस्ट में ऐसा लग रहा था कि सिख विद्यार्थियों को मुसलमान समझने की भूल हुई है। बर्मिंघम मेल की खबर के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा किये गये पोस्ट में कहा गया था कि इस माह के प्रारंभ में विश्वविद्यालय की सिख सोसाइटी द्वारा आयोजित 20वां 'लंगर ऑन कैंपस' कार्यक्रम इस्लामिक जागरूकता सप्ताह का हिस्सा था। विश्वविद्यालय के इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट में लंगर की तस्वीरें टैग की गयीं और 'डिस्कवर इस्लाम वीक' लिखा गया। सिख प्रेस एसोसिएशन के प्रवक्ता जसवीर सिंह ने कहा, जिन लोगों पर बर्मिंघम विश्वविद्यालय की छवि का जिम्मा है, वे विश्वविद्यालय में समुदायों को लेकर अनभिज्ञ हैं।

# अमेरिका ने भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी

● पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों का मामला

अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने मंगलवार को कहा, उनका देश एक सिख अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश के मामले में भारत से संपर्क बनाए हुए है और इसकी जांच के लिए नयी दिल्ली द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है।

विभिन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों के मद्देनजर रणनीतिक जल क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की। अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में दावा किया था कि उसने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए कथित रूप से एक भारतीय एजेंट द्वारा रची गई साजिश को विफल कर दिया। इन आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत ने 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' (ओआरएफ) द्वारा आयोजित परिचर्चा सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को रखा है। एक जांच समिति इस मामले की जांच कर रही है और हम सरकार के साथ जुड़े रहेंगे एवं उनके निष्कर्षों की प्रतीक्षा करेंगे। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया है जिसके लिए हम आभारी हैं। उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा नौसेना के जरिए लाल सागर में किए जा रहे काम और उनके द्वारा प्रदान किए गए अविश्वसनीय समर्थन की सराहना करते हैं।

## पुणे में 1100 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त तीन लोग गिरफ्तार

**पुणे, एजेंसी :** पुलिस ने करीब 1,100 करोड़ रुपये मूल्य का 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पहले 3.85 करोड़ रुपये मूल्य का करीब 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को दो गादामों का पता चला जहां और 55 किलोग्राम एमडी मिला। तीनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में एक अन्य अभियान चलाया गया और वहां एक इकाई से करीब 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया। अब तक पुलिस ने 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन बरामद किया है जो करीब 1100 करोड़ रुपये मूल्य का है।

# एआई के लिए नियमों का मसौदा जुलाई तक किया जाएगा जारी

मुंबई, एजेंसी

● एआई की क्षमता का उपयोग करेंगे दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे: सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए इस साल जून-जुलाई तक नियमों का मसौदा जारी करेगी। यहां सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनजी) के दो दिन के 'लीडरशिप' शिखर सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सरकार एआई नियमन ढांचे के मसौदे पर काम कर रही है। इसे इस साल जून या जुलाई में जारी किया जाएगा।

हमारा इरादा आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए एआई का उपयोग करना और उससे संभावित जोखिम और नुकसान का समाधान करना है। चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार एआई प्रशिक्षित व्यक्तियों को तैयार करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा, हम एआई की क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करेंगे, लेकिन दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे। आज दुनिया हमें एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मामले में अगुवा देख रही है। हम सभी खेत से लेकर कारखानों तक उपयोग के मामलों में एआई को तैनात करने के पक्ष में हैं। हम आर्थिक वृद्धि, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और किसानों की उत्पादकता के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। सरकार लंबे समय से एआई विनियमन ढांचा जारी करने की योजना बना रही है।

# पाकिस्तान में नई सरकार के गठन में गतिरोध के संकेत: बिलावल

इस्लामाबाद, एजेंसी

● शीर्ष नेताओं के बीच हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार को कहा कि यदि कोई अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं है तो उन्हें पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनने में गतिरोध की आशंका है, जो देश के राजनीतिक परिदृश्य में गहराती दरार का संकेत देता है। बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के शीर्ष नेताओं के बीच सोमवार को हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा समाप्त होने के एक दिन बाद आयी है।

पीपीपी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन को समर्थन देने के लिए राष्ट्रपति, सीनेट का अध्यक्ष और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जैसे प्रमुख संवैधानिक पदों की कथित तौर पर मांग कर रही है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, बिलावल ने उच्चतम न्यायालय में पत्रकारों से कहा कि पीपीपी और वह अपने रुख पर अड़े हुए हैं और इस बात पर जोर दिया वह इसे किसी भी कीमत पर नहीं बदलेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने संसद के ऊपरी सदन में कहा, 2018 में, नवाज शरीफ जेल में थे, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई। क्या तब यह उचित था? और उस समय कोई हंगामा नहीं हुआ था। देश के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक परिवार और पीएमएल-एन का नेतृत्व करने वाले शरीफ को 2017 में उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया था और जवाबदेही अदालत ने उन्हें 10 साल जेल की सजा भी सुनाई थी। दोषसिद्धि और सजा के कारण वह आम चुनाव नहीं लड़ सके। सिद्दीकी ने सीनेट में कहा कि यह सच है कि पाकिस्तान का चुनावी इतिहास सही नहीं रहा है और यह स्थिति कई दशकों से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई किसी भी सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे चुनावों का इतिहास वास्तव में सबसे अच्छा नहीं है। लेकिन हम 2018 के चुनावों के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने कहा, ''2018 के आम चुनावों में जो कुछ भी हुआ वह हमारे देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। जेयूआई-एफ के साथ खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की हालिया बातचीत का उल्लेख करते हुए इरफान ने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली पार्टी अन्य दलों के साथ बातचीत क्यों नहीं करती है।

## अंतरिक्ष क्षेत्र में महिला इंजीनियरों के लिए शुरू 'कल्पना फेलोशिप'

**नई दिल्ली।** स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को कल्पना फेलोशिप शुरू करने की घोषणा की। यह भारत का अपनी तरह का पहला फेलोशिप कार्यक्रम है जो विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र की महिला इंजीनियरों को समर्पित है।

हैदराबाद की 'स्टार्ट-अप' कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'कल्पना फेलोशिप' अंतरिक्ष उद्योग में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए महिला इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। बयान के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की विरासत से प्रेरित फेलोशिप एक सर्वव्यापी कार्यक्रम प्रदान करती है जिसमें मासिक राशि, प्रायोगिक ज्ञान, अनुभवी पेशेवरों से मार्गदर्शन, स्काईरूट एयरोस्पेस में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और नवीन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच शामिल है। वर्ष 2024 के लिए फेलोशिप पंजीकरण वर्तमान में जारी है।

**खगोल विज्ञान** — ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद करेगी इसकी तस्वीरें

# हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

● 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन का हो रहा निर्माण

**अमृत विचार :** ग्रह नक्षत्रों की दुनिया अजूबी है। हमारी कल्पना से परे, इनकी थाह पाना कतई आसान नहीं। तकनीकि विकास के चलते हम इनके करीब पहुंचने लगे हैं। हाल ही में हबल ने गोलाकार क्लस्टर (आकाश गंगाओं का समूह) एनजीसी 2298 को कैमरे में कैद किया है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि दूर के इस क्लस्टर से खगोल के क्षेत्र में ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

हमारे निकटवर्ती ब्रह्मांड में आकाशगंगा समूहों में कन्या क्लस्टर, फॉर्नेक्स क्लस्टर, हरक्यूलिस क्लस्टर और कोमा क्लस्टर शामिल हैं। जिन्हें हम देख सकते हैं। माना जाता है लगभग 28 क्लस्टर हैं, जिन्हें हम आसानी से देख सकते हैं। देखने में यह सभी बेहद आकर्षक लगती हैं। स्याह रातों में इनका नजारा अद्भुत होता है। इन्हें निहारने का आकर्षण अक्सर प्रेमियों में रहता है, जबकि वैज्ञानिक वर्ग इनके भीतर का सच जानने को आतुर रहते हैं और रातों को जागकर इनके बारे में जानकारी जुटाते हैं। अब जो क्लस्टर की तस्वीरें भी ले ली गईं हैं यह गोलाकार आकृति के साथ बनी हुई हैं। गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 2298 के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें हजारों तारे पारस्परिक गुरुत्वाकर्षण के साथ एक दूसरे से बंधे हुए हैं और दूर आसमान में शानदार नजारा पेश करता है। यह जानकारी खास है कि गोलाकार समूह के तारे आमतौर पर तारों की पुरानी आबादी होती है, जो इनका आवास जैसा है और ये ज्यादातर आकाशगंगाओं के धूल भरे बाहरी इलाके में रहते हैं। इस क्लस्टर को लेकर खगोलविदों का कहना है कि गोलाकार क्लस्टर के व्यवहार को समझ पाना आसान हो जाएगा। साथ ही उनकी आंतरिक गतिविधियां, कक्षाएं और उनके तारों का विकास के रहस्य को उजागर किया जा सकेगा।



क्लस्टर एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर। ● अमृत विचार

### दूरबीन से देखा जा सकेगा ब्रह्मांड का बड़ा हिस्सा

**नैनीताल, अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोलीय वैज्ञानिक डा. शशिभूषण पांडेय पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से तारों की मायावी दुनिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और अभी तक अनेकों तारों के व्यवहार व गतिविधि का रहस्य उजागर कर चुके हैं। वह कहते हैं कि इनका रहस्य समझने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक एकजुट होकर शोध कार्य कर रहे हैं। एक दूसरे के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। अब 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन (टीएमटी) का निर्माण किया जा रहा है। यह दूरबीन ब्रह्मांड के बड़े हिस्से को देख पाने में सक्षम होगी। भारत भी इस परियोजना का हिस्सा है।